सेंसेक्स 72,943.68 ▼-456.10
डॉलर 83.650 ▲+0.003

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

	अधिकतम	न्यूनतम	(न्यूनतम)
रांची	37.0	23.0	28.0
धनबाद	39.0	25.0	30.0
जमशेदपुर	42.0	24.0	33.0
पलामू	40.0	24.0	30.0

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची, चैत्र शुक्ल पक्ष 10, विक्रम संवत 2081 | रांची, गुरुवार, 18 अप्रैल 2024, वर्ष-25, अंक-76, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय | भारत की बेमिसाल विरासत से ... 08 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने रामनवमी पर ...12 | देश-विदेश

रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 69,550

चांदी (1 किलो) 90,500

आज के मैच

PUNJAB KINGS vs MUMBAI INDIANS

समय : 18 अप्रैल, 7:30 बजे से
स्थान : मुल्लांपुर

एक नजर

चतरा में नदी में नहाने गईं पांच बच्चियां डूबीं, दो की मौत

चतरा। रामनवमी के दिन बुधवार को चतरा जिले में एक बड़ा हादसा हो गया। नदी में नहाने गईं पांच बच्चियां डूब गईं, जिसमें दो की मौत हो गई जबकि तीन को बचा लिया गया। पुलिस के अनुसार सिंचाई के लिए नदी में गड्ढा खोदा गया था। उसी गड्ढे में हंटरगंज प्रखंड के डाहा गांव की रहने वाली पांच बच्चियां स्नान करने के लिए उतर गईं और डूबने लगीं। तीन बच्चियों को तो बचा लिया गया लेकिन दो की मौत हो गई।

राधाकृष्ण किशोर का राजद से इस्तीफा

पलामू। छतरपुर-पाटन के पूर्व विधायक और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता राधाकृष्ण किशोर ने पार्टी की प्राथमिक सदस्य से इस्तीफा दे दिया है। साथ ही अपने इस्तीफे की कॉपी प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव को प्रेषित कर दिया है। किशोर के साथ राजद के प्रदेश महासचिव प्रशांत किशोर एवं सचिव राजकमल तिवारी ने भी इस्तीफा दे दिया है।

पीएम पर अभद्र टिप्पणी करने वाले झामुमो नेता पर प्राथमिकी

साहिबगंज। पीएम मोदी के बारे में अभद्र टिप्पणी करने के मामले में झामुमो की केंद्रीय कार्यसमिति के सदस्य नजरूल इस्लाम के खिलाफ साहिबगंज टाउन थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। साहिबगंज नगर थाना में सदर बीडीओ सुबोध कुमार के बयान पर आचार संहिता उल्लंघन मामले और अमर्यादित भाषा का उपयोग करने के आरोप में प्राथमिकी (42/24) दर्ज की गयी है। ज्ञातव्य है कि 14 अप्रैल को साहिबगंज स्टेशन चौक पर झामुमो के धरना-प्रदर्शन के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए नजरूल इस्लाम ने पीएम के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

आजकल

रांची के प्रसिद्ध रामनवमी जुलूस का शानदार नजारा बुधवार को देखने को मिला। राजधानी के विभिन्न अखाड़ों से जुलूस शाम पांच बजे अल्बर्ट एक्का चौक पर पहुंची। यहां विशाल झंडों और अस्त्र-शस्त्र चालन का शानदार प्रदर्शन हुआ। जुलूस में मोहक झांकी के साथ भजन भी गाए जा रहे थे। कई बच्चे महाबली हनुमान के वेश में थे कोई वानर रूप में था। जुलूस तपोवन मंदिर पहुंची और पूजन के बाद देर रात अखाड़े लौटी।

जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का हुआ पहला सूर्य तिलक

एजेंसी। अयोध्या

देशभर में चैत्र रामनवमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अयोध्या में 500 साल बाद श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विराजे रामलला का सूर्य की किरणों से सूर्य तिलक किया गया। जन्मभूमि मंदिर में विगत 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का यह पहला सूर्य तिलक है। रामलला का सूर्य अभिषेक दोपहर 12 बजकर 01 मिनट पर हुआ। सूर्य की किरणें रामलला के चेहरे पर पड़ीं। करीब 75 मिमी का टीका राम के चेहरे पर बना। दुनिया भक्ति और विज्ञान के अद्भुत संगम को भक्तिभाव से निहारती रही। इस सूर्य तिलक के लिए वैज्ञानिकों ने कई महीने से तैयारी की थी। बुधवार दोपहर जैसे ही 12 बजकर 01 मिनट हुए सूर्य की किरणें सीधा श्री राम लला के चेहरे पर पहुंच गईं। 12 बजकर एक मिनट से 12 बजकर 6 मिनट तक सूर्य अभिषेक होता रहा। पूरे पांच मिनट तक यह प्रक्रिया चली।

500 साल बाद रामलला का प्रथम सूर्य तिलक

नलबाड़ी की सभा के बाद मुझे अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला। श्रीराम जन्मभूमि का ये बहुप्रतीक्षित क्षण हर किसी के लिए परमानंद का क्षण है। ये सूर्य तिलक, विकसित भारत के हर संकल्प को अपनी दिव्य ऊर्जा से इसी तरह प्रकाशित करेगा। **-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**

सूर्यकुल भूषण श्रीरामलला के ललाट पर सुशोभित भव्य 'सूर्य तिलक' आज अखिल राष्ट्र को अपने सनातन गौरव से आलोकित कर रहा है। जय जय श्री राम! **-मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**

12 बजे से हुआ जन्मोत्सव : दोपहर 12 बजे से श्री राम लला का जन्मोत्सव मनाया गया। केदार, गजकेसरी, पारिजात, अमला, शुभ, वाशि, सरल, काहल और रवियोग बने। आचार्य राकेश तिवारी ने बताया कि वाल्मीकि रामायण में लिखा है कि रामजन्म के समय सूर्य और शुक्र अपनी उच्च राशि में थे। चंद्रमा खुद की राशि में मौजूद थे। इस साल भी ऐसा ही हो रहा है। आचार्य राकेश के अनुसार, ये शुभ योग अयोध्या सहित पूरे भारत की तरक्की के मार्ग प्रशस्त करेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुताबिक सूर्य तिलक के लिए अष्टधातु के 20 पाइप से 65 फुट लंबा सिस्टम तैयार किया गया है। इसमें चार लेंस और चार मिरर लगे हैं। इसके माध्यम से सूर्य की किरणें परावर्तित होकर रामलला के मस्तक पर पहुंचीं। सूर्य तिलक के बाद कुछ देर के लिए रामलला के पट बंद कर दिए गए। सामान्य दिनों में मंदिर के कपाट सुबह 6.30 बजे खुलते हैं, लेकिन रामनवमी के अवसर पर भोर में 3.30 बजे ही मंदिर के कपाट खोल दिए गए। श्रद्धालु रात 11.30 बजे तक रामलला के दर्शन कर सकेंगे। शयन आरती के बाद मंदिर निकास मार्ग पर प्रसाद मिला। रामलला के दर्शन के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

कल्पना ने दी श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन ने बुधवार को श्रीरामनवमी पर्व पर राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने रामधारी सिंह दिनकर की कविता को उद्धृत करते हुए लिखा कि राम, तुम्हारा नाम कंठ में रहे, हृदय, जो कुछ भेजो, वह सहे, दुख से त्राण नहीं मांगू। मांगू केवल शक्ति दुख सहने की, दुर्दिन को भी मान तुम्हारी दया अकातर ध्यानमग्न रहने की। सहनशीलता, दया, कृपा, करुणा, त्याग, साहस और धैर्य के स्वामी प्रभु श्री राम सभी को स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन प्रदान करें। रामनवमी के पावन पर्व की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार। जय जय सिया राम। इसके साथ ही उन्होंने अपने ग्रुप में एक वीडियो भी शेयर किया। उन्होंने कहा कि हम सभी को यह याद रखना है कि श्री राम भगवान ने अपने युद्ध करते समय भी अपने नीति, नियमों और आदर्शों का पालन किया था। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

‘सोशल मीडिया में चल रहे अफवाहों पर ध्यान न दें’

कुछ मीडिया संस्थान भ्रामक खबर चला रहे हैं, जिसे रोका जाना चाहिए

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर लोगों से अपील की है कि रांची के हिंदपीढ़ी, लेक रोड और मेन रोड के कुछ घरों की छतों पर पिछले दिनों ईंट और पत्थर देखे जाने संबंधी सोशल मीडिया में चल रही अफवाहों पर ध्यान न दें। एक्स पर एक पोस्ट जारी कर मुख्यमंत्री ने कहा है कि छत पर ईंट-पत्थर मिलने को लेकर अफवाह न फैलायें, जिन घरों की छत पर ये सामग्री मिली है, उनके मालिक

अलग-अलग समुदायों से आते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसे लेकर कुछ मीडिया संस्थान भ्रामक खबर चला रहे हैं, जिसे रोका जाना चाहिए। उन्होंने झारखंड पुलिस को ऐसी अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ न्यायोचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

कुछ घरों की छतों पर निर्माण सामग्री मिली थी, जिसे हटवा दिया गया

मुख्यमंत्री ने कहा कि मंगलवार से कुछ सोशल मीडिया हैंडल द्वारा रांची की हिंदपीढ़ी में कुछ घरों की छत पर ईंट, पत्थर आदि होने को लेकर भ्रामक खबरें चलाई जा रही हैं। रांची पुलिस ने स्पष्ट किया है कि रूटीन चेकिंग के दौरान 10-11 घरों की छतों पर निर्माण सामग्री मिली थी, जिसे हटवा दिया गया है। इनमें से कुछ घर हाल में बने हैं जबकि कुछ अभी निमार्णाधीन हैं। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि इन घरों के मालिक विभिन्न समुदायों से आते हैं। ऐसी अफवाहों पर ध्यान ना दें।

उल्लेखनीय है कि 15 अप्रैल को जिला प्रशासन ने रामनवमी के जुलूस वाले मार्ग की सभी मकानों की छतों की ड्रोन से जांच की थी। इस दौरान लेक रोड, हिंदपीढ़ी और मेन रोड में कुछ घरों की छतों पर ईंट और पत्थर देखे गये थे। जिला प्रशासन द्वारा इसे तत्काल हटाने का आदेश दिया गया था।

अगले 5 वर्षों में गरीबों के लिए 3 करोड़ नए मकान बनाएंगे : मोदी

एजेंसी। नलबाड़ी (असम)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को असम के नलबाड़ी के चुनावी सभा में कहा कि अगले 5 वर्षों में गरीबों के लिए 3 करोड़ और नए मकान बनाए जाएंगे। बिना भेदभाव के सबको मकान दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज रामनवमी का अवसर है। 500 वर्षों के इंतजार के बाद आखिर भगवान राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं, प्रभु राम का सूर्य तिलक कर उनका जन्मोत्सव अयोध्या राम मंदिर में मनाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश सदियों के साधना और पीढ़ियों के बलिदान की सिद्धि को सेलिब्रेट कर रहा है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में आपकी उपस्थिति, यह जन सैलाब महान ब्रह्मपुत्र के विस्तार से काम नहीं है। मैं देख

जिस नार्थ ईस्ट को कांग्रेस ने सिर्फ समस्याएं दी थी, उसे भाजपा ने संभावनाओं का स्त्रोत बना दिया

रहा हूं यह पब्लिक मीटिंग तीन मंजिला है। एक तो लाखों लोग मेरे सामने बैठे हैं। दूसरे हजारों लोग उधर ऊपर सामने बैठे हैं और तीसरे सैकड़ों लोग ऊपर सड़क पर खड़े होकर संबोधन सुन रहे हैं। उन्होंने कहा कि 4 जून को नतीजा क्या होने जा रहा है, यह आज पूरा देश देख रहा है। इसलिए लोग कहते हैं, 4 जून 4 सौ पार। फिर एक बार मोदी सरकार।

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर वार करते हुए कहा, आज पूरे देश में मोदी की गारंटी चल रही है और नॉर्थ ईस्ट तो खुद ही मोदी की गारंटी का गवाह है। जिस नार्थ ईस्ट को कांग्रेस ने सिर्फ समस्याएं दी थी, उसे भाजपा ने संभावनाओं का स्त्रोत बना दिया। कांग्रेस ने अलगावावाद को खाद पानी दिया, मोदी ने पूर्वोत्तर को गले लगाने का काम किया। मोदी ने शांति और सुरक्षा के लिए प्रयास किए। पीएम मोदी ने कहा, 2014 में मोदी आपके बीच एक उम्मीद लेकर आया था। 2019 में मोदी जब आया एक विश्वास लेकर आया और 2024 में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

पीएलएफआई के एरिया कमांडर सहित दो उग्रवादी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी

खूंटी जिले में पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के कमांडर समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से कट्टा, गोली और अन्य सामान बरामद हुए हैं। पुलिस ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया कि पीएलएफआई के इन उग्रवादियों को रनिया के जंगल से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार पीएलएफआई उग्रवादियों के नाम हर्षद गुड़िया उर्फ बोगदा पाहन (24) और प्रकाश प्रमाणिक (34) हैं। पुलिस के अनुसार खूंटी एसपी को सूचना मिली थी कि रनिया थाना क्षेत्र के जलमादी गंजना के जंगल में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई का एरिया कमांडर हर्षद गुडिया उर्फ बोयदा पाहन अपने संगठन के सीनियर एवं जोनल कमांडर के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में संगठन को स्थापित करने के लिए स्थानीय ठेकेदारों से लेवी वसूलने और क्षेत्र में दहशत फैलाने की साजिश रच रहे हैं। खूंटी एसपी अमन कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर तोरपा के एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा की अगुवाई में एक छापामारी दल गठन किया। मंगलवार की रात को जलमादी से गंजना जाने वाली पक्की सड़क के किनारे जंगल में छापेमारी की। इस दौरान एक सफेद एवं नीले रंग की मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति हर्षद गुड़िया उर्फ बोगदा पाहन और प्रकाश प्रमाणिक को गिरफ्तार कर लिया। घने जंगल और रात के अंधेरे का फायदा उठाकर पीएलएफआई का जोनल कमांडर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

प्रचार के आखिरी दिन तृणमूल कार्यकर्ताओं पर हमला, वाहन तोड़े

कोलकाता। उत्तर बंगाल के कूचबिहार में पहले चरण के मतदान के लिए प्रचार के आखिरी दिन बुधवार को सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर हमले हुए हैं। तृणमूल नेता उदयन गुहा ने इसके लिए आरोप भाजपा पर लगाया है। कूचबिहार से भाजपा उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रमाणिक हैं। यहां से तृणमूल कांग्रेस के विधायक उदयन गुहा ने आरोप लगाया है कि पार्टी के कैंपेन कार पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने उस समय हमला कर दिया जब भेटागुड़ी इलाके में प्रचार अभियान चलाया जा रहा था। प्रचार वाहन में मौजूद तृणमूल कार्यकर्ताओं को भी मारा पीटा गया है। दावा है कि भाजपा के कार्यकर्ताओं ने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

टेम्पो दुर्घटना में 4 की मौत, 8 घायल

नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर

सदर प्रखंड के पोखराहा में बुधवार की शाम एक टेम्पो पलटने से चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर लालगंज निवासी एक ही परिवार के करीब एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से चार की मौत इलाज के दौरान सदर अस्पताल में हो गयी। मृतकों की पहचान शाहपुर निवासी 43 वर्षीय जुगनू बीबी, सात वर्षीय सान्या परवीन और आठ वर्षीय सायबा और एक अन्य के रूप में हुई है। बाकी घायलों का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी सदर थाना पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के क्रम में दो मासूम बच्चियां सहित चार की मौत हो गई। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

लापरवाही के कारण हुई बच्चियों सहित चार लोगों की मौत है : परिजन

मृतक के परिजनों का आरोप है कि घायलों को सदर अस्पताल में ही बचाया जा सकता था, लेकिन इलाज की समुचित व्यवस्था नहीं थी और ऑक्सीजन भी नहीं था। डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी इलाज करने के बजाय गायब हो गये। डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों के नहीं रहने के कारण क्षुब्ध परिजनों ने करीब एक घंटा तक हंगामा करते रहे। बाद में पुलिस अधिकारियों के समझाने के बाद वे सभी शांत हुए।

जमीन घोटाला मामले में झामुमो नेता अंतु तिर्की समेत 4 गए जेल

रांची। ईडी ने झारखंड के बहुचर्चित जमीन घोटाला केस में बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता अंतु तिर्की, प्रियरंजन सहाय, रियल एस्टेट कारोबारी विपिन सिंह एवं इरशाद को गिरफ्तार कर बिरसा केंद्रीय कारा भेज दिया। इनके ठिकानों पर मंगलवार सुबह छापा मारा गया था। इन सभी को देर रात रांची स्थित ईडी कार्यालय लाया गया और पूछताछ के बाद इनको गिरफ्तार कर लिया गया। इन सभी को ईडी की विशेष न्यायाधीश के समक्ष उनके मोरहाबादी स्थित आवास में बुधवार को पेश किया गया। इसके बाद चारों आरोपितों को ईडी की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इससे पूर्व ईडी ने इनसे पूछताछ के लिए सात दिनों की रिमांड मांगी, जिस पर गुरुवार को सुनवाई होगी। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

इंडिया

भारत से इंडिया बनता देश और रिश्तों की टूटती वर्जनाएं

सुनील बादल

भारत ही नहीं पूरे भारतीय उपप्रयद्वीप की पहचान संबंधों और परंपराओं के कारण है जबकि पश्चिमी देश या अनेक वाम विचारधारा के देश भौतिकतावाद या मनुष्य की उत्पादकता से संबंधों को तौलते रहे हैं। आधुनिक शिक्षा और विदेशी फिल्मों से लेकर विश्व की सिमटती दूरियों के कारण विदेशों से बढ़ते सांस्कृतिक संक्रमण से दोनों विचारधाराओं में टकराव और संबंधों में बिखराव की प्रक्रिया पश्चिमी देशों की तरह भारत में भी चल रही थी पर अब इसकी परकाष्ठा देखने को मिल रही है। हाल की एक घटना सोशल मीडिया पर छाई हुई है जिसमें दिखाया गया है कि एक व्यक्ति की मृत्यु पर अंतिम संस्कार कनाडा से वीडियो कॉल कर पत्नी और बच्चों ने किया। भारत जैसे देश में यह एक विचित्र और असामान्य घटना मानी जा रही है क्योंकि अंतिम विदाई देने दुश्मन के घर भी जाने से लोग नहीं हिचकते और कई बार सारे शिकवे-शिकायतें ऐसे मौकों पर दूर हो जाती हैं। पर क्या कनाडा से पूरे परिवार का आना इतना आसान है और पता नहीं उस परिवार की क्या मजबूरी होगी यह भी विचारणीय है। पूर्व में भी ऐसी अनेक घटनाएं घटीं जब भारत के धनाढ्य माता-पिता की मृत्यु के कई दिनों बाद विदेश में बेटे या बेटी को जानकारी मिली और वे आए तक नहीं। वैसे भारत से इंडिया बने देश में अनेक वर्जनाएं लगातार टूट रहीं हैं और नवशिक्षित या नवधनाढ्य वर्ग अपने को विश्व के विकसित देशों की तरह विकसित दिखाने के लिए बेशर्मी की सीमाएं लांघ रहा है। विवाह जैसे पवित्र संस्कार में प्री वेडिंग शूट और वरमाला के समय नववधू का सबके सामने शराब पीना या गोली चलाना शान की बात समझी जा रही है। वर्तमान में सुखवाद चरम पर है। पहले संबंधों को निभाने के लिए समायोजन किया जाता था अब तलाक या लिव इन कॉमन है। अब अवज्ञा और अनादर या वाद-विवाद को आधुनिक माना जाता है। अच्छी नौकरी ही अंतिम लक्ष्य है और दूसरे शहरों में या विदेश में रहने वाले बच्चों के पास पास माता-पिता के लिए समय नहीं है। ज्यादा कमाने के लालच के कारण एकल परिवार पहले पश्चिम में आया, जो धीरे-धीरे पूर्व तक जा पहुंचा, जहां संयुक्त परिवार की जीवन-शैली थी। युवा जोड़ों को आजादी और चिंतामुक्त जीवन तो मिला, लेकिन पोते पोती और अभिभावकों से मिलने वाला भावनात्मक लगाव छिन गया। दुखी और एकाकी अमेरिकियों की भी सोच

बदल रही है और वे संयुक्त परिवार में रहना चाहते हैं। भारत में वृद्धाश्रमों की संख्या बढ़ी है। अब मांग उठ रही है कि वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल करने वालों को सब्सिडी दी जानी चाहिए। अपने बच्चों के लिए बिना थके संघर्ष करने वाले लोगों के लिए वृद्धाश्रम डरावना यथार्थ है। बेहतर और उज्ज्वल जीवन की तलाश में पूरा जीवन निकल जाता है। उम्र बढ़ने के साथ मनुष्य बुद्धिमान और भावुक हो जाता है और कई बार इतना भावुक हो जाता है कि यह सोचने लगता है कि यह सब किसके लिए कमाया था? सामूहिक जीवन का सबसे बड़ा लाभ यह है कि हम अकेलेपन से बच जाते हैं। पश्चिमी समाज आज बहुत अकेला है। अकेलापन बहुत बड़ा दुश्मन है। वरिष्ठ नागरिक इसका प्रतिदिन सामना करते हैं। उनके पास धन और ज्ञान तो खूब है, लेकिन इसे साझा करने के लिए कोई नहीं। समाज संक्रमण के दौर से गुजर रहा है। अलग-अलग समूहों की समस्याएं भी भिन्न-भिन्न हैं। झारखंड में अनेक लोग ऐसे हैं जो यह कहते मिलते हैं कि बच्चों को कम पढ़ाते तो अफसोस रहता पर आज उनके उच्च शिक्षित बच्चों लिए यहां कोई नौकरी नहीं जिस कारण वे दूर चले गए। बच्चों या समाज से त्यागे गए, आर्थिक रूप से कमजोर लोग आश्रय से ज्यादा अपने अस्तित्व के लिए भटकते हैं। ऐसे कुछ लोगों के लिए एनजीओ और धर्मार्थ संगठन काम करते हैं। जिनके पास पैसा है, वे सेवानिवृत्ति के बाद आरामदायक जीवन के लिए भुगतान करके फाइव स्टार सुविधा हासिल करते हैं। समान विचारधारा वाले बुजुर्ग एक बड़ा-सा घर साझा करते हैं, जिससे बिजली और किराये जैसे खर्च में राहत मिलती है। साथ ही वे एक-दूसरे की देखभाल भी कर सकते हैं। ऐसा ही एक वृद्धाश्रम रांची में भी है। परिवारों की यह कथित आधुनिकता, दिखावा और बच्चों से दूरी बहुत जल्द पश्चिमी देशों की तरह मानसिक अशांति और संपाति विवाद को बढ़ाएगा जिसका असर अगली पीढ़ी के शहरी लोगों से लेकर गांवों तक पड़ेगा।

रामनवमी शोभायात्रा में डीजे वाहन दुर्घटनाग्रस्त

दो कि मौत, दर्जनों घायल

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। जिले में रामनवमी के शोभायात्रा के दौरान बुधवार को डीजे वाहन अनियंत्रित हो गया और कई लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में एक युवती और एक महिला की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। घायलों में से चार लोगों की हालत गंभीर है। सभी घायलों को आनन-फानन में सदर अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल चार लोगों को राजधानी रांची स्थित रिम्स भेज दिया गया है। मृतक की पहचान शहरी क्षेत्र के रियाडा के रहने वाले नंदकिशोर साहू की 16 वर्षीय पुत्री सोनी रानी कुमारी के रूप में किया गया है। वह बाजार समिति के पीछे रहती थी। समाचार लिखे जाने तक एक अन्य मृतक महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। उसकी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जुलूस राणा चौक से आगे बढ़ रहा था। इसी क्रम में डीजे बंधा पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर जुलूस में शामिल लोगों को रौंदते हुए आगे बढ़ गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद डीसी डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हरीश बिन जमां, डीडीसी दिलीप सिंह शेखावत सरदार अस्पताल पहुंचे और घायलों का इलाज बेहतर तरीके से करने का निर्देश दिया। घायलों में रोहन साहू, बजरंग साहू, सूरज गोस्वामी को नाजुक स्थिति देख सदर अस्पताल से रांची रिम्स रेफर किया गया है। सदर अस्पताल में 19 घायल व्यक्तियों का ईलाज किया जा रहा है जबकि, घटना के बाद लगभग दर्जनों व्यक्ति शहर के विभिन्न निजी अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं। घायलों में रंजीत साहू, मुकेश साहू, प्रियांशु कुमार, अमित कुमार, संतोष वर्मा, शिव शंकर राम, अखिलेश कुमार, अजय साहू, प्रकाश साहू, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

एक नजर

गौ माता सेवा समिति ने किया भंडारे का आयोजन

रांची। गौ माता सेवा समिति की ओर से पूड़ी, सब्जी तथा हल्वा का वितरण किया गया। इस भव्य भंडारे में 15 हजार लोगो शामिल हुए। समिति के सचिव मुकेश कुमार पोद्दार, अध्यक्ष प्रमोद बजाज एवं विक्की बजाज ने बताया कि समिति द्वारा प्रत्येक साल हजारो की संख्या में भक्तो के बीच भंडारा कराया जाता है।

गांजा और डोडा बरामद, दो गिरफ्तार

रांची। बुंडू पुलिस ने जमशेदपुर की ओर से आने वाले भारी वाहनों की चेकिंग के दौरान एक ट्रक पर लोड आयरन चिप्स/अयस्क के ऊपर बोरा में छिपाया 3 बोरा में गांजा जैसा पदार्थ (99 किलो 800 ग्राम) एवं 5 बोरा में डोडा का चूरा जैसा पदार्थ वजन बोरा सहित (25 किलो 800 ग्राम वजन) बरामद कर जब किया है। उस ट्रक के चालक चरणजीत सिंह एवं सहचालक विपन को गिरफ्तार किया है।

खलारी के जय माता दी ग्रुप ने बांटा चना, गुड़ शर्बत

खलारी। जय माता दी ग्रुप खलारी द्वारा श्री जानकी रमन मंदिर खलारी के अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता के दौरान क्षेत्र से पहुंचे रामभक्तों के बीच चना, गुड़ शर्बत बांटा गया। बच्चों के बीच चाकलेट, बिस्किट का वितरण किया गया। वितरण का शुभारंभ खलारी बीडीओ संतोष कुमार, सीओ प्रणव अम्बष्ट व थानेदार पुनि विजयकुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। आयोजन में ग्रुप के सदस्यों में सिन्नी समद, वर्षा रानी, मुन्ना देवी, रेणुका सिंह, अनिता देवी, प्रियंका ओझा, सूरज प्रधान मुंडा, संजयकुमार सिंह, नागेंद्र सिन्हा, राजेन्द्र प्रसाद, तुषार कुमार, रौशन लाल, रतन लाल, रामसूरत यादव, दिलीप साव, संजीत सिंह, गौरव राय, अभिषेक तिवारी, अभिषेक पाठक, दीपक तिवारी, सोनू पाठक, अजय वर्मा, पंकज उपाध्याय, दीपक प्रसाद, दीपक पात्रा, धरदेव मुंडा, प्रदीप उरांव, ओमप्रकाश गुप्ता, अमरदीप राय आदि का सहयोग रहा।

बेड़ो में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान उमड़ा जनसैलाब

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड में श्री रामनवमी पूजा, महासमिति के द्वारा महादानी मैदान में आयोजित रामनवमी मेला और झांकी सह शोभा यात्रा व अस्त्र शस्त्र परिचालन प्रतियोगिता के दौरान जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान झांकी, प्रदर्शन अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता व पुरस्कार वितरण के साथ समापन किया गया। जिसे लेकर व्यापक तैयारियां की गई थी। इस मौके पर श्री रामनवमी पूजा महासमिति बेड़ों के द्वारा प्रसाद के रुप में चना गुड़ का वितरण किया गया। इधर डीएसपी अखिल नीतिश कुजूर के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन के द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था कर जिला बल व महिला बल के द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखा गया। ऐतिहासिक महादानी मैदान में विभिन्न अखाड़ों के अखाड़ाधारी अस्त्र शास्त्र परिचालन प्रतियोगिता तथा झांकी प्रतियोगिता में एक से बढ़कर एक झांकी निकाली गई।

जय श्रीराम के नारों से गूंजा खलारी शहर

नवीन मेल संवाददाता। खलारी खलारी प्रखंड क्षेत्र में भगवान श्रीराम का जन्म उत्सव हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। रामनवमी के अवसर पर पूरा क्षेत्र राममय हो गया था। बाजार, चौक चौराहा रामनामी और भगवा पताकों से पटा था। मुहल्लों से अखाड़ों के लोग जय श्रीराम का उद्घोष करते रामनवमी झंडा लिए मुख्य अखाड़े में पहुंचे। श्रीजानकी रमन मंदिर के सामने मुख्य अखाडा.बनाया गया था। लोगों का आस्था और उत्साह देखते बन रहा था। अखाड़ों के खिलाड़ियों ने लाठी, तलवार आदि खेल का करतब दिखाया। इधर पहाड़ी मंदिर खलारी में बजरंगबली की पूजा के लिए सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। स्थानीय पुलिस किसी भी हालात पर काबू पाने के लिए तैयार थी। पुलिस उप अधीक्षक रामनारायण चौधरी पूरे खलारी पुलिस अनुमंडल पर नजर रखे हुए थे। अंचल अधिकारी खलारी प्रणव अम्बस्ट, प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार व खलारी थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह पूरे क्षेत्र में घूम घूमकर कार्यक्रमों का जायजा ले रहे थे। कनीय पुलिस पदाधिकारियों को सशस्त्र जवानों के साथ कार्यक्रम स्थलों पर स्टैटिक रूप से तैनात किया गया था। करीब एक दर्जन महिला पुलिसकर्मी भीड़ को व्यवस्थित करती दिखी। इधर मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविन्द कुमार अपने कनीय अधिकारियों और सशस्त्र जवानों के साथ अपने क्षेत्र के आयोजनों में मुस्तैद थे।

खलारी पहाड़ी मंदिर में पुरस्कृत हुए खिलाड़ी

खलारी। श्री जानकी रमन मंदिर से अपने-अपने रामनामी झंडों के साथ लोग खलारी के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर पहुंचे और बजरंगबली के झंडे से अपने अपने झडे का मिलान कराया। पहाड़ी मंदिर विकास कमेटी की ओर से अखाड़ों तथा खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। कमेटी की ओर से अतिथि खलारी सीओ प्रणव अम्बस्ट, बीडीओ संतोष कुमार, थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह ने खिलाड़ियों को तलवार भेंट कर सम्मानित किया। श्रद्धालुओं के लिए चना और शरबत की व्यवस्था की गई थी। अन्य अतिथियों में डीएवी खलारी के प्राचार्य डा कमलेश कुमार व अरविन्द सिंह उपस्थित थे। आयोजन में समिति के केएनपी सिंह के अलावा सुशील अग्रवाल, दिनेश पांडेय घंटु, अमरेश वर्मा, सूर्यकांत सिंह, ओमप्रकाश राय, उदय यादव, बैजनाथ प्रसाद, दिलीप मेहता, आशीष सिन्हा, भूपनाथ साव, धीरज सिन्हा, नंदलाल साव, विवेकानंद सिंह सहित समिति के अन्य लोग उपस्थित थे।

न्यूज बॉक्स

रामनवमी महापर्व पर जल सेवा का आयोजन

सिल्ली। सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुधवार को रामनवमी महापर्व के शुभ अवसर पर मेन रोड सिल्ली में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय एवं समाजसेवी दिनेश प्रसाद साहु जी के सौजन्य से गुड़ चना एवं जल सेवा का आयोजन किया गया । इस मौके पर समाजसेवी नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, नागेश्वर महतो, कार्तिक चन्द्र महतो, निशाकर महतो, गुहीराम महतो, प्रकाश मुंडा, लालू कोईरी, देवाशिष दत्ता, रबिंद्र प्रमाणिक, सादानंद सोनार, धनंजय मुंडा, शिव चरण मिस्त्री, कालीपद साहु,मनिराम दास, बिंदेश्वर महतो, पिनाकी बनर्जी, इत्यादि समाजसेवी उपस्थित थे।

भगवान श्रीराम के नारों से गूंज उठा मोरहाबादी मैदान

रांची। श्री रामनवमी के अवसर पर इस्कॉन रांची ने मोरहाबादी मैदान में भव्य नगर संकीर्तन निकाला। इस नगर संकीर्तन में इस्कॉन के भक्तों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और झूमते-नाचते हुए भगवान राम के नाम का कीर्तन किया। साथ ही, रामायण और भगवद्गीता जैसे धार्मिक ग्रंथों का वितरण किया। इस्कॉन रांची के प्रबंधक मधुसूदन मुकुंद दास ने सभी रांचीवासियों को रामनवमी की मंगल बधाई दी। साथ ही, रांचीवासियों की मंगल कामना के लिए भगवान श्री रामचंद्र से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि कलि के इस युग में केवल भगवान का शुद्ध नाम ही हमें इस भवसागर से पार लगा सकता है। उन्होंने कहा, अगर हम सच में राम राज्य की कामना करते हैं, तो हमें भगवान श्रीराम के दिखाए गए मार्गों पर चलना होगा और अपना आध्यात्मिक जीवन सफल बनाना होगा।

श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में प्रसाद का हुआ वितरण

रांची। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में महानवमी पर बुधवार को कौशलेंद्र श्रीरामचंद्र का जन्मोत्सव परंपरानुसार मनाया गया। ब्रह्ममुहूर्त में 4:30 बजे विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम, मंगलाशासनम, कराबलंबम, वेंकटेश प्रपत्ति आदि के बाद तिरुवाराधन हुआ। फिर दूध, दही, हल्दी, चंदन, गंगाजल, शहद और डाभयुक्त जल से महाभिषेक किया गया। इसके बाद वस्त्र और आभूषण से अलंकार समर्पण कर पुष्प राशियों से शृंगार निवेदन हुआ। इसके उपरांत नक्षत्र, कुंभ और कर्पूर से महाआरती की गई। सूजी हलवा, आलू पकौड़ा, फल और मेवा का भोग लगाया गया। रघुवीर गद्यत्रम, रामस्तुति, रामरक्षा स्तोत्रम, पुरुषसूक्त, श्रीसूक्त, विष्णुसहस्त्रनाम, द्वादश नाम पञ्जर स्तोत्रम और अनेकों स्तोत्रों का पाठ-पारायण हुआ। फिर गोष्ठी, शठारी, शातुमोरा और पल्लांडु के बाद भक्तों में प्रसाद बांटा गया। दिन में तीन बजे से सौ किलो चना और सौ किलो गुड़ शोभायात्रियों में बांटे गए। श्री सत्यनारायण गौतम और श्री नारायण दास ने सारे अनुष्ठान को विधिवत संपन्न कराया। आज के महाभिषेक के यजमान रांची निवासी शशिभूषण एवं वीणा सिंह थे। श्रीराम जन्मोत्सव के आयोजन में राम अवतार नारसरिया, पुलक सिंघानिया ओमप्रकाश गाड़ोदिया, रामवृक्ष साहू, अनूप अग्रवाल, रंजन सिंह अभिषेक सिंह आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

पिठोरिया में धूमधाम से मना रामनवमी का त्यौहार

पिठोरिया। पिठोरिया क्षेत्र में रामनवमी का त्यौहार बहुत धूमधाम से मनाया गया। अस्त्र-शस्त्र से लैस महिलाओं का जुलूस निकाला। जुलूस पूरे गांव का भ्रमण किया। झांकी भी निकाली गई। झांकी के साथ जुलूस पूरे गांव का भ्रमण किया, जिसका समापन दुर्गा मंदिर परिसर में हुआ। वहीं, बुधवार को झंडा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। 18 अप्रैल को झारखंड स्तरीय अस्त्र-शस्त्र चालान प्रतियोगिता का आयोजन दुर्गा मंदिर परिसर में होगा। महावीर मंडल पिठोरिया के द्वारा प्रतियोगिता में अखाड़ाधारियों से ज्यादा से ज्यादा की संख्या में भाग लेने की अपील की गई है। दूसरी ओर पिठोरिया दुर्गा मंदिर में बुधवार को नवमी पूजन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दुर्गा पूजा समिति के द्वारा गुरुवार को मंदिर परिसर में मेला का आयोजन किया गया है।

पेड़ के गिर जाने से घर हुआ क्षतिग्रस्त, पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे डॉ परमेश्वर भगत

मांडर। मांडर प्रखंड अंतर्गत ग्राम चटवल में अचानक एक पेड़ में आग लगी जिससे बालसीरिंग महली नामक व्यक्ति का घर क्षतिग्रस्त हो गया। इसकी जानकारी जैसे ही पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत को मिला इन्होंने पीड़ित व्यक्ति के घर मिलने पहुंचे और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। डॉ परमेश्वर भगत ने तत्कालीन स्थानीय अधिकारी से बात करके आपदा से संबंधित लाभ पीड़ित व्यक्ति को जल्द से जल्द मुहैया कराने का परामर्श किया।

कोडरमा में भाजपा ने सात बार हासिल की है जीत

कोडरमा। कोडरमा संसदीय क्षेत्र साल 1977 में अस्तित्व में आया था। उस समय से कई बार लोकसभा चुनाव हुए पर इसमें सबसे अधिक भाजपा ने यहां से सात बार जीत हासिल की है। इस आधार पर कहा जा सकता है कि भारतीय जनता पार्टी के लिए कोडरमा परंपरागत सीट रही है।

राममय हुआ श्याम मंदिर, भक्तों के लिए भंडारे का किया गया आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। रांची हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में रामनवमी के अवसर पर बुधवार को भक्तों का सैलाब देखने को मिला। रामनवमी पर श्याम मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था।

प्रातः काल मंदिर खुलने के बाद कोलकाता से मंगाए गए फूलों और विभिन्न प्रकार की मोटी-मोटी मालाओं से बाबा श्याम का शृंगार किया गया। हनुमान जी का दरबार आकर्षक रूप से सजाया गया। शिव परिवार एवं प्राचीन तैल चित्रों एवं गुरुजनों को भी विशेष माला का शृंगार किया गया। महास्नान कर के बाबा को रुह के मसाज करके पंचमेवा का भोग लगाया गया। साथ ही, ककड़ी, तरबूज, खीरा इत्यादि का भोग लगाकर भक्तों के बीच वितरण किया गया। रामनवमी पर हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में राम भक्तों के लिए श्री श्याम रसोई में वृहद भंडारा बनाया गया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के निर्देशन एवं देखरेख में भंडारा का आयोजन मंदिर के बाहर राम भक्तों के लिए किया गया था। 11,000 से ज्यादा राम भक्तों के लिए आलू, चना की सब्जी, आलू चौप, विभिन्न प्रकार के शरबत मंदिर के बाहर राम भक्तों के लिए तैयार किया गया था।

क्षेत्र में रामनवमी धूमधाम से मनाई गई, कई जगह मेले का हुआ आयोजन

अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले हुए पुरस्कृत

नवीन मेल संवाददाता। मांडर/चान्हो प्रखंड में राम जन्मोत्सव के अवसर पर मनाने वाला पर्व रामनवमी का त्योहार बुधवार को धूम धाम से मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में लोगो की भीड़ देखी गई। अधिकांश लोग गेरुवा वस्त्र धारण कर राम उत्सव में लीन थे। इस अवसर पर चान्हो के सोन्स, चान्हो, हुटार, चोरेया, लेपसर सहित अन्य स्थानों पर मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में लगभग सभी गांव से अखाड़ाधारी अपने अखाड़ा और ध्वज के साथ मेला में शामिल हुए और अपना खेल का प्रदर्शन किया। प्रखंड के कई स्थानों से भगवान श्री राम की झांकी भी निकाली गई। वहीं दूसरी ओर मांडर प्रखंड में भी रामनवमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। खुखरा सेल, मुड़मा, सोंसई आश्रम सहित कई स्थानों पर अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता सहित मेले का भी आयोजन किया गया। साथ ही अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अखाड़ाधारियों को आयोजन समिति की ओर से पुरस्कृत भी किया गया। आज सुबह से ही क्षेत्र के लगभग सभी मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए लोगों की भीड़ लगी थी।

सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह किया जुलूस का स्वागत

कई जगहों पर स्टाल लगाकर सामाजिक संगठन के लोगों ने जुलूस का स्वागत किया और गुड़, चना, शरबत,पानी जुलूस में चल रहे लोगो को पिलाया। वहीं सुरक्षा को लेकर प्रशासन भी काफी सतर्क रही। गौरतलब है कि त्योहार को लेकर पुलिस प्रशासन पिछले तीन दिनों से एक्टिव मोड में थी । कई चौक-चौराहों के अलावे संवेदनशील जगहों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

सिल्ली के आसपास क्षेत्र में रामनवमी का निकला भव्य जुलूस

नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली सिल्ली मुरी आसपास के क्षेत्र में बुधवार के दिन रामनवमी बड़े धूमधाम भव्य जुलूस निकाला गया। विभिन्न गांव के अखाड़े में बच्चे एवं युवा वर्ग लाठी खेल तथा विभिन्न प्रकार के करतब दिखाकर गांव वालों का मन मोह लिया। तत्पश्चात प्रत्येक गांव से जुलूस भी निकला गया। जुलूस के दौरान राम भक्त हाथ में धार्मिक झंडा लिए हुए जय हनुमान, बजरंगबली की जय, हर हर महादेव, जय श्री राम सहित और भी भक्तियुक्त नारे लगा रहे थे। डीजे की धुन पर महिलाएं एवं पुरुष भक्तगण धीरे-धीरे थिरक भी रहे थे। जुलूस में बच्चे, बूढ़े तथा युवा वर्ग के लोग शामिल थे। मुख्य सड़कों पर अरविंद कुमार एवं राजेश कुमार समाजसेवियों के द्वारा गुड़, चना तथा शरबत की व्यवस्था की गई थी जिसका भक्तजनों ने आनंद उठाया। कुछ मोहल्ला के राम भक्तों ने जुलूस का समापन टुगड़ी पहाड़ पर अपने कला का प्रदर्शन करते हुए समापन किया। भक्त जनों के लिए टुंगडी पहाड़ आकर्षण का केंद्र रहा। करतब को देखने के लिए हजारों की संख्या में भक्तजन मौजूद रहे। जुलूस के दौरान प्रशासन भी चुस्त दुरुस्त दिखी।

1100 श्रद्धालुओं ने लिया श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद

नवीन मेल संवाददाता। रांची रामनवमी एवं दुर्गानवमी पर बुधवार को 145वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन किया गया। रांची के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम के प्रांगण में संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल एवं निर्मल जालान की देखरेख में संस्था के वरिष्ठ सदस्या चंदा देवी अग्रवाल एवं संतोष देवी अग्रवाल द्वारा वहां के जरूरतमंद एव अभावग्रस्त ग्रामीणों मंदिर के आसपास के रहने वाले श्रद्धालुओं, जरूरतमंद परिवार के सदस्यों आदि के बीच 145वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर प्रसाद का वितरण किया। भंडारे के प्रसाद में छोला-भटुरा, केसरिया खीर, जलेबी, वेजिटेबल पुलाव एवं सत्तू की कचौड़ी, लीची जूस, चिप्स एवं बिस्किट का वितरण किया गया। मौके पर संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, पुर्णमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी आदि उपस्थित थे।

कांग्रेस के खिलाफ मुस्लिमों का फूटा गुस्सा

कांग्रेस भाजपा की तरह तुष्टिकरण की राजनीति करती है : शमीम

नवीन मेल संवाददाता। मांडर लोकसभा चुनाव में अबतक झारखंड में कांग्रेस पार्टी की ओर से एक भी उम्मीदवार घोषित नहीं किए जाने से मुस्लिम समुदाय में रोष भरा हुआ है। समाज के अगुआ और बुद्धिजीवी ने इसे आत्मघाती करार दिया। उनका कहना है कि साजिश के तहत मुसलमानों को राजनीतिक रुप से पंगु बनाने का काम किया जा रहा है। रांची जिला कांग्रेस ग्रामीण अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष शमीम अख्तर ने लोकसभा चुनाव में मुस्लिमों को प्रतिनिधित्व नहीं दिए जाने पर रोष व्यक्त कर कहा कि राज्य बनने के बाद यहां के आदिवासी मूलवासी और विशेष कर मुसलमानों में एक उम्मीद की किरण जगी थी कि लोकसभा और विधानसभा में मुसलमान का प्रतिनिधित्व होगा। क्षेत्रीय पार्टियों ने तो मुसलमान को टिकट देकर अपना

दामन साफ किया लेकिन देश की सबसे बड़ी पार्टी जो सेक्युलर का दावा करती है, वो झारखण्ड लोकसभा में मुसलमानों का प्रतिनिधत्व को उचित नहीं समझा और मुसलमानों के बीच एक सन्देश दिया कि वह भी भाजपा की राह में तुष्टिकरण की राजनीति करती है। श्री अख्तर ने कहा कि कांग्रेस ने मुसलमानों को सिर्फ वोट बैंक समझा। मुसलमानों की जनसंख्या सरकारी आंकड़े के अनुसार 15% है जबकि मुस्लिम बहुल साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़, गिरिडीह, जामताड़ा और देवघर है जहां मुसलमान की जनसंख्या 20% से कहीं अधिक है परंतु कांग्रेस पार्टी ने किसी भी जिला में मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया। ब्राह्मणवाद से घिरी कांग्रेस सदा अल्पसंख्यकों को धोखे में रखती और मुसलमानों को वोट बैंक समझती है। लेकिन राज्य के मुस्लिम समुदाय जागरूक हो चुके हैं यही कारण है कि अधिकांश मुसलमानों का झुकाव क्षेत्रीय पार्टियों की ओर बढ़ा है। वहीं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मो मुजीबुल्लाह ने कहा कि झारखण्ड के मुस्लिम नेता व कार्यकर्ता अब किस मुंह से अपने समाज के लोगों के पास कांग्रेस के लिए वोट मांगने जायेंगे। क्या झारखण्ड में एक भी मुस्लिम नेता नहीं है जो लोकसभा में अपने समाज और क्षेत्र का प्रतिनिधि कर सकें? क्या कांग्रेस सचमुच में मुस्लिमों को डिस्पोजल समझ बैठी है?

हिन्दूगढ़ी चौक में हुआ अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

खलारी। खलारी महावीर मंडल द्वारा खलारी के केडी हिन्दूगढ़ी चौक में मंगलवार रात अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। खलारी में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का यह 35वीं वर्षगांठ था। इससे पहले वर्ष 2019 में यहां पर यह प्रतियोगिता हुई थी। कोविड 19 बीमारी के कारण 2020 में प्रतियोगिता का आयोजन रोकना पड़ा। तब से यह प्रतियोगिता बंद थी। पांच साल बाद फिर से इस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ है। आयोजन को लेकर हिन्दूगढ़ी चौक तथा पूरे केडी रोड को रामनामी झंडों से पाट दिया गया है। प्रतियोगिता आरंभ होने से पहले अतिथियों ने हिन्दूगढ़ी चौक में विधिवत पूजन किया व नारियल फोड़ा। मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक खलारी रामनारायण चौधरी व खलारी थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह ने आयोजन समिति के पदाधिकारियों के साथ तलवार भांज कर अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

नारी शक्ति की प्रतीक हैं मां दुर्गा : रेखा सहाय

टीवी कलाकार रेखा सहाय चैती दुर्गा पूजा महोत्सव में हुई शामिल

नवीन मेल संवाददाता। रांची प्रख्यात टीवी कलाकार रेखा सहाय बुधवार को राजधानी के डोरंडा स्थित काली मंदिर रोड पर आयोजित चैती दुर्गा पूजा समारोह में शामिल हुईं। इस अवसर पर रेखा सहाय ने चैती दुर्गा पूजा आयोजन समिति के सभी पदधारियों व सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा की पूजा-अर्चना से अद्भुत ऊर्जा मिलती है। कहा कि मां दुर्गा नारी शक्ति की प्रतीक है। शक्ति की देवी दुर्गा की आराधना से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने मां दुर्गा से प्रार्थना करते हुए देश, राज्य व समाज की खुशहाली की कामना की। गौरतलब है कि रेखा सहाय पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की धर्मपत्नी हैं। मौके पर चैती दुर्गा पूजा आयोजन समिति की ओर से रेखा सहाय सहित अन्य महिला सामाजिक कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर काली मंदिर रोड डोरंडा चैती दुर्गा पूजा आयोजन समिति के संयोजक व पूर्व पार्षद दीपक राम सहित बड़ी संख्या में पुरुष-महिला श्रद्धालु मौजूद थे।

राममय हुई रांची, तपोवन मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

रामनवमी शोभायात्रा में दिखा रामभक्तों का उल्लास

नवीन मेल संवाददाता रांची। रामनवमी के मौके पर राजधानी रांची बुधवार को पूरी तरह राममय हो गई। शहर भगवा रंग में रंग गया। रांची के ऐतिहासिक तपोवन मंदिर में सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं की कतार लग गई थी। हाथों में बजरंगी झंडा और सिर पर रामनामी लिये भक्तों की भीड़ मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए घंटों लाइन में खड़ी दिखी। इधर, रामनवमी शोभायात्रा में मयार्दा पुरुषोत्म श्रीराम के लाखों भक्तों की भीड़ उमड़ी। श्री महावीर मंडल रांची के नेतृत्व में समस्त रांची के लाखों रामभक्तों का सैलाब मेनरोड रांची में जय श्री राम, जय हनुमान का जय घोष करते हुए अस्त्र-शस्त्र, झंडा झांकी, घोड़ा गाड़ी, बाजा गाजा के साथ तपोवन मंदिर पहुंचा। रामनवमी शोभायात्रा के आयोजन का नेतृत्व श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू एवं मंत्री दीपक ओझा किया। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में छोटे और मध्यम आकार के झंडे लेकर रामभक्त चल रहे थे। पांच सौ से अधिक विशाल ध्वज भी शोभयात्रा में शामिल हुए। कई जगहों पर अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। पंडरा, बजरा, पिस्का मोड़, रातू रोड क्षेत्र से आने वाली शोभायात्रा का नेतृत्व श्री महावीर मंडल रांची के मंत्री दीपक ओझा एवं सह मंत्री प्रेम चौधरी ने किया। इस क्षेत्र से आने वाली अन्य शोभायात्रा का नेतृत्व सनातन पंचायत के ललित नारायण ओझा, श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष जय सिंह यादव ने किया। बड़गाई, बरियातू, मोरहाबादी क्षेत्र से आने वाली शोभायात्रा का नेतृत्व श्री महावीर मंडल रांची के उपाध्यक्ष राज किशोर, डॉ जीवधान प्रसाद, डॉ बीरेंद्र साहू, संजय सोनी, प्रकाश चंद्र सिन्हा ने किया। डुमरदग्गा बूटी मोड़, बांध गाड़ी, कोकर, लालपुर, थड़पखना की ओर से आने वाली शोभायात्रा का नेतृत्व कुणाल सिंह, निक्की सिंह, दिलीप स्वर्णकार, रमेश गोप, रणधीर रजक, रमेश सिंह, युवराज पासवान तथा श्री महावीर मंडल रांची के वरीय उपाध्यक्ष राजा सेन गुप्ता ने किया। पुंदाग, अरगोड़ा, हरमू क्षेत्र से आने वाली शोभायात्रा का नेतृत्व वहां के अध्यक्ष मंत्री के अलावा राकेश सिंह, सुभाष साहू, नंदलाल शर्मा तथा श्री महावीर मंडल रांची के सह मंत्री गोपाल सोनी कर रहे थे। चुटिया, नामकुम, बहुबाजार, चर्च रोड आदि क्षेत्र से आने वाली शोभायात्रा का नेतृत्व कैलाश केसरी, सुनील सहाय तथा चुटिया महावीर मंडल के अध्यक्ष मंत्री एवं विजय साहू आदि ने किया। हिंदीपीढ़ी, मल्लाह टोली आदि क्षेत्र से निकलने वाली शोभायात्रा का नेतृत्व लंकेश सिंह, राजीव रंजन मिश्रा, राहुल सिंह चंकी, भैरव सिंह, दिनेश सोनी रमेश केडिया रामानुज शर्मा कर रहे थे। महावीर चौक तथा आसपास के क्षेत्र से निकलने वाली शोभायात्रा का नेतृत्व श्री महावीर मंडल रांची के सह मंत्री उदय रविदास तथा कोषाध्यक्ष प्रमोद सारस्वत ने किया। श्री प्राचीन हनुमान मंदिर महावीर चौक से निकलने वाली शोभायात्रा का नेतृत्व पूर्व अध्यक्ष विजय बर्मन, यदुनाथ पांडे, शंकर साहू, लीलू आदि राम भक्त कर रहे थे। इसी प्रकार, रांची के अन्य क्षेत्रों से निकलने वाली शोभायात्रा का नेतृत्व वहां के पदाधिकारी तथा श्री महावीर मंडल रांची के पदाधिकारी ने किया। सभी क्षेत्रों से आने वाली शोभायात्रा का मिलाप मेन रोड में दिन में लगभग 4:30 बजे हुआ। यहां पर हरेक क्षेत्र से आने वाली शोभायात्रा का स्वागत श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू के सफल नेतृत्व में किया गया। मेन रोड से शोभायात्रा तपोवन मंदिर पहुंची, जहां अखाड़ाधारियों ने पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात सभी अखाड़ेधारी अपने-अपने विभिन्न परंपरागत मार्गो से होते हुए वापस अपने अखाड़ा की ओर चले गए।

सुप्रभात

मतदान हमारा विशिष्ट अधिकार ही नहीं, हमारा नागरिक कर्तव्य भी है। आपके घरों के पास सभी बूथों पर शुद्ध पेयजल, शौचालय सहित दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। बिना भय, लालच या बहकावे के अपने मताधिकार का प्रयोग करें, ताकि एक स्वस्थ और मजबूत सरकार बने। मतदान के दिन बूथ में नाम खोजने में परेशानी न हो, इसके लिए वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर अपना वोटर आइ कार्ड सत्यापित कर लें।

लोकेश कुमार मिश्रा
उपायुक्त, खूंटी।

रात्रि आठ बजे उमड़ी भीड़, पर पुलिस बल का रहा अभाव

नवीन मेल संवाददाता रांची। तपोवन मंदिर में रात्रि आठ बजे राम भक्तों की भीड़ अचानक से बढ़ गई। भीड़ के अनुरूप पुलिस बल का अभाव देखने को मिला। जबकि, सीएम के आगमन तक पुलिस बल की पूरी तैनाती थी। सिटी एसपी से इस संदर्भ में फोन करने पर कोई जवाब नहीं मिला।

तपोवन लगा रहा मेला : रामनवमी पर हजारों की संख्या में रामभक्त तपोवन मंदिर पहुंचे। वहां पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में रंगा दिखा। हर तरफ लाल-पीला रंग का झंडा लहराता रहा। सभी अखाड़ों के प्रस्थान करते ही पुष्पवर्षा की गई। विशाल ध्वज को फहराने के लिए निश्चित जगह निर्धारित था। बच्चों के लिए हर तरह के झूले तथा खाने-पीने के कई स्टॉल लगाए गए थे।

भारत बनेगा हिंदू राष्ट्र : सीपी सिंह

रांची विधायक सीपी सिंह ने तपोवन मंदिर में पूजा के दौरान रामभक्तों से कहा कि भारत को हिंदू राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता है। इस पर वहां मौजूद सभी रामभक्तों में उत्साह की लहर देखने को मिली। रामभक्तों ने जय श्रीराम के नारे से विधायक सीपी सिंह का अभिवादन किया। मौके पर रांची के सांसद संजय सेठ ने रामनवमी पर सभी रामभक्तों को शुभकामनाएं दी।

कई जगह लगे सेवा शिविर

रांची। विभिन्न संस्थाओं ने शहर में कई जगहों पर रामभक्तों के लिए चना, गुड़, पानी, शरबत, खीर, हलवा आदि का वितरण किया। अंजुमन प्लाजा, डेली मार्केट के मुस्लिम समुदाय द्वारा महावीर मंडलों का स्वागत किया गया। अल्बर्ट एक्का चौक में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने वहां से गुजरने वाले सभी अखाड़ों का स्वागत किया। इनमें बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट, केसरवानी वैश्य समाज समेत कई संगठनों ने विभिन्न अखाड़ाधारियों का स्वागत करते हुए चना, गुड़ दयिा एवं शरबत पिलाया। वहीं, जेसीआई मंच की ओर से राम भक्तो पर पुष्प वर्षा की गई।

चना-गुड़, शर्बत का हुआ वितरण

पालकोट सहदेव परिवार, किशोरगंज चौक : पालकोट सहदेव परिवार रामभक्तो के लिए सेवा शिविर लगाया। देवी मंडप का प्रसाद,शरबत रामभक्तों के बीच वितरण किया गया। सेवा शिविर में कृतिमान सहदेव, लाल आदित्य नाथ सहदेव, गंगानाथ सहदेव, रामराम सहदेव, वेद नाथ सहदेव, सक्षम सहदेव, युवराज सहदेव, रूद्र सहदेव आदि शामिल थे।

विवेकानंद यूथ फाउंडेशन, हरमू : फाउंडेशन ने खोइहा संचालन के लोगों को भगवा गमछा देकर सम्मानित किया। साथ ही, श्रद्धालुओ के बीच शरबत, चना बांटे। कार्यक्रम में अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, रूपा कुमारी, सोनम कुमारी, शुभम मंत्री, मनोज कुमार शामिल थे।

जेनरिक फैमिली फाउंडेशन, न्यू मार्केट चौक रातू रोड : फाउंडेशन के दर्जनों सदस्यों ने रामभक्तों का स्वागत किया। भक्तों को शरबत, बुंदिया, बदामदाना, चना और ओआरएस दिया गया। शिविर में अध्यक्ष मनीष वर्मा, सतेंद्र गुप्ता, राजेश चौबे, अजय चौधरी, बिंदु गुप्ता, उदय प्रकाश लाल आदि शामिल थे।

भारतीय नवयुवक संघ : भारतीय नवयुवक परिषद संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह के अध्यक्षता में सेवा शिविर में सुबोधकांत सहाय शामिल हुए।

चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति : चद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की ओर से अलबर्ट एक्का चौक के सामने विशाल पंडाल बनाया गया। इसमें राम, सीता, लक्ष्मण और हमुमान का मंदिर बनाया गया था। रामभक्त हनुमान के वेशभूषा में वहां आए सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया।

रामनवमी के भव्य जुलूस के दौरान जहां रामभक्तों की अपार भीड़ में चलना दूभर था, वहीं महात्मा गांधी (मेन रोड) पथ पर डेली मार्केट थाना के करीब एक रामभक्त योग मुद्रा में लीन था।

इंडी गठबंधन के गढ़ में नरेंद्र मोदी का भी नहीं चलता है जादू

उपेंद्र गुप्ता। रांची

झारखंड का राजमहल लोकसभा सीट एक ऐसा सीट है, जहां से 2014 और 2019 में भी पीएम नरेंद्र मोदी का जादू नहीं चला दोनों बार झामुमो के विजय हांसदा ने जीत दर्ज की। लेकिन इस बार मुकाबला त्रिकोणीय होने का आसार हैं, झामुमो के बोरियो विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने पार्टी से बगावत करते हुए निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। वहीं भाजपा ने नए चेहरे ताला मरांडी को मैदान में उतारा है। कांग्रेस-झामुमो का गढ़ है राजमहल झारखंड के साहिबगंज और पाकुड़ जिले को मिलाकर राजमहल लोकसभा सीट का गठन किया गया है। यह सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। राजमहल लोकसभा सीट में कुल 6 विधानसभा सीटें हैं। साहेबगंज जिला के अंतर्गत तीन विधानसभा क्षेत्र राजमहल, बोरियो और बरहेट विधानसभा क्षेत्र हैं, जबकि पाकुड़ जिला के तीन विधानसभा क्षेत्र लिट्टीपाड़ा, पाकुड़ और महेशपुर शामिल हैं। राजमहल लोकसभा सीट के चार विधानसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं और दो सामान्य विधानसभा सीटें हैं। राजमहल सीट पर कांग्रेस ने 8, झामुमो ने 5, भाजपा ने दो बार और बीएलडी और जनता पार्टी ने एक-एक बार जीता है।

हार की हैट्रिक लगा चुके हैं हेमलाल

2019 में राजमहल लोकसभा सीट पर झामुमो के विजय कुमार हांसदा ने जीत दर्ज की थी। उन्होंने भाजपा के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी हेमलाल मुर्मू को 99,195 वोटों से हराया था। 2014 के आम चुनाव में राजमहल लोकसभा सीट पर वर्ष 1353467 मतदाता दर्ज थे. उस चुनाव में झामुमो प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा ने कुल 3,79,507 वोट हासिल कर जीत दर्ज की थी। भाजपा प्रत्याशी हेमलाल मुर्मू को 3,38,170 वोट हासिल हुआ था। वे 41,337 वोट से हार गे थे। 2009 के लोकसभा भाजपा प्रत्याशी ने देवीधन बेसरा ने 1,68,357 वोट पाकर जीत हासिल की थी। देवीधन बेसरा को तब झामुमो पार्टी के उम्मीदवार हेमलता मुर्मू को हराया था, जिन्हें 1,59,374 वोट मिला था। हेमलाल मुर्मू को 8,983 वोट से पराजय का सामना करना पड़ा। इस तरह हेमलाल मुर्मू तीन बार लगातार हार का स्वाद चखा, एक झामुमो के टिकट पर तो दो बार भाजपा के टिकट पर चुनाव हारते रहे। इस बार वे झामुमो का दामन थाम चुके हैं।

भाजपा-झामुमो के बीच मुकाबला

राजमहल लोकसभा सीट पर झामुमो और भाजपा के बीच ही मुकाबला होता आ रहा है। इस बार भाजपा ने ताला मरांडी को अपना उम्मीदवार घोषित किया है और वे पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। राजमहल से झामुमो के विजय हांसदा दो बार सांसद चुने जा चुके हैं और उनकी स्थिति काफी मजबूत मानी जाती है। वहीं ताला मरांडी बोरियो विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर 2005 और 2014 में चुनाव जीत चुके हैं। 2019 में भाजपा ने उनका टिकट काट दिया था और इसके बाद आजसू के टिकट पर विधानसभा का चुनाव लड़ा था। लेकिन वे चुनाव हार गए। ताला मरांडी 2016 में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी बनाए गए थे, लेकिन तीन चार माह ही रह पाए थे। उस समय ताला मरांडी एक बड़े विवाद में फंस गए। जिसके बाद उन्हें बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी गंवानी पड़ी। इस मामले ने तूल पकड़ लिया, जिसके बाद उन्हें न सिर्फ प्रदेश अध्यक्ष का पद गंवाना पड़ा था।पार्टी लाइन से हटकर सीएनटी-एसपीटी एक्ट के बारे में बयान देने को लेकर भी पार्टी उनसे नाराज हो गई थी।

लोबिन हेम्ब्रम बनाएंगे त्रिकोणीय मुकाबला

झामुमो के बोरियो विधायक लोबिन के तेवर इस बार बेहद कड़ा दिख रहा है। पार्टी के फैसले से वे काफी नाराज हैं। इस बार वे खुद राजमहल से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन पार्टी ने विजय हांसदा को फिर से टिकट दे दिया, जिसका विरोध करते हुए लोबिन ने खुद निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। लोबिन संथाल में कद्दावर नेता माने जाते हैं और आदिवासियों के बीच उनकी काफी पकड़ मानी जाती है। लोबिन 1932 के खातियान आधारित स्थानीय नीति और नियोजन नीति को लेकर काफी मुखर रहे हैं।

भाजपा प्रत्याशी को 9 वोट से मिली थी जीत

1957 में पहली बार राजमहल सीट पर लोकसभा के लिए चुनाव हुआ। तब कांग्रेस के पाइका मुर्मू ने जीत हासिल की। 1962 में झारखंड पार्टी के ईश्वर मरांडी ने कांग्रेस के पाइका मुर्मू को हरा कर जीत दर्ज की। 1967 में ईश्वर मरांडी कांग्रेस में शामिल हो गए और दोबारा जीत दर्ज की। 1971 में भी जीत दर्ज कर ईश्वर मरांडी ने हैट्रिक मारी। 1977 में भारतीय लोकदल के अंथोनी मुर्मू ने जीत दर्ज की थी।1980 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार सेठ हेंब्रम सांसद चुने गए। इसके बाद 1984 में कांग्रेस के सेठ हेंब्रम दोबारा जीत हासिल की। 1989 और 1991 में झामुमो के साइमन मरांडी ने जीत दर्ज की।

1996 में कांग्रेस ने इस सीट पर फिर से कब्जा जमाया और थॉमस हांसदा ने जीत दर्ज की। 1998 में पहली बार भाजपा उम्मीदवार सोम मरांडी ने इस सीट पर जीत दर्ज की, तब वे महज 9 वोट से ही जीते थे। सोम मरांडी को 1,98,889 वोट मिला,तो थॉमस हांसदा को 1,98,880 वोट मिला था। 1999 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने कब्जा जमाया। 2004 में इस सीट पर झामुमो के हेमलाल मुर्मू ने जीत दर्ज की।

एक नजर

ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने की पूजा-अर्चना

जमशेदपुर। ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास ने बुधवार को रामनवमी के मौके पर सिद्धगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर स्थित श्रीराम मंदिर में पूजा अर्चना की। साथ ही यहां महावीरी पताका का भी पूजन किया। उन्होंने सभी राम श्रद्धालुओं को रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और उनकी पत्नी मीरा मुंडा ने नवरात्र के मौके पर दिशक्ति की पूजा अर्चना की। इस मौके पर अमरप्रीत सिंह काले, कृष्ण शर्मा काली, फानी महतो, मनोज काउंटिया राजकुमार श्रीवास्तव अनिल सिंह गणेश सोलंकी उपस्थित थे।

अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

दुमका। जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में 25 वर्षीय आदिवासी युवती ने मीर हुसैन (26) पर शादी का झांसा देकर लगातार यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। थाने में मामला दर्ज होते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है और आरोपी मीर हुसैन को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल पीड़िता ने थाने में जो आवेदन दिया है उसके अनुसार उसके पिता की मौत हो चुकी है और वह दिल्ली बेंगलुरु जैसे महानगर में जाकर काम कर अपनी आजीविका चलाती थी। जब लॉकडाउन हुआ उस वक्त उसे अपने घर शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में लौटना पड़ा। इसी बीच उसे आधार कार्ड बनाने की आवश्यकता पड़ी। आधार कार्ड बनाने के लिए वह अपने गांव के कुछ ही दूर स्थित दूसरे गांव में जब गई तू वहां उसकी मुलाकात 26 वर्षीय मीर हुसैन से हुई। मीर से बात चीत हुई और फोन नंबर का आदान प्रदान हुआ। धीरे-धीरे बातचीत करते हुए वे दोनों एक दूसरे के करीब आ गए। मीर हुसैन ने यह वादा किया कि वह मुझसे शादी करेगा और इस वादे के बाद वह लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। इसी क्रम में मीर ने मेरा कुछ अश्लील फोटो ले लिया था।

झामुमो अपने कार्यकर्ताओं को दे रही है गुंडागर्दी के संस्कार : गीता कोड़ा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

सिंहभूम सांसद सह भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने झामुमो पर तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि महिलाएं जब भी काम करना चाहती हैं, झामुमो के विधायक और उनके गुंडों हमेशा काम पर बाधा डालते हैं। झामुमो की सरकार में कोई भी सुरक्षित नहीं है। झामुमो की सरकार कभी आदिवासी मूलवासियों का उत्थान नहीं कर सकती है। गीता कोड़ा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि झारखंड की निरंकुश व तानाशाह झामुमो सरकार को जवाब देने के लिए भाजपा को वोट करना चाहिए। सिंहभूम की जनता भाजपा को वोटकर झामुमो को करारा जवाब देगी। क्योंकि वह विकास के हर मोर्चे पर फेल है। गीता कोड़ा ने कहा कि उनके द्वारा अनुशंसित योजनाओं के लाभ को जनता तक पहुंचने में झामुमो के लोग हमेशा बाधा उत्पन्न करते रहे। जब मैंने इसका विरोध किया तो उल्टे ही मुझे विकास विरोधी कहा गया। सरकारी विरोधी तक कहा गया। लेकिन जनता की समस्या उठाना मेरा फर्ज है। इसे निडरता से करती रहूंगी। मेरे काम के रास्ते में रोड़े अटकाये गये। मैंने जनता के हित में कई अनुशंसाएं की थीं। इससे झामुमो वालों की ओछी मानसिकता उजागर होती है। अब तो वे लोगों को डराने धमकाने भी लगे हैं। वह हमेशा दबाव की राजनीति करती है।

विकास के हर मोर्चे पर झामुमो फेल : गीता कोड़ा ने कहा कि जेएमएम की सरकार विकास के हर मोरचे पर फेल है। गरीब गुरबों की आशाएं टूट गयीं। बेरोजगारी बढ़ गयी। लोग पलायन को विवश हैं। झामुमो वालों के पास कोई विजन नहीं है। केंद्र सरकार प्रधानमंत्री आवास की योजनाओं के पैसा झारखंड सरकार को भेजती है झारखंड सरकार उसे रोक देती है। भाजपा सरकार में मिला है महिलाओं को सम्मानगीता कोड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं को कई सम्मान दिये जा रहे हैं। महिला समूह के के खातों में सीधा पैसा पहुंच रहा है। जिससे महिलाएं अपने अपने घर परिवार के साथ गांव का भी विकास कर रही है। झामुमो की सरकार कभी महिलाओं का विकास नहीं चाहती है। श्रीमती कोड़ा ने कहा कि हो भाषा को द्वितीय राजभाषा का दर्जा दिलाने के लिए उनका भी समर्थन था।

रामनवमी के अवसर पर बुधवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन राजधानी में मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न शिविरों का दौरा किया और लोगों से मिल उन्हें बधाई दी। उनके साथ झामुमो व कांग्रेस के नेता भी मौजूद रहे।

राजद कार्यालय में पूर्व पीएम चंद्रशेखर की जयंती मनाई गई

नवीन मेल संवाददाता। रांची

पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की जयंती प्रदेश राजद कार्यालय में मनाई गई । इस अवसर पर मुख्य रूप से राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव,उपाध्यक्ष अनीता यादव, श्रमिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुधीर गोप,जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो,शालिग्राम पांडेय,नंदन यादव,यशवंत यादव, कमलेश यादव,राम इकबाल चौधरी, मैनेजर राय,कमलेश यादव,विशाल कुमार,प्रेम कुमार,मनोज यादव सहित कई लोगो ने तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया । महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर को युवा तुर्क नेता थे, वे सादगी जीवन के साथ प्रखर समाजवादी एवं बेवाक प्रवक्ता थे। देश की एकता और अखंडता तथा सामाजिक परिवर्तन के लिए श्रद्धेय चंद्रशेखर जी का लंबी पदयात्रा एक मिसाल कायम किया था । उनके विवेकशील कार्यशैली और धर्मनिरपेक्षता व विकसित समाजवादी विचारधारा के लिए देश सदैव याद करेगा।

सरयू राय ने भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू के खिलाफ पीएम को लिखी चिट्ठी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भाजपा के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धनबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा के घोषित प्रत्याशी के कतिपय कारनामों से अवगत करना चाहता हूँ। धनबाद संसदीय क्षेत्र के भाजपा के घोषित प्रत्याशी, संप्रति बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक हैं। बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के लेदीडुमर गाँव (मौजा संख्या 116) के किसानों ने दो दिन पहले मुझे पत्र लिखकर अपनी पीड़ा से अवगत कराया है। किसानों का कहना है कि इस संबंध में वे धनबाद के उपायुक्त और झारखंड के राज्यपाल को भी क्रमशः 17अक्टूबर2022 और 23 मार्च 2022 को अवगत करा चुके हैं। उनकी और आसपास के कतिपय गाँवों की 50 एकड़ से अधिक रैयती जमीन और इससे अधिक सरकारी जमीन पर विधायक ढुलू महतो ने जबरन कब्जा में ले लिया है और घेराबंदी कर दिया है। घेराबंदी के भीतर के ह्यपुना महतो सेवा संस्थान के बैनर तले, कौशल विकास केन्द्र चला रहे हैं। चहारदीवारी के भीतर गांव का सार्वजनिक मंदिर भी है। किसानों ने अपने पत्र में जिसे उन्होंने धनबाद के उपायुक्त को दिनांक 17 अक्टूबर 2022 को लिखा है और बाद में राज्यपाल को उन्होंने दिनांक 23 मार्च 2022 को पत्र भेजकर अपनी पीड़ा से अवगत कराया है। बताया है कि बाघमारा अंचल के लेदीडुमर (मौजा संख्या 116), चिटाही एवं दरिदा (मौजा संख्या 120) के साथ ही मुराईडीह गांव के रैयतों की पुस्तैनी जमीन पर भी बाघमारा विधायक ने जबरिया कब्जा कर लिया है। जब वे अपना हक मांगते हैं तो उन्हें धमकी मिलती है और झुठे मुकदमों में फंसा दिया जाता है। ग्रामीणों का पुस्तैनी हनुमान मंदिर, सरकारी तालाब, सरकारी चापाकल, सरकारी जमीन तथा कतिपय आदिवासी जमीन को भी विधायक ने अपने कब्जा में ले लिया है। धनबाद के उपायुक्त को प्रेषित पत्र में जो विवरण उन्होंने दिया है उसका प्रासंगिक अंश मैं हूबहू संलग्न कर रहा हूँ। ग्रमीणों ने मुझे प्रेषित पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि इसके लिए इन्होंने 17 अक्टूबर 2022 को उपायुक्त, धनबाद के कार्यालय के समक्ष तथा दिनांक 23मार्च 2022 को झारखंड के राज्यपाल महोदय के कार्यालय के समक्ष अर्द्धनग्न प्रदर्शन भी किया, परंतु उन्हें न्याय नहीं मिल पाया।

दीपिका पांडे सिंह के विरोध में उतरे प्रदीप यादव के समर्थक

नवीन मेल संवाददाता। दुमका

विधायक प्रदीप यादव की जगह दीपिका पांडे सिंह को गोड्डा लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन प्रत्याशी बनाये जाने का विरोध शुरू हो गया है। खासकर सरैयाहाट प्रखंड में मामलें को लेकर काफी उबाल देखा जा रहा। बुधवार को सेकड़ों की संख्या में कार्यर्ता मतीन अंसारी और अशोक यादव के नेतृत्व में दुमका पहुंच जिलाध्यक्ष और प्रदेश प्रवक्ता के सामने आबादी के हिसाब से टिकट की मांग की। कार्यकताओं ने दो टुक में साफ कह दिया की अगर कांग्रेस आलाकमान पुनर्विचार नहीं करती है तो सेकड़ों की संख्या में वेलोग सामूहिक रूप से पार्टी छोड़ देंगे। दीपिका को टिकट के साथ पार्टी की अंदुरुनी राजनीति भी अब खुल कर दिखने लगी है। वहीं कांग्रेस नेता रामदिवस जायसवाल ने कहा की विधायक प्रदीप यादव एक लोकप्रिय नेता है, पार्टी को आपसी खींचातान से बचते हुए उनका इस्तेमाल करना चाहिए था। लेकिन पार्टी ने उन्हें किनारा कर दिया जिसका खामियाजा पार्टी को भुगतना पड़ेगा।

झारखंड में पांच सीटों से 'फर्स्ट टाइमर' पहुंचेंगे संसद

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड में इस बार लोकसभा का चुनाव पिछले चुनावों से कई मायनों में अलग है। यह पहली बार है, जब राज्य की 14 लोकसभा सीटों पर 20 निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की किस्मत दांव पर लगी है। इनमें नौ लोकसभा सांसद, एक राज्यसभा सांसद और 10 विधायक शामिल हैं। मौजूदा लोकसभा सांसदों में निशिकांत दुबे गोड्डा सीट से लगातार चौथी बार संसद पहुंचने की लड़ाई लड़ रहे हैं, जबकि पलामू से बीडी राम, जमशेदपुर से विद्युत वरण महतो और राजमहल से विजय हांसदा के सामने हैट्रिक लगाने का मौका है। कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी, खूंटी से अर्जुन मुंडा, गिरिडीह से चंद्रप्रकाश चौधरी और सिंहभूम से गीता कोड़ा लगातार दूसरी बार संसद पहुंचने के लिए मैदान में हैं।

राज्यसभा के सांसद समीर उरांव इस बार लोहरदगा से लोकसभा पहुंचने की दावेदारी कर रहे हैं। राज्य के नौ विधायकों को बड़ी पार्टियों ने इस बार लोकसभा की जंग में उतारा है। इनमें हजारीबाग सीट पर भाजपा के मनीष जायसवाल और कांग्रेस के जयप्रकाश भाई पटेल, गोड्डा सीट पर कांग्रेस की दीपिका पांडेय सिंह, धनबाद में भाजपा के ढुल्लू महतो, सिंहभूम में झामुमो की जोबा मांझी, गिरिडीह में झामुमो के मथुरा महतो, कोडरमा में सीपीआई एमएल के विनोद सिंह, दुमका में भाजपा की सीता सोरेन और झामुमो के नलिन सोरेन शामिल हैं। इनके अलावा झामुमो के एक विधायक लोबिन हेंब्रम राजमहल सीट से निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरने का ऐलान कर चुके हैं। 2019 में लोकसभा चुनाव जीतने वाले पांच 'योद्धाओं' को इस बार चुनावी पिच पर बैटिंग का मौका नहीं मिल पाया है। इनमें पिछले चुनाव में राज्य में सबसे ज्यादा मतों से जीत दर्ज करने वाले धनबाद के सांसद पीएन सिंह भी शामिल हैं। इनके अलावा जिन सांसदों को इस बार चुनाव मैदान से बाहर होना पड़ा है, उनमें हजारीबाग से जयंत सिन्हा, चतरा से सुनील सिंह, दुमका से सुनील सोरेन और लोहरदगा से सुदर्शन भगत शामिल हैं।

राज्य में बड़ी पार्टियों ने इस बार सबसे ज्यादा संख्या में महिला उम्मीदवार उतारे हैं। भाजपा ने सिंहभूम से गीता कोड़ा, कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी और दुमका से सीता सोरेन को उतारा है तो दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन ने गोड्डा से दीपिका पांडेय सिंह, पलामू से ममता भुइयां, धनबाद से अनुपमा सिंह और सिंहभूम से जोबा मांझी को टिकट दिया है। इस तरह 14 लोकसभा सीटों पर बड़ी पार्टियों ने कुल सात महिला प्रत्याशी उतारे हैं।

यह बात भी तय मानी जा रही है कि राज्य की पांच सीटों से इस बार संसद में 'फर्स्ट टाइमर' चेहरा पहुंचेगा। धनबाद में भाजपा के ढुल्लू महतो और कांग्रेस की अनुपमा सिंह के बीच मुकाबला माना जा रहा है। दोनों में से किसी की जीत हो, संसद के लिए 'फर्स्ट टाइमर' होंगे। चतरा में भाजपा के कालीचरण सिंह और कांग्रेस के केएन त्रिपाठी के बीच मुख्य संघर्ष माना जा रहा है। दोनों में से किसी ने पहले संसद की दहलीज पर बतौर सांसद कदम नहीं रखा है। इसी तरह हजारीबाग में भाजपा के मनीष जायसवाल और कांग्रेस के जेपी पटेल, लोहरदगा में भाजपा के समीर उरांव और कांग्रेस के सुखदेव भगत, दुमका में भाजपा की सीता सोरेन और झामुमो के नलिन सोरेन में चाहे जिसकी भी जीत हो, वे पहली बार लोकसभा पहुंचेंगे। इस बार बड़ी पार्टियों ने चार पूर्व विधायकों पर भी दांव लगाया है। इनमें राजमहल सीट पर भाजपा की ओर से ताला मरांडी, लोहरदगा में कांग्रेस की ओर से सुखदेव भगत, चतरा में कांग्रेस के केएन त्रिपाठी और खूंटी में इसी पार्टी के कालीचरण मुंडा शामिल हैं।

10 सांसदों और 10 विधायकों भविष्य दांव पर

गलत नीतियों से पार्टी झारखंड में हाशिए पर पहुंची : राधाकृष्ण किशोर

नवीन मेल संवाददाता। पलामू

राजद की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने यह नारा दिया था कि हमारी पार्टी समाज के सभी वर्गों (एटूजेड) की पार्टी है। वहीं दूसरी ओर पलामू लोकसभा के चुनावी अभियान को शुरू करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता गौतम सागर राणा कह रहे हैं कि मोदी चुनाव जीतते हैं तो देश ब्रह्मणवाद की ओर मुड़ जायेगा। लोकसभा चुनाव के अवसर पर गौतम सागर राणा के बयान स्पष्ट है कि राजद एटूजेड की पार्टी नहीं है। ऐसी ही गलत नीतियों के कारण झारखंड में आज हाशिए पर पहुंच गई है। यह स्थापित सत्य है कि किसी भी राजनैतिक संगठन के लिए विश्वास एक बड़ी पूंजी है। यदि पार्टी से कार्यकर्ताओं और जनता का विश्वास उठ जाए तो फिर वैसे राजनैतिक दल स्वयं को जनता के बीच स्थापित नहीं कर सकता है। ज्ञातव्य है कि कुछ दिन पहले झारखंड के वरिष्ठ एवं अनुभवी नेता गिरिनाथ सिंह को बड़े ही ताम-झाम के साथ राजद में शामिल कराया गया था। गिरिनाथ सिंह चतरा लोकसभा से चुनाव लड़ना चाहते थे। पार्टी में शामिल करवाने के बाद चतरा लोकसभा से गिरिनाथ सिंह को प्रत्याशी नहीं बनाया गया। यदि गिरिनाथ सिंह को चतरा से लोकसभा सीट पर प्रत्याशी बनाया जाता तो स्वर्ण मतदताओं में एक अच्छा संदेश जाता। गठबंधन के तहत मात्र पलामू लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने से प्रदेश राजद के कार्यकर्ता अपने को ठगा-ठगा महसूस कर रहे हैं। राष्ट्रीय जनता दल का समाजिक न्याय और सभी वर्गों के उत्थान के सिद्धातों से प्रभावित होकर मैंने वर्ष 2020 में राजद की सदस्यता ग्रहण की थी। वर्ष 1995 में झारखंड क्षेत्र के 13 विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज करने तथा 15 सीटों पर दूसरा स्थाना प्राप्त करने वाली पार्टी राजद वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में मात्र एक सीट पर ही सिमट कर रह गई। फलस्वरूप पार्टी कार्यकताओं में निराशा-हताशा की भावना व्याप्त हो गयी। प्रदेश राजद कार्यकताओं का मानना था कि दो चार विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने से पार्टी संपूर्ण झारखंड राज्य में स्वयं को विस्तारित नहीं कर सकती है।

पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर ने राजद की प्राथमिक सदस्यता छोड़ी

मात्र पलामू सीट पर चुनाव लड़ने से राजद कार्यकर्ता ठगा-ठगा महसूस कर रहे हैं

एक नजर

जिले में उत्साह और उमंग के साथ मनायी गयी रामनवमी

रामगढ़। जिलाभर में 17 अप्रैल को रामनवमी पूजा की धूम रही। इस मौके पर शहर सहित जिलाभर में विभिन्न पूजा समितियों द्वारा आकर्षक झांकियों का निर्माण करवाया गया। साथ ही भव्य जुलूस का आयोजन किया गया। जुलूस में शामिल लोगों ने जुलूस के दौरान हैरत में दाल देने वाले करतब दिखाया। रामनवमी के मौके पर रामगढ़ युवा संघ, श्री श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पूजा समिति, श्री श्री रामनवमी पूजा समिति , पुरनी मंडप पूजा समिति सहित अन्य समितियों ने आकर्षक झांकियों का निर्माण करवाया। वहीं रामनवमी को लेकर विभिन्न पूजा समिति और अखाड़ों द्वारा भव्य जुलूस का आयोजन किया गया जो देररात तक चलता रहा।

रामनवमी पूजा को लेकर गोरहर पुलिस ने शिलाडीह में किया फ्लैग मार्च

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाया जा रहा है। वहीं पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर प्रशासन मुस्तैद है।इस निमित बीडीओ रोशमा डुंगडुंग,गोरहर थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह अपने दल बल के साथ शिलाडीह पंचायत अंतर्गत गोरहर थाना से होते हुए लेम्बुआ, बनवारी, शिलाड़ीह, नीचे टोला, डोंडहरा,शिलाडीह काली मंडा में फ्लैग मार्च कर पर्व को शांति पूर्वक संपन्न कराने में सभी लोगों को सहयोग करने का अपील किया। मौके पर काफी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस बल शामिल थे।

बरकट्ठा मुख्य सड़क में अवस्थित सभी एटीएम सेवाएं बाधित, ग्राहक परेशान

बरकट्ठा। जीटी रोड स्थित बरकट्ठा बाजार में तीन एटीएम लगाए गए हैं। जिसमें सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, टाटा हिताची और एक बरकट्ठा चौक के पास है। सभी एटीएम में पैसे की घोर कमी विगत कई दिनों से चल रही है। वहीं ग्राहकों को पैसे निकासी के लिए अत्यधिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि एटीएम खुले जरूर रहते हैं लेकिन राशि की निकासी नहीं होगी। एटीएम में पैसे नहीं है तो नोटिस बोर्ड भी नहीं लगाई जाती है। ग्राहक एटीएम मशीन में अपना डेबिट कार्ड डालते हैं, जब राशि नहीं निकलता है तो निराश हो कर लौट जाते हैं।

पेड़ में फांसी लगाकर युवक ने की खुदकुशी जांच में जुटी पुलिस

बरही। बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत दुलमाहा स्थित महुआ पेड़ में फांसी लगाकर युवक ने खुदकुशी कर ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद बरही थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दी है। युवक की पहचान दुलमाहा के ही रहने वाले 26 वर्षीय रोहित कुमार यादव पिता बुलाकी यादव के रूप में हुई है। परिवार के लोगों ने बताया कि उनके घर मे कोई नही था, सभी लोग एकादशा कार्यक्रम में गए थे।

प्राचीन दुर्गा मंदिर कुरूम में भक्तिभाव से महानवमी पूजा संपन्न

लीगढ़ा में हवन कार्य के साथ नौ दिवसीय महायज्ञ की पूणार्हुति

गिद्दी। रेलीगढ़ा में बुधवार को श्री शिव, हनुमान, राधा कृष्ण, राम दरबार का वार्षिक नौ दिवसीय महायज्ञ का पूणार्हुति हो गया। इसके पूर्व यज्ञाचार्य शंकर पांडेय, अरुण पांडेय, सुनील पांडेय और बालकिशुन पांडेय ने वैदिक मंत्रोचार के साथ हवन कार्य कर महायज्ञ की पूणार्हुति कराया। वहीं यजमान दुर्गा शर्मा, रेखा देवी, सुदामा शर्मा, प्रमिला देवी, लक्ष्मी साव, वसंती देवी, सुरज साव और जानकी देवी ने नौ कन्याओं का श्रृंगार सामग्री, वस्त्र आदि देकर कुंवारी कन्या का पूजन किया। इसके बाद कलश विसर्जन किया गया। इस अवसर पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष गूंजन साव, सचिव विकास ओझा, अरविंद उपाध्याय, श्याम सुंदर पांडेय, अभिषेक उपाध्याय, विनित सोनी, सतीश कुमार, दिलीप सिंह, रवि वर्मा, सोनू महतो, हर्ष सिंह, रिंकू साव, महेंद्र, यज्ञ समिति के सदस्य और अनेको महिला पुरुष उपस्थित थे।

राम की भक्ति में डूबा रामगढ़

माता सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना से भक्तों की मनोकामनाएं होती हैं पूरी : मिथलेश

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़

प्राचीन दुर्गा मंदिर कुरूम में प्रत्येक वर्ष पुजारी मिथलेश तिवारी की देखरेख में चैती दुर्गा पूजा का भक्तिभाव के साथ आयोजित की जाती है। पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल रहता है। इस वर्ष भी वहां चैती दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया है। बुधवार को माता के 9वें स्वरूप सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना यजमान सीताराम सिंह ने पुजारी मिथलेश तिवारी की देखरेख में संपन्न किया । मौके पर पुजारी मिथलेश तिवारी ने कहा कि माता सिद्धिदात्री के कई नाम हैं। जिनमें आणिमा, लघिमा, प्राप्ति, महिमा, इशित्व, सृष्टि, भावना, सिद्धि आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि माता सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना से भक्तों की लौकिक और पारलौकिक सभी तरह की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। साथ ही उनकी पूजा अर्चना से व्यक्ति के सभी प्रकार के कष्ट दूर हो जाते हैं। मनुष्य को हमेशा अपने धर्म के प्रति आस्था रखनी चाहिए ताकि इससे ही जीवन में हर तरह की सुख व शांति मिलती है। बुधवार से सुबह से मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी रही थी। लोग पूजा अर्चना के लिए मंदिरों व शिवालयों में लंबी कतार लगाये थे। चैती दुर्गा पूजा भक्तीमय वातावरण में समाप्त हो गया। चैती दुर्गा पूजा को सफल बनाने में अमित कुमार सिंह, दीपनारायण सिंह, अवधेश सिंह, ललन सिंह, कुश सिंह, पंकज सिंह, सुमंत सिंह, रितेश सिंह, विपुल सिंह, रोशन सिंह, कृष कुमार, आदित्य सिंह, संतोष मुंडा, उदय मुंडा, तन्मय सिंह, अनुभव सहित सभी लोग योगदान दे रहे हैं।

रामनवमी शोभायात्रा में रास्ता को लेकर हुआ विवाद

नया रास्ता नहीं तो वोट नहीं : ग्रामीण

- आचार संहिता के कारण नया रास्ता नहीं : एसडीपीओ
- पिछले वर्ष के जुलूस रूट पर जुलूस निकलने की पूर्ण अनुमति, लेकिन रूट में नया परिवर्तन नहीं होगा
- ग्रामीणों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने की बात कही

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा

प्रखंड के झुरझुरी पंचायत में रामनवमी का जुलूस पूर्व निर्धारित रूट के अनुसार निकालने की अनुमति नहीं मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष जुलूस के रूट में परिवर्तन किया गया था।जबकि उससे पहले का रूट अलग था। ग्रामीण व जनप्रतिनिधि वर्षों से चले आ रहे निर्धारित रूट अनुसार जुलूस घूमने की अनुमति प्रशासन से मांग रहे हैं। इस निमित्त प्रशासन और ग्रामीणों के बीच तीन बार बैठक हुई और बात नहीं बनी। वहीं एसडीपीओ सुरजीत कुमार का कहना है कि आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए पिछले वर्ष का ही रूट मान्य होगा। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से मार्ग परिवर्तन संबंधित किसी प्रकार का आदेश प्राप्त नहीं है इसलिए वही रूट मान्य होगा जो ठीक पिछले वर्ष का है। आचार संहिता के कारण किसी भी हाल में नया रास्ता देने की अनुमति नहीं दी जायेगी। इस संबंध में बुधवार को झुरझुरी के ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों की बैठक हुई और प्रशासन से पूर्व रूट की अनुमति नहीं मिलने पर आक्रोश जताया। इस बढ़ते विवाद को देखते हुए ग्रामीणों ने कहा कि नया रास्ता नहीं तो हमलोग वोट नहीं देंगे। वहीं पंसस प्रतिनिधि रामेश्वर महतो ने कहा कि हमारे यहां हिंदू मुस्लिम या अन्य किसी प्रकार का विवाद नहीं है। हम सब भाईचारे एवं प्रेम से रहते हैं। उन्हें पूर्व वर्षों के रूट पर जुलूस घूमने से कोई परेशानी नहीं है। लेकिन प्रशासन के द्वारा अनुमति नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्दी हम लोग हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटायेंगे, इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके बाद जो निर्णय होगा वह मानेंगे। वहीं स्थानीय ग्रामीण लालमोहन प्रसाद ने कहा कि हमारे यहां 50 वर्षों से रामनवमी पूजा हो रही है। हर बार हम लोग जीटी रोड होते हुए जुलूस निकाले हैं, जिसका लाइसेंस भी है, लेकिन कुछ कारण से पिछले वर्ष रूट में परिवर्तन किया गया। अब प्रशासन दबाव डालकर हम लोगों का जुलूस बाधित कर रही है। गांव में लोग पूजा पाठ करना बंद कर दिए हैं। इसे पब्लिक में आक्रोश है। लोगों ने कहा इस मामले में तत्काल चुनाव आयोग को संज्ञान लेना चाहिए और वर्षों से चले आ रहे जुलूस रूट पर जुलूस घूमने की अनुमति देना चाहिए। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष राजकुमार चौधरी, सचिव दीपक कुमार ,कोषाध्यक्ष बिट्टू यादव, मुखिया प्रतिनिधि सुखदेव यादव, भीम प्रसाद, वार्ड सदस्य सहदेव प्रसाद समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के समापन पर दुगोला कार्यक्रम का हुआ आयोजन

सांस्कृतिक कार्यक्रम से मन के दूर होते हैं विकार : पूर्व विधायक

- ऐसेआयोजन से निश्चित तौर पर लोगों में भगवान के प्रति आस्था और विश्वास बनता है

नवीन मेल संवाददाता। बरही

बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के ग्राम बुंडू में चल रहे श्री श्री 1008 शिव पार्वती सह हुनमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ 2024 के समापन के अवसर पर दुगोला कार्यक्रम का आयोजन हुआ।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि आज भी हमारे देश में पुरानी संस्कृति जीवित है। इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से निश्चित तौर पर भारत की सभ्यता साफ झलकती है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से मन के विकार दूर हो जाते हैं। पूर्व विधायक ने महायज्ञ समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से निश्चित तौर पर लोगों में भगवान के प्रति आस्था और विश्वास बनता है, इसलिए जीवन को खुशहाल बनाए रखने के लिए पूजा पाठ करना जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान बुंडू निवासी इन्दरदेव यादव ने दहेज प्रथा पर प्रहार करते हुए अपने बेटे की शादी दहेज मुक्त करने का निर्णय लिया। जिससे बुंडू के ग्रामीण खुश नजर आये। वही पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने इस पुनीत कार्य हेतु इन्दर देव यादव को माला पहनाकर सम्मानित किया।

रामनवमी महासमिति के सदस्यों के साथ डीसी-एसपी ने की बैठक

मैत्रीपूर्ण माहौल में रामनवमी मनाने का लिया निर्णय

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग

रामनवमी 2024 को लेकर बुधवार को पुलिस कप्तान के आवासीय कार्यालय परिसर में उपायुक्त नैन्सी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में महासमिति के अध्यक्ष,विभिन्न अखाड़ा समितियों के सदस्यों तथा पूर्व महासमिति के अध्यक्षों के साथ आपसी तालमेल एवं सहयोग के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर बैठक की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने अब तक की तैयारियों तथा विभिन्न महासमितियों के कर्तव्यों व दायित्वों के संदर्भ में विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने बताया कि सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की तरफ से रामनवमी 2024 के बाबत विस्तृत दिशानिर्देश उपलब्ध करा दिए गए हैं। प्रशासन हर संभव बेहतर रामनवमी संपन्न कराने को लेकर तैयार है, इसलिए सभी सदस्यों को दिए गए दायित्वों व दिशानिदेर्शों के अनुरूप मैत्रीपूर्ण माहौल में पूजा संपन्न कराने को लेकर तैयार रहने का निर्देश दिया।

न्यूज बॉक्स

समाजसेवी अनूप भाई ने विभिन्न अखाड़ों में भगवा ध्वज, लाठी व गमछे का किया वितरण

हजारीबाग। जिले के बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के कई प्रखंडों में विश्व विख्यात रामनवमी के शुभ अवसर पर समाजसेवी अनूप भाई ने सभी रामनवमी अखाड़ों में जाकर भगवा गमछा, लाठी व भगवा ध्वज का वितरण कर शुभकामनाएं दी।कहा कि भगवान राम का जन्म रावण के अत्याचारों को खत्म करने के लिए हुआ था, वे मर्यादा पुरुषोत्तम भी कहलाए।उन्होंने रामभक्तो से नशा मुक्त रामनवमी मनाने की अपील भी की। मानने की अपील की। वितरण का कार्य इचाक प्रखंड के दरिया, बरका, कलाद्वार, कुरह, गूंजा, छावनी, कुटुमसुकरी, साडम, बोंगा पेठियाबाघी में किया गया। बोंगा में समाजसेवी अनूप भाई का जय श्री राम के पट्टे से स्वागत भी किया गया। मौके पर दरिया क्लब से पवन मेहता,कालाद्वार से उमेश चंद्रवंशी, अनूप चंद्रवंशी, करण कुमार, कुरह से नरेश मेहता, गूंजा से प्रदीप मेहता, साडम से शैलेश कुमार सिंह, बलवंत कुमार सिंह, उपेंद्र कुमार सिंह, रूपेश ठाकुर समेत कई राम भक्त मौजूद थे।

कटकमसांडी प्रखंड में दूसरा सहयोग सेवा समिति के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

हजारीबाग। युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के द्वारा कटकमसांडी प्रखंड में सेवा सहयोग समिति का दुसरा कार्यालय खोला गया है जिसका उद्घाटन मंगलवार को कटकमदाग प्रमुख विनिता कुमारी ,विजय राम मुखिया प्रतिनिधि, उदय साव विजय भोगता, मोहन पासवान, रोहित रविदास, अनिल भोगता द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर आसपास के कई लोग मौजूद रहे क्षेत्र के बुजुर्ग महिला एवं पुरुषों की भी संख्या सेवा सहयोग समिति कार्यालय के उद्घाटन समारोह में काफी देखने को मिला। कटकमसांडी प्रखंड के ग्राम वासियों को अब अपनी समस्याओं को लेकर भटकने की आवश्यकता नहीं उनकी समस्याओं का निवारण हेतु सेवा सहयोग समिति का दूसरा कार्यालय खोला गया है । इस कार्यालय में ब्लॉक संबंधित, बिजली,पानी संबंधित जैसी अन्य समस्याओं का सीधा निवारण किया जाएगा। युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने कहा कि वहां की जनता को तकलीफ ना हो इसके लिए मैं लगातार प्रयासरत हूं। इसी दृष्टिकोन से सेवा सहयोग समिति का दूसरा कार्यालय खोला गया है इस कार्यालय अंतर्गत प्रखंड की समस्त समस्याओं का निवारण किया जाएगा। ग्राम वासियों की सेवा के लिए हम उनके साथ हमेशा सदैव खड़े हैं।

हवन पूजन व कुंवारी कन्या पूजन के साथ संपन्न हुआ बासंती नवरात्र

बरही । बुधवार को हवन पूजन व कुंवारी कन्या पूजन के साथ बासंती नवरात्रि संपन्न हुआ. इस अवसर पर खोडाहर, बरसोत, गोरिया करमा आदि दुर्गा मंडप परिसर में महाबीरी झंडा मिलन आयोजित किए गए. जिसमें विभिन्न गांव के लोगो ने पारंपरिक तरीकों से लाठी का करतब दिखाया. मौके पर मंडप परिसर में मेले का भी आयोजन किया गया था. जिसका बच्चों ने जमकर लुत्फ उठाया. इधर महारामनवमी को लेकर आज सुबह से ही मंदिरों में भक्तो की भीड़ लगी रही. बजरंग बली सहित उनके पताकों की पूजा करने के लिए पूरे दिन भक्तों का जत्था उमड़ता रहा. भीड़ को देखते हुए प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट था. जगह जगह पर पुलिस तैनात किया गया था. एसडीपीओ सुरजीत कुमार स्वय गश्ती में लगे हुए दिखे. इसके अलावा एसडीओ, सीओ सहित सभी प्रशासनिक अधिकारी शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तत्पर रहे.

बरकट्ठा में रामनवमी महापर्व को लेकर निकाली गई भव्य मोटरसाइकिल शोभायात्रा

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाई जा रही है।वहीं महानवमी तिथि अर्थात बुधवार को सुबह 11:00 बजे बरकट्ठा दुर्गा मंदिर से भव्य मोटरसाइकिल यात्रा निकल गई। शोभा यात्रा में प्रखंड के सैकड़ो युवक अपनी बाइक के साथ क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान लोगों ने जय श्री राम,बजरंगबली की जय आदि नारे जमकर लगाए।वहीं युवकों ने अपने हाथ में महावीरी झंडा लेकर खूब लहराया जिससे मार्ग भगवामय दिखने लगा। शोभा यात्रा बरकट्ठा दुगार्मंदिर से प्रारंभ होकर गोरहर थाना एवं गोरहर थाना से बरकट्ठा हाई स्कूल,बरकट्ठा हाई स्कूल से बुढ़िया माता मंदिर तक निकाला गया ।यात्रा में जिप प्रतिनिधि व समाजसेवी सी के पांडेय, बरकट्ठा उत्तरी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव, विहिप प्रखंड इकाई बरकट्ठा के अध्यक्ष संजय यादव ,सुरेश कुमार पांडेय, बरकट्ठा रामनवमी पूजा के शोभा समिति के अध्यक्ष उपेंद्र यादव ,महेश मंडल, सुरेश राम, रिंकू माली समेत सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल थे। वहीं प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शोभायात्रा शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

शुकरा उरांव की हत्या के मामले में पड़ोसी युवक गिरफ्तार

गिद्दी। गिद्दी पुलिस ने बुंडू निवासी शुकरा उरांव की हत्या के मामले में पड़ोसी युवक तालो मांझी को गिरफ्तार किया है। गिद्दी पुलिस ने बताया कि थाना प्रभारी कुंदन कुमार के नेतृत्व में गिद्दी थाना की टीम ने घटना स्थल पर पहुंच कर अनुसंधान शुरू किया। तब अनुसंधान के क्रम में पता चला कि शुकरा उरांव की हत्या उसके पड़ोसी युवक तालो मांझी ने किया है। क्योंकि पिछले कुछ वर्षो से शुकरा उरांव तालो मांझी की पत्नी के साथ दुर्व्यवहार कर रहा था। इस वर्ष होली के दिन भी शुकरा उरांव ने उसकी पत्नी के साथ दुर्व्यवहार किया था।

पीटीपीएस न्यू मार्केट स्थित लकी ज्वेलर्स में लगी आग लाखों का हुआ नुकसान

पतरातू। पीटीपीएस न्यू मार्केट स्थित लकी ज्वेलर्स में बुधवार को दोपहर में आग लग गई। जिससे न्यू मार्केट क्षेत्र में भारी अफरा तफरी मच गई। जानकारी होते ही मार्केट क्षेत्र के व्यवसाई और दुकानदार घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। इसी बीच समाजसेवी बापी मुखर्जी और मुखिया किशोर कुमार महतो ने इस घटना की सूचना पीवीयूएनएल के दमकल विभाग को दी। इसके तुरंत बाद दमकल की टीम दमकल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। किंतु तब तक ज्वेलरी दुकान का एसी और कीमती फर्नीचर जल चुके थे। दूसरी और आगलगी के बावत लकी ज्वेलर्स के संचालक गौतम कुमार और सौरभ कुमार ने बताया कि यह आग लगी शॉर्ट सर्किट के कारण हुआ है। इससे लाखों रुपए का सामान की क्षति हुई है। किंतु तिजोरी में ज्वेलरी रखे जाने के कारण ज्वेलरी का कोई नुकसान नहीं हुआ। इधर आग पर काबू पाने में दमकल कर्मियों के अलावा बापी मुखर्जी, किशोर कुमार महतो, जितेंद्र कुमार पांडेय, रवींद्र कुमार आदि ने भी भरपूर योगदान दिया।

यूथ विंग ने लड्डू का वितरण कर मनाया श्री राम जन्मोत्सव

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग

यूथ विंग ने रामनवमी के अवसर पर लगातार तीसरे वर्ष लड्डू महाभोग का वितरण कर रामनवमी का उत्सव धूमधाम से मनाया। 251 किलो लड्डू का वितरण किया गय, जिसमें सवा पांच किलो का एक लड्डू बनाया गया था। कार्यक्रम में अलौकिक राम दरबार बनाया गया जिसकी पूजा अर्चना पुजारी रोशन पांडे के द्वारा कराया गया वहीं यजमान स्वरूप संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन एवं उनकी धर्मपत्नी लता जैन ने पूजा अर्चना किया। मौके पर सदर विधायक मनीष जायसवाल सहित कई अन्य लोगों ने उपस्थित होकर लड्डू भोग का वितरण रामभक्तों के बीच कर सबों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी। इस दौरान हजारीबाग यूथ विंग द्वारा आगंतुक अतिथियों का जय श्री राम लिखा चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया गया। मौके पर श्री जायसवाल ने यूथ विंग के सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि हजारीबाग यूथ विंग समाजहित में सदैव एक मानदंड स्थापित किया है। संरक्षक चन्द्रप्रकाश जैन ने कहा कि हमारी कोशिश हर धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए समाज के लिए बेहतर सेवा कार्य करना है। भविष्य में भी यह सेवा कार्य जारी रहेगा।

आज दिखेगा हजारीबाग के ख्यातिपूर्ण रामनवमी जुलुस का अनुपम नजारा

हजारीबाग की सड़कों पर उतरेगा श्रद्धालुओं का जनसैलाब, झांकियों से शहर होगा गुलजार

- जय श्री राम और बजरंगबली के नारे से गुंजयमान होगा वातावरण...

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग

साल 2024 का रामनवमी बेहद खास है। वर्तमान वर्ष रामलला टेंट में नहीं बल्कि अद्भुत, अलौकिक और भव्य श्रीराम मंदिर में पधार चुके हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या के साथ संपूर्ण दुनिया रामलला के जन्मोत्सव को खास तरीके से मना रहा हैं। झारखंड राज्य के रामभक्तों के शहर के नाम से मशहूर हजारीबाग में झंडा पर्व की फिजां निराली लगती है। सद्भावना, एकता और भाईचारगी का मिसाल हजारीबाग के विश्व विख्यात रामनवमी शोभायात्रा का आकर्षक नाजारा गुरुवार देर शाम दिखेगा। सैकड़ों अखाड़ों के लोग भगवान श्रीराम के आदर्शों का अनुशरण करते हुए साम्प्रदायिक सद्भाव और भाईचारगी का संदेश देने हेतु हाथों में केशरिया परचम लिए एक अद्भूत जोश, जूनून और उमंग के साथ तासों की पुरनूर झंकार और गडगड़ाहट, लाठियों के तड़तडाहट, नुक्कड़ों के शोर के जोर संग थिरकते-नाचते- झूमते सड़क पर उतरेंगे। यह धार्मिक जुलूस जो अनवरत कल देर शाम तक जारी रहेगा। इस दौरान सामाजिक जागरूकता, राष्ट्रीय एकता, भारतीय संस्कृति और सभ्यता, धार्मिकता और सामाजिकता के साथ भाईचारगी का संदेश बिखेरता दर्जनों ऐतिहासिक झांकियों का कतारबद्ध कारवां, नन्हें- नन्हें विद्युतीय बल्बों से निकलती रोशनी के बीच चुंधियाती आँखें और अखाड़ा धारियों द्वारा लाठी, डंडा, भुजाली, तलवार आदि से कला-कौशल का हैरतअंगेज कारनामे दिखाना जुलुस को और मनोहारी बना देता है।

नवरात्र के नवें दिन हुई माता सिध्दिदात्री की पूजा

हवन कन्या पूजन भोग के साथ किया गया विसर्जन

नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा
प्रखंड मुख्यालय स्थित शैलपुत्री दुर्गा मंदिर में गांव की सुख समृद्धि के लिए सार्वजनिक रूप से दुर्गा पुजा आयोजन समिति के तत्वावधान में चैती नवरात्र का पुजन किया गया । पंडित अरुण कुमार मिश्रा की अगुवाई में मां दुर्गा के विभिन्न रुपों की पूजा की गई। चैती नवरात्र के नवें दिन मां दुर्गा के नवें स्वरूप माता सिध्दिदात्री की पूजन की गई। हवन पुजन एवं नौकन्याओं का पूजन कर भोग लगाया जाता है । इसके बाद देवी मंडप से स्थापित कलश उठाए गए तथा देवी से प्रार्थना करते हैं कि आपकी कृपा हमेशा हम सब पर बनी रहे । पंडित अरुण मिश्रा ने कहा आदिशक्ति माँ दुर्गा का नवां स्वरूप लक्ष्मी जी, सिध्दिदात्री का है। ये ही नारायण की भार्या हैं, तथा समस्त सिद्धियों को देने वाली हैं, इसलिए ये सिद्धिदात्री दुर्गा के नाम से विख्यात हैं । ये ही अखिल जगत की संचालिका ,पोषिका और महामाया हैं। इनसे विरत कुछ भी नहीं है । ये ही समस्त जीवों में किसी न किसी रूप में विद्यमान और भरणसर्वभूषिता हैं । ये साक्षात श्रीनारायण की महामाया हैं , शिव की अर्धनारीश्वर और ब्रह्मा की सृष्टि हैं । भगवान शिव ने इन्हीं की कृपा से सिद्धियों को प्राप्त किया था । इनके स्मरण , ध्यान और पूजा से ये प्रसन्न हो कर भक्तों को अनेक सिद्धियां प्रदान करती हैं । पूजन में यजमान के रूप में दिनेश साहू, जयंति देवी ने निभाया। कार्यक्रम में बसंत साहु, सुभाष साहु, नन्द किशोर सिंह, संतोष सिंह, रामअवतार अग्रवाल, राजु साहु, चन्दन मिश्रा, अनिल साहु, सहीत दुर्गा पूजा आयोजन समिति सदस्यों का अहम योगदान रहा।

अस्त्र शस्त्र परिचालन प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

कुरडेग। प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी पर्व पूरी श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर मंदिरों व घरों में महावीरी झंडे की पूजा कर घर आंगन में ध्वाजारोपण किया गया।रामनवमी पर पूरी भक्ति और श्रद्धा के साथ भक्तजन भगवान श्रीराम व बजरंगबली की पूजा अर्चना की। विभिन्न गांव में रामनवमी पर शोभायात्रा निकाली गई। उमामहेश्वर महावीर मंदिर में धूमधाम से रामनवमी पर्व मनाई गई। विभिन्न गांवों से शोभायात्रा अस्त्र शस्त्र ,बाजे गाजे से निकलकर उमामहेश्वर महावीर मंदिर पहूंची,जहां अस्त्र शस्त्र परिचालन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। अच्छे प्रदर्शन करनेवाले प्रतिभागियों को समिति की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर समिति के संरक्षक सुशील श्रीवास्तव,मनोज जयसवाल,अध्यक्ष अनुज गुप्ता,मंटू जयसवाल,अशोक गुप्ता,रवि जयसवाल,सूरज बीसी,संजित जयसवाल, सुमन सिंह,दीपक जयसवाल,घनश्याम यादव,रूपेश मिश्र आदि उपस्थित थे।

धूमधाम से निकला रामनवमी जुलूस

नवीन मेल संवाददाता। बोलबा
बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय सहित विभिन्न गांवों में धूमधाम से निकाला गया रामनवमी जुलूस । इस मौके पर बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय में मोतीराम सेनापति की अगुवाई में बोलबा थाना मन्दिर से जुलूस निकाला गया । जुलूस स्वास्थ्य केन्द्र बोलबा के पास मैदान तक गया । इसके बाद लेटाबेड़ा, कछुपानी, जेठूबन्ध, अलिंगुड, समसेरा, सुगाडोंगर, पालेमुण्डा, पाकरबहार आदि जुलूस टीम को स्वागत किया गया । इसके साथ सामूहिक जुलूस बोलबा थाना मन्दिर तक गया । जहाँ पर पुलिस विभाग की ओर से शर्बत पानी , गुड़-चना एवं प्रसाद की ब्यवस्था की गई थी । गंझू टाँड़ मैदान पहुंचने के बाद जुलूस समाप्त हो गई । अखाड़ा कार्यक्रम का उदघाटन थाना प्रभारी विकास कुमार महतो, एस0आई0 सोनू पाठक, अंचल निरीक्षक अनिल टूटी एवं अन्य अधिकारियों ने फीता काटकर किया । जुलूस समाप्त होने के बाद गंझू टाँड़ मैदान में लाठी, तलवार, भाला, बाजा एवं झण्डा आदि के साथ अपना करतब दिखाया गया ।इसके बाद विभिन्न समूह प्रतिभागी एवं एकल प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर मोतीराम सेनापति, सुरजन बड़ाईक, बिनोद बड़ाईक, नेहाल जायसवाल, परमानंद बड़ाईक, रमेश दास, अजय जायसवाल, ललन सिंह, बजरंग बड़ाईक, कपिल नंद प्रधान, हीरा प्रधान, सेवक प्रधान, यमुना प्रसाद जायसवाल, चंद्रशेखर मंडल, चंद्रदेव सेनापति, विश्व सिंह, संजय मंडल, पारस सिंह, आदि उपस्थित थे।

बानो में धूमधाम एवं शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी मना

बानो। बानो में धूमधाम से मनाया गया रामनवमी महापर्व।बानो मुख्यालय स्थित शिव मंदिर परिसर में ग्राम सोडा, जराकेल, पबुड़ा ,उनिकेल,समडेगा आदि गावों से झंडा लाया गया था। सभी रामनवमी पूजा समिति के सदस्यों के झंडा मिलाने के बाद बानों रेलवे स्टेशन स्थित हनुमान पहाड़ी तक जा कर मन्दिर में सभी झंडों का मिलान किया गया।रामनवमी पूजा समिति बानो के तत्वावधान में बानो मन्दिर परिसर में शर्बत ,पानी ,चना का बेवस्था किया गया था। उधर रामनवमी पूजा समिति रेलवे स्टेशन बानो द्वारा पहाड़ी मन्दिर में शर्बत आदि का व्स्था किया गया था। झंडा शोभायात्रा में रामनवमी पूजा समिति बानो के अध्यक्ष बिनोद कश्यप, विश्वनाथ बड़ाईक, तिलकु चौरसिया, विद्याधर पंडा ,भूषण साहू ,संजू बड़ाईक आदि लोग उपस्थित थे। प्रखण्ड के उकौली में रामनवमी के अवसर पर मन्दिर निर्माण दिवस व रामनवमी पर्व धूम धाम से मनाया गया।

गांव से लेकर शहर तक निकला रामनवमी का जुलूस, जय श्री राम के जयकारे से गूंजा शहर

नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा
रामनवमी पर्व को लेकर बुधवार को शहर से लेकर गांव तक जय श्री राम के उद्घोष से गुंजायमान रहा। विभिन्न अखाड़ा कमेटी इसकी तैयारी में पूरी तरह जुट गयी थी। झुमरीतिलैया और कोडरमा बाजार समेत अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी भगवान राम के झंडा से पटा रहा। लोग इसकी जमकर खरीदारी की। बुधवार को विभिन्न घरों समेत अखाड़ा कमेटियों में भगवान राम के पताके लगाए गये। कोडरमा बाजार में अखाड़ा कमेटियों का सम्मान समारोह आयोजित की गयी, जहां रामनवमी महासमिति विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले अखाड़ा कमेटियों पर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत करेगी। महासमिति के अध्यक्ष मनोज कुमार झुन्नु ने बताया कि कोडरमा बाजार में आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत इंदरवा, लोकाई, तीनतारा, बरसोतियावर, लक्खीबागी समेत 18 कमेटी कार्यक्रम में शामिल हुए और अपने शौर्य का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अखाड़ा कमेटियों को सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि शाम पांच बजे से रात 10 बजे तक कार्यक्रम हुआ। रामनवमी पर्व को लेकर जिला प्रशासन भी विधि-व्यवस्था को बना रखने के लिए सजग थी। विभिन्न क्षेत्रों में पर्व को लेकर दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जुलूस के दौरान वीडियोग्राफी और ड्रोन कैमरे से निगरानी के अलावा विभिन्न क्षेत्रों में अतिरिक्त 50 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

वोटरों को मतदान के लिए किया गया प्रेरित

कोडरमा। मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत बीएलओ ने रैली निकालकर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कम मतदान वाले मतदान केंद्र पर हस्ताक्षर अभियान चलाकर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नगर परिषद झुमरी तिलैया अंतर्गत वार्ड संख्या सात, आठ में डोर- टू- डोर फॉर्म 06 कलेक्शन के लिए मतदाता पंजीकरण अभियान और नैतिक मतदान करने के लिए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें डोर टू-डोर भ्रमण कर फॉर्म 6 का कलेक्शन किया गया।

रामनवमी विकास समिति ने झंडा मिलन समारोह का किया आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर
ठेठईटांगर प्रखंड के कोरोमियाँ पंचायत के सलगापोश में रामनवमी के शुभ अवसर पर अनेकों गांवो से झंडा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से बलसेरा, मैटकुपा, सलगापोश, टोंगरिटोली, चेटमाल, कुरुमडेंगी आदि गांवों से भारी संख्या में राम भक्त भव्य जुलूस निकालते हुए एवं नाच गान करते हुए सलगापोश पहुंचे। सलगापोश में झंडा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सलगापोश में अखाड़ा का निर्माण किया गया था जिसमें अनेकों राम भक्त द्वारा अपना अपना करतब दिखा कर सभी का मन और दिल जीत लिए. कार्यक्रम की शुरूआत हरिदास बाबा द्वारा रामनवमी की महत्व पर विस्तार पुर्वक जानकारी दी साथ ही इसके महत्व पर भी प्रकाश डाला।कार्यक्रम का संरक्षक रेणुका सोरेंग ने कहा कि रामनवमी अनेकों संदेश लेकर आती है साथ ही ये भाईचारा एवं आपसी सद्भावना को भी बढ़ती है। उन्होंने सभी लोगों को रामनवमी की बहुत बहुत शुभकामनाएं एवं बधाई दी। यह कार्यक्रम रामनवमी विकास समिति सलगापोश, मैटकुपा, कोरोमियाँ द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संरक्षक रेणुका सोरेंग, संरक्षक खीरु सिंह, संरक्षक रामचरण महतो, अध्यक्ष ताराकांत महतो, सचिव ईश्वर सिंह, उपाध्यक्ष सुमित श्रीवास्तव, उप सचिव राहुल श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष तृतीया महतो, दप कोषाध्यक्ष अनिल शाह, उपाध्यक्ष संतोष यादव, मीडिया प्रभारी विवेक श्रीवास्तव, भोला शंकर दास आदि शामिल थे।

न्यूज बॉक्स

रामनवमी शोभयात्रा में शामिल हुए विधायक भूषण बाड़ा

सिमडेगा। पालकोट में आयोजित रामनवमी शोभायात्रा में शामिल हुए सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा। मौके पर उन्होंने महावीरी झंडे की पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सुख शांति और समृद्धि की कामना की। विधायक ने जिलेवासियों को रामनवमी की बधाई दी। उन्होंने लोगों को मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी के आदर्शों को अपने जीवन मे आत्मसात करने की अपील की। पालकोट प्रखंड पालकोट और बाघिमा में राम नवमी के जुलूस में शामिल लोगों में प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता,वरीय विधायक प्रतिनिधि बसंत कुमार गुप्ता, ए सी मोर्चा जिला अध्यक्ष भुनेश्वर राम, विधायक प्रतिनिधि तिलका रमन, विधायक प्रतिनिधि अशोक सिंह उर्फ मारवाड़ी सिंह, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का,युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहित एक्का, मंडल अध्यक्ष निमरोद एक्का,संजय साहू,सतनारायण केशरी, अरविंद लुगुन विधायक प्रतिनिधी, प्रीतम बड़ाइक, रघुवीर प्रधान , संतोष कुमार गुप्ता, संजय शर्मा आदि शामिल थे।

सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम

सिमडेगा। श्रीरामनवमी महाशोभायात्रा के दौरान जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। वहीं प्रशासन के द्वारा इस दौरान सभी मुख्य चौक-चौराहों पर सुरक्षा की दृष्टि से जवानों को तैनात किया गया था। वहीं सुरक्षा का जायजा एसडीओ सुमन्त तिर्की, एसडीपीओ पवन कुमार , थाना प्रभारी विनोद पासवान आदि लेते रहे।

शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में प्याऊ का किया गया उद्घाटन

सिमडेगा। बुधवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा सिमडेगा में पेय जल हेतु फ्रिज का उद्घाटन किया गया। छत्तीसगढ़ खरसियां निवासी माया देवी अग्रवाल द्वारा अपने सास ससुर की याद में श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखण्ड द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा सिमडेगा में दान स्वरूप फ्रिज लगवाया गया ताकि विद्यालय में अध्यनरत भैया-बहनों को इस भीषण गर्मी के मौसम में ठंडा और स्वच्छ जल प्राप्त हो सके । फ्रिज का विधिवत उद्घाटन पूजन विधि संपन्न कर तथा फीता काटकर बंसल स्टोर के संचालक आनंद कुमार अग्रवाल द्वारा किया गया । पूजन विधि पंडित श्री संजय पाठक के द्वारा संपन्न कराया गया । इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार पाठक,आचार्य मनोज प्रसाद, छात्रावास प्रमुख हर्षित कुमार दारुल उपस्थित थे।

भीड़ को देखते हुए एक फेरे चलेगी स्पेशल ट्रेन

झुमरी तिलैया । यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा धनबाद से आनंद विहार के लिए एक-एक फेरे स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। ट्रेन 02395 धनबाद-आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल 19 अप्रैल को धनबाद से 18.00 बजे खुलकर अगले दिन 15.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 02396 आनंद विहार-धनबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल 20 अप्रैल को आनंद विहार से 19.20 बजे खुलकर अगले दिन 16.54 बजे धनबाद पहुंचेगी।

सेल्फी के माध्यम मतदान के लिए करें प्रेरितः डीडीसी

कोडरमा। वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह डीडीसी ऋतुराज की अध्यक्षता में स्वीप कार्यक्रम को लेकर जिले के गैस एजेंसी और पेट्रोल पंप के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बैठक में सभी प्रतिनिधियों से अपील की गई कि अपने-अपने प्रतिष्ठानों में मतदाता जागरुकता को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाएं। साथ ही सेल्फी के माध्यम से मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि 20 मई को मतदान के दिन ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाएं। डीडीसी ने सभी गैस एजेंसी के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि 20 मई को मतदान दिवस का स्टीकर सभी गैस सिलेंडर में लगाना सुनिश्चित करें।

डॉक्टर के अभाव में आक्रोशित जनप्रतिनिधियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगाया ताला

सतगावां। प्रखंड में स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर नहीं रहने के कारण सड़क दुर्घटना में घायल की इलाज के लिए गए माधोपुर निवासी पंचायत समिति डोली देवी के देवर राकेश पांडेय काफी देर तड़पता रहा। यह देख उपप्रमुख मनोज निराला,प्रमुख प्रतिनिधि रामावतार चौधरी ने सोमवार की रात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ताला जड़ दिया। और इसकी शिकायत जिले के वरीय पदाधिकारी से की। शिकायत के आलोक में कई तरह की जांच का मामला सामने आया। लेकिन चुनाव को लेकर मंगलवार सुबह 10 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ रामाशीष चौधरी ने अपनी गलती को सुधार करने का मौका मांगा। साथ ही कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 24 घंटे डॉक्टर की उपस्थिति रहेगी। दोबारा किसी तरह का कोई शिकायत नहीं सुनने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि जो समय पर डॉक्टर अपना कार्य और दायित्व नहीं संभालेंगे, वैसे डॉक्टर के बारे में जिले के पदाधिकारी से शिकायत की जाएगी।

अंतिम मंगला जुलूस पर खूब गूंजी ताशों की आवाज

नगाड़े की गड़गड़ाहट के बीच गूंजा जयश्रीरम

नवीन मेल संवाददाता। बरही
मंगलवार सुबह से ही बरही पूरे तरह से नगाड़ों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान हो उठा था. देर संध्या होते ही विभिन्न अखाड़े वालो ने नगाड़ों की गड़गड़ाहट के बीच जय श्रीराम का जयकारा लगाते हुए अंतिम मंगला जुलूस निकाला. जो देर रात्रि तक चला. इस दौरान बरही चौक सहित चारो रोड पर रामभक्तो का जत्था लाठियों व डंडों का पारंपरिक खेल दिखाता रहा. जिसे देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी थी. प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद था. शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने विशेष पुलिस बल की प्रतिनियुक्त किया गए थे. जो अपनी ड्यूटी में डटे हुए थे. मंगला जुलूस करीब 10 बजे रात्रि तक चलता रहा. वही महारामनवमी के दिन बुधवार को स्थानीय विधायक उमाशंकर यादव राम भक्तों का मनोबल बढ़ाने

बरही चौक पहुंचे. जहां रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विनय साहू के नेतृत्व में भगवा गमछा ओढ़ाकर और तलवार देकर स्वागत किया गया. इस दौरान सीडीपीओ सुरजीत कुमार भी मौजूद रहे. विधायक ने सीडीपीओ एवं महासमिति के सदस्यों से रामनवमी की तैयारी और सुरक्षा संबंधित जानकारियां लिया. सभी को मा रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए शांति और सौहार्द वातावरण में शोभायात्रा निकालने की अपील किया. मौके पर महावीर मंडल अखाड़ा समिति के अध्यक्ष अमित जायसवाल, महासमिति के पदाधिकारी प्रमोद सिंह, मंटू सिंह आदि कई लोग मौजूद थे. पूरे दिन नगाड़े की गूंज गूंजता रहा. देर संध्या होते ही शोभायात्रा निकलना प्रारंभ हो गए जो देर रात तक चलता रहा.

माता के मंदिरों में अराधना के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़

डोमचांच। प्रखंड के आसपास क्षेत्रों में बासंतिक दुगार्पूजा और नवरात्र को लेकर चारों तरफ उत्साह का माहौल है। सभी दुर्गा मंदिरों और हनुमान मंदिरों को आकर्षक रुप से सजाया गया है। दुर्गा मंदिरों के पट खुलने के बाद अष्टमी के दिन सभी दुर्गा मंदिरों में पूजा- अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। पूजा के लिए कालीमंडा, मसनोडीह, पुरनाडीह सहित विभिन्न दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। प्रखंड के मसनोडीह, लालाकचहरी में बासंतिक दुगार्पूजा का इतिहास 43 साल का है। यहां साल 1979 से यह पूजा होते आया है। हर वर्ष यहां भव्य मेला का आयोजन होता है। पूजा के इतिहास के बारे में स्थानीय निवासी पृथ्वीनाथ पांडेय ने बताया कि मेरे पिता स्व बुद्धू पांडेय एक समय बीमार पड़ गए थे।

रामनवमी पर राम मय हुआ सिमडेगा, जुलूस में गूंजे जय सियाराम के बोल

वीर बजरंग बली रहे मुख्य आकर्षण के केंद्र

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा
जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बुधवार को रामनवमी पर्व को लेकर सुबह से देर शाम तक मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों व युवतियों ने मंदिर में बजरंगबली और ध्वज की पूजा कर मंदिरों और अपने-अपने घरों में झंडा स्थापित किया। इस दौरान विभिन्न मंदिरों में पुजारी द्वारा अनुष्ठान, रामायण पाठ, भजन कीर्तन के साथ चौक-चौराहा पर महावीर पताका से क्षेत्र पटा रहा। वहीं शाम में विभिन्न गांवों से शोभायात्रा निकाली गई।रामनवमी के अवसर पर रामनवमी प्रबंधन समिति महावीर मंडल के तत्वावधान में बुधवार को महावीर चौक से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल लोग अपने हाथों में पारंपरिक हथियार व महावीरी पताका लहराते हुए जय श्रीराम .., जय हनुमान.., राम लखन जानकी जय बोलो हनुमान की.., अंजनी के लाल बजरंगी की जय हो जय हो.., लहर लहर लहराई रे झंडा बजरंग बली का आदि जयघोष कर रहे थे।शोभयात्रा से पूर्व महावीर चौक पर भक्त शिरोमणि बजरंग बली की विधि विधान से पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद शोभयात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शहर के नीचे बाजार, रामनगर पावर हाउस, झूलन सिंह चौक, सामटोली, प्रिंस चौक होते हुए पुनः महावीर चौक पहुंची जहां पर शोभायात्रा का समापन किया गया।

बाबा कीनाराम अखाड़ा ने निकाली विशाल महावीर पताका

रामनवमी के शुभ अवसर पर विशाल शोभा यात्रा का आयोजन रामनवमी प्रबंधन समिति के द्वारा किया गया।इस अवसर पर विभिन्न अखाड़ा के द्वारा विशाल महावीर पताका निकाला गया।
जिसमें बाबा कीनाराम अखाड़ा झूलन सिंह चौक के द्वारा निकाली गई महावीर पताका मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा।

रामनवमी के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

रामनवमी शोभयात्रा में शहर के अखाड़ों से भव्य व आकर्षक महावीरी पताका शामिल किया गया था, जो शोभायात्रा की रौनक बढ़ा रहा था। वहीं शहर के मुख्य पथ पर महावीर के बडे- बड़े पताकों से पटे पडे.थे। श्रीरामनवमी प्रबंधन समिति के द्वारा सभी अखाड़ों के अध्यक्षों को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। शोभयात्रा के दौरान कई प्रकार की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

श्रीराम के जयकारों से गूंजा शहर

मेले का भी होगा आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा
झुमरीतिलैया स्थित तिलैया बस्ती राजागढ़ में सार्वजनिक बासंती दुर्गा पूजा समिति द्वारा बसंत नवरात्र पर समाजसेवी राजेन्द्र सिंह, डॉ. कुलदीप कुमार, आशा देवी,रूबी देवी ने बासंती दुर्गा पूजनोत्सव कार्यक्रम के साथ चार दिनी मेला का उद्घाटन किया। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारे गूंजा। विशिष्ट अतिथि सह समिति सदस्य डॉ. कुलदीप कुमार ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार इसी दिन भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। इसलिए इस दिन को रामजन्मोत्सव के रूप में हर्षोल्लास मनाते हैं। रामनवमी पर तिलैया बस्ती में हमारे पूर्वजों द्वारा वर्षों से पारंपरिक ढंग से दुर्गा पूजा मनाया जा रहा है और दूर-दराज से लोग दुर्गा पूजा में यहां हर्षोल्लास के साथ पहुंचते हैं। मां दुर्गा की पूजा कर अपने और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। उन्होंने बताया कि नवमी और दशमी को भव्य मेले का भी आयोजन किया जाता है, जहां बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले भी लगाए गए हैं। इसके अलावा यहां नवरात्र में हर दिन विधि-विधान से पूजा- अर्चना की जाती है। दुर्गा पूजा को लेकर भक्ति जागरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। समिति द्वारा पारंपरिक खेल का प्रदर्शन किया जाएगा और झंडा चौक में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। मौके पर बासुदेव यादव, बिरजू यादव, नितेश यादव, आलोक यादव, राजेन्द्र सिंह, राहुल यादव आदि मौजूद थे।

रामनवमी पर तिलैया बस्ती में हमारे पूर्वजों द्वारा वर्षों से पारंपरिक ढंग से दुर्गा पूजा मनाया जा रहा है और दूर-दराज से लोग दुर्गा पूजा में यहां पहुंचते हैं।

एक नजर

भुइयांडीह में नशेड़ियों ने ऑटो चालक पर किया उस्तरा से हमला

जमशेदपुर। जमशेदपुर के सीतारामडेरा थाना अंतर्गत ह्यूमपाइप मोड के पास मंगलवार देर शाम दो नशेड़ियों ने ऑटो चालक तपन मंडल पर उस्तरा से हमला कर दिया. घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए. इधर, घटना के बाद तपन ने अपना इलाज एमजीएम अस्पताल में करवाया. तपन के बाएं ओर पंजड़े में चोट आई है.तपन ने बताया कि वह ऑटो चलाने के काम करता है. वह ह्यूमपाइप मोड के पास ऑटो खड़ी कर सवारी का इंतजार कर रहा था तभी गौरव भुइयां और काना भुइयां आए और एग्रिको चलने को कहा. मना करने पर हाथपाई करते हुई उस्तरा से वार कर दिया।

वन देवी मंदिर में कुंवारी कन्याओं की पूजा कर कराया भोजन

नोवामुंडी। गुवा से मनोहरपुर जाने वाले रास्ते मां दुर्गा वन देवी मंदिर में नवरात्रि पर नौ कन्याओं का किया गया पूजन. इस दौरान मां दुर्गा वन देवी पूजा कमेटी के सदस्यों द्वारा नवरात्रि विशेष पर मंदिर में पूजा अर्चना कर नौ कुंवारी कन्याओं का पूजन किया गया तथा उन्हें श्री श्री मां दुर्गा के नौ रूपों में की गई पूजा अर्चना.पूजन के बाद कुंवारी कन्याओं को भोजन कराया गया. उसके बाद महा भोग प्रसाद का वितरण किया गया.इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा वन देवी मंदिर में आकर भोग ग्रहण किया. इस मौके पर मां दुर्गा वन देवी मंदिर कमेटी की ओर से साधु चरण सिदु,गंगा सिदु, झरनी दास, संकीर्तन बोसा, विभिषण बोसा, रमेश यादव, सीता सिदु, मनोज कुमार प्रसाद, विजय साहू सहित अन्य मौजूद थे.

पूरे तिसरी प्रखंड में भक्तिभाव से मनाया गया रामनवमी का त्योहार

हनुमान मंदिरों में सुबह से ही उमड़ी भक्तों की भीड़, शोभायात्रा भी निकाली गई

लोगों ने जमकर लाठियाँ भांजी

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
पूरे तिसरी प्रखंड में बुधवार को हर्षोल्लास के साथ रामनवमी का त्योहार मनाया गया। प्रखंड के सभी हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। वहीं दोपहर के बाद जगह - जगह जुलुस निकाला गया। इस दौरान तिसरी प्रखंड मुख्यालय, चंदौरी, पलमरुआ, गुमगी, भंडारी आदि कई गाँवों में अखाडा भी लगाया गया। जहां लोगों ने जमकर लाठियाँ भांजी और एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब भी दिखाया। इस दौरान तिसरी हनुमान मन्दिर में राम, लक्ष्मण, हनुमान और रावण की झांकी भी निकाली गई । यह जुलूस तिसरी हनुमान मन्दिर से गमहरियाटांड़ से तिसरी चौक होते हुए वापस हनुमान मन्दिर लौट आया। इस दौरान जय श्री राम, जय हनुमान आदि नारे गूंजते रहे। वहीं विधि व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस - प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद दिखी।

इस मौके पर कमिटी सदस्य किशोरी साव, विकास गुप्ता, रोहित कुमार, प्रकाश विश्वकर्मा, प्रेम कुमार, नितेश सिंह, विकास कुमार, कुणाल कुमार, अभिमन्यु कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

जय श्री राम के नारों के साथ निकली रामनवमी शोभायात्रा

चक्रधरपुर। रामनवमी का जुलूस बुधवार शाम को चक्रधरपुर में निकाला गया. इस अवसर पर चक्रधरपुर शहर व आसपास क्षेत्र के सभी अखाड़ा स्थलों से झंडा जुलूस चक्रधरपुर के पवन चौक पहुंचा.जहां बनाए गए स्टैंड में झंडा बांधकर कमेटी में शामिल लोगों ने करतब दिखाए. हाथों में तलवार, भाला, डंडा व अन्य पारंपरिक हथियारों से लैस युवाओं की टोली ने एक से बढ़कर एक करतब दिखा कर लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया.उसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी थी. पूरा क्षेत्र भगवान राम के जयकारों से गूंज उठा. इस अवसर पर कई अखाड़ा कमेटी की ओर से आकर्षक झांकियां भी निकाली गई थी. वहीं बच्चे जुलूस के दौरान भगवान, राम, लक्ष्मण, सीता,बजरंगबली का रूप धारण किए हुए शामिल थे।

न्यूज बॉक्स

महानवमी पर हुई कन्या पूजन, प्रसाद का वितरण

घाटशिला। नवमी पूजन बुधवार को विधि विधान से किया गया. इस मौके पर पूजारी ने मां के सभी रुपों का पूजन किया गया. मां के पूजन के बाद कुंवारी कन्या का भी पूजन कर भक्तों ने आर्शिवाद लिया. घाटशिला के काशिदा में आयोजित पूजन के दौरान सैकड़ो भक्तों की भीड़ पूजा पंडालों में उमड़ी. गालूडीह रंकिणी मंदिर में की जा रही बसंती पूजा के दौरान नवमी पूजा के अवसर में कन्या पूजा का आयोजन किया गया.इसमें शिष्टी मुखर्जी और अंकिता चटर्जी भाग ली. पजारी आनन्द मय बनर्जी और नयन बनर्जी ने विधिवत पुजा अर्चना की। इधर नवमी पुजा को लेकर महिला पुरुष की भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ पड़ी थी. नवमी पूजा के बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया जिसमें सैकड़ों महिला पुरुषों ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

रामनवमी में युवाओं ने दिखाये हैरतअंगेज करतब

बहरागोड़ा। बहरागोड़ा प्रखण्ड क्षेत्र में रामनवमी को लेकर श्रद्धा और उत्साह का माहौल है. चैत्र नवरात्र को लेकर अन्नपूर्णा मंदिरों और रामनवमी को लेकर हनुमान मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु पूजा के लिए भीड़ लगाए हुए थे. बुधवार को खांडामौदा, दारिशोल, पांचरूलिया, जगन्नाथपुर, वेंदा व आडंग में रामनवमी का जुलूस भी निकाला गया. जुलूस में शामिल श्रद्धालु अपने-अपने हाथों में तलवार, लाठी और केसरिया ध्वज थाम रखे थे. श्रद्धालु लगातार जय श्रीराम के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे. पांचरूलिया में जुलूस कोईमि, खामार होते हुए फिर पांचरूलिया में जाकर समाप्त हुई. दारिसोल में जुलूस हनुमान मंदिर से निकल कर सर्विस रोड होते हुए गांव में प्रवेश की है पुनः हनुमान मंदिर में आकर समाप्त हुई. इसी तरह खंडमौदा में निमार्णाधीन हनुमान मंदिर के समीप पूजा स्थल समाप्त हुई तथा वेंदा गांव का जुलूस मंदिर प्रांगण से निकलकर गांव का परिभ्रमण करते हुए पुणः मंदिर में आकर समाप्त हुआ. जुलूस में श्रद्धालुओं ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाए. सुरक्षा को देखते हुए बहरागोड़ा थाना प्रभारी विकास कुमार शर्मा एवं बरसोल थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में सभी चौक चौराहों पर मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस बल तैनात की गई थी।

ओल्ड इज गोल्ड ने मेघाहातुबुरु प्लेयर्स को हरा खिताब जीता

किरीबुरु। वॉलीबॉल वारियर्स के तत्वाधान में आयोजित स्व0 सामुएल लाफरी मेमोरियल वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाईनल मुकाबले में ओल्ड इज गोल्ड ने मेघाहातुबुरु प्लेयर्स को 20-17, 19-20, 15-13 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया. विजेता और उप विजेता टीम को बतौर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक योगेश प्रसाद राम, विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक भी के सुमन, सुषमा योगेश राम, सहायक महाप्रबंधक अजीत कुमार ने पुरस्कृत किया.इस प्रतियोगिता में झारखण्ड-ओडिशा की कुल 7 टीमें शामिल थी. इस दौरान मदन शर्मा, मीत करुवा, प्रभात कुमार पंडा, सूर्या मोहंती, जौन रेमंड लाफरी, जगन्नाथ दास, उजेश्वर राय, बसंत मोहंती, अशोक मंडल, सुमित बारा, प्रतिक पांडा, प्रफुल्ल कुमार मंडल, सौरभ कुमार, शुभम कुमार, हर्ष, अफताब आलम, सरफराज, रौनक, अभिषेक, जैद हाशमी आदि मौजूद थे. इसके अलावा बूथ मैनेजमेंट, गठबंधन के नेताओं व कार्यकताओं के बीच आपसी तालमेल बनाने आदि पर चर्चा हुई. इस दौरान मुखिया पार्वती किडो, वीर सिंह मुंडा, एन एन घटवारी, आलोक तोपनो, अनिल तोपनो, एस होरो, समशाद आलम, मैनो हस्सा पूर्ति, जीरेन सिंकु, सुमन मुंडू आदि दर्जनों मौजूद थे. झामुमो के नेतृत्व में इंडी गठबंधन के कार्यकताओं ने मेघाहातुबुरु में विशेष बैठक कर सिंहभूम संसदीय सीट से गठबंधन की प्रत्याशी पूर्व मंत्री जोबा माझी को भारी बहुमत से जीताने का संकल्प लिया।

ककनी में 9 दिवसीय राधा - कृष्ण एवं हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन हुआ

पूणार्हुति व समापन कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी भी हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
तिसरी प्रखंड के ककनी में आयोजित 9 दिवसीय राधा - कृष्ण एवं हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का समापन बुधवार को पूणार्हुति व भंडारे के साथ हो गया। बता दें कि झारखण्ड युवा एकता संगठन दिल्ली के प्रधान संरक्षक उमेश प्रसाद राणा के सौजन्य से भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल होकर हजारों लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान यज्ञाचार्य एवं मुख्य प्रवचनकताओं को सम्मानित भी किया गया। वहीं पूणार्हुति व समापन कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी भी शामिल हुए। कार्यक्रम में सिंघो के पूर्व मुखिया लेखराज यादव एवं यज्ञ समिति के अध्यक्ष, सचिव सहित सभी सदस्यों का सहयोग रहा। दिल्ली से विनोद कुमार,लक्ष्मीपुर से मंटू शर्मा,कृष्ण कुमार पंडित, मुन्ना राणा, सुनील मिस्त्री, मनोज बरनवाल, राजकुमार शर्मा, इत्यादि उपस्थित हुए।

बाबूलाल मरांडी ने मंदिर में की पूजा अर्चना, मत्था टेका

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी बुधवार को गावां पहुंचे। यहां उन्होंने गावां बाजार स्थित काली मंडा मंदिर में वासंतिक दुर्गा पूजा के मौके पर मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर राज्य के सुख समृद्धि की कामना की। बाद में उन्होंने पार्टी कार्यालय में कार्यकताओं से मुलाकात की। इस दौरान कई लोगों ने अपनी समस्याओं को भी रखा। इधर बाद में वह प्रखंड के पटना पहुंचे। यहां उन्होंने पूर्व जिप सदस्य सह भाजपा नेता राजेन्द्र चौधरी की मां के अचानक निधन हो जाने पर शोक व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया।

मौके पर जेएसएलपीएस सांसद प्रतिनिधि उषा कुमारी, रामचन्द्र ठाकुर, आशा शर्मा, सरयू पासवान, मनोज यादव, मुन्ना सिंह, श्रीराम यादव, चंद्रशेखर आजाद, ललित पांडेय, विकास जॉनी, पवन सिंह, बबलू साहा, बनारस सिंह, मनोज सिंह, विशाल पांडेय, जयप्रकाश राम, उदय साव, अजीत शर्मा समेत कई उपस्थित थे।

धनबाद से कांग्रेस प्रत्याशी की घोषणा होते ही विरोध शुरू

धनबाद। धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस ने बेरमो विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को प्रत्याशी बनाया है. उनके नाम की घोषणा होने के साथ ही कार्यकताओं का विरोध शुरू हो गया है. अनुपमा सिंह का बुधवार की दोपहर करीब 1.30 बजे कांग्रेस कार्यालय आने का कार्यक्रम था. इससे पहले 12 बजे पुटकी में कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष व पार्टी के प्रदेश प्रभारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अनुपमा सिंह को प्रत्याशी बनाये जाने का विरोध किया. कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर व प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर पर सांठगांठ कर टिकट बेचने का आरोप लगाया. विरोध प्रदर्शन करने वाले कार्यकर्ता प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो के समर्थक बताए जाते हैं।

गावां में भक्तिभाव से हुआ रामनवमी का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
इस बार रामनवमी का जुलूस अभूतपूर्व रहा। कई संगठनों के लोगों के साथ आम लोग और खासकर युवा स्वतः स्फूर्त भावना से जूलूस में शामिल होते गए और यह सब इतना जल्दी हुआ कि प्रशासन को भी पूवार्नुमान नहीं हो सका। लेकिन हिन्दू संगठनों के नेतृत्व कर्ता और स्थानीय लोगों ने सहजता से जुलूस को सबसे संवेदनशील स्थल पर भी शान्ति से पास कराने में सफल रहे। तलवार, लाठी और अन्य पारंपरिक अस्त्रों से लैश युवा, लाठी भांजते युवा और जय श्री राम का नारा लगाते युवा भगवा झंडा फहराते एक अलग ही नजारा पेश कर रहे थे। वंही गावां में राम, जानकी और हनुमान की मनोहारी झांकी बरबस वातावरण को भक्तिमय भी बना रही थी। पुलिस और प्रशासन ने अपनी व्यूह रचना का केंद्र प्रखंड के माल्डा के मुख्य मार्ग पर स्थित बड़ी मस्जिद पर बना रखा था। यहाँ डीएसपी अनूप केरकेटा बीडीओ महेंद्र रविदास, थाना प्रभारी महेश चंद्र, बीपीओ भिखदेव पासवान, प्रवेश चौधरी, इमरान अंसारी, दिनेश पांडेय, मेराज उद्दीन, संजय कुमार, रविन्द्र बरनवाल ने डेरा ही डाल रखा था। यहाँ स्थानीय प्रमुख लोगों को भी आपात स्थिति के लिए आमंत्रित किया गया था। जुलूस जब यहाँ से गुजरी तो स्थानीय लोगों ने बढ़कर शांतिपूर्वक सबको लेकर आगे बढ़ते गए और फिर सबने शांति की साँस ली।

मृतक के परिजन से मिले लोस प्रत्याशी विनोद सिंह

शोक प्रकट कर हर संभव मदद का दिया आश्वासन

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
गिरिडीह गांवा थाना क्षेत्र के सांख निवासी 38 वर्षीय जवाहर यादव का निधन मुंबई में बीते दिन हो गया था। मंगलवार को उनका पार्थिव शरीर सांख पहुंचा और अंतिम संस्कार किया गया। सूचना मिलते ही बगोदर विधायक सह कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह सांख गांव पहुँचकर उनके परिजनों से मिलकर सांत्वना दिया। उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा को फोन के माध्यम से घटना से अवगत करवा दिया गया है साथ ही नियमानुसार मदद हेतु श्रम अधीक्षक ने प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। साथ ही सोमवार तक विभाग के द्वारा सहयोग राशि मिल जाने का भरोसा दिया। मौके पर भाकपा माले प्रखंड सचिव नागेश्वर यादव, जिप सदस्य पवन कुमार चौधरी, कन्हाइ राम, पंसस अकलेश यादव, बीरेंद्र यादव, अशोक मिस्त्री, आनंदी यादव, सुकर यादव, दुखन साहा, नितीश कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

रामनवमी शोभायात्रा में दिखाए हैरतअंगेज करतब

किरीबुरु। किरीबुरु-मेघाहातुबुरु में हर्षोउल्लास के साथ भव्य एंव शांतिपूर्ण तरीके से निकली रामनवमी की शोभा यात्रा. इस शोभा यात्रा में हिन्दू व मुस्लिम एक साथ शामिल थे. मेघाहातुबुरू स्थित काली मंदिर प्रांगण से बैंड-बाजे के साथ निकला यह शोभा यात्रा विभिन्न रास्तों से होते किरीबुरु स्थित बिरसा चौक पहुंचा. यहां सबसे पहले मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हिन्दुओं को गले लगाकर रामनवमी की बधाई दिया. इसके बाद शोभा यात्रा बैंक मोड़ होते महावीर चौक पहुंचा।

रामनवमी पर कसमार में महावीरी पताकाओं के साथ निकला शोभायात्रा

नवीन मेल संवाददाता। बोकारो
बोकारो, चास और आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को रामनवमी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई. कसमार प्रखंड के विभिन्न गांवों में त्योहार उत्सवी माहौल में मनाया गया. कसमार चौक स्थित बजरंगबली मंदिर, मोचरो, मंजुरा, गर्री, तेलमुंगा, बगदा, खैराचातर, सिंहपुर, सुरजुडीह, दांतु, धधकिया में बजरंगबली की पूजा-अर्चना की गई. दोपहर में कसमार चौक महावीर मंदिर परिसर से महावीरी पताकाओं के साथ श्रद्धालुओं ने जुलूस निकाला. जुलूस दुर्गा मंडप, रजवार टोला, गोस्वामी टोला, बाजार टांड़ होते हुए प्रखंड कार्यालय तक गया।

सीआरपीएफ की डी/26 बटालियन ने सारंडा में किया कन्या पूजन

नवीन मेल संवाददाता। किरीबुरु
रामनवमी के शुभ अवसर पर नक्सल प्रभावित सारंडा जंगल के थोलकोबाद में तैनात सीआरपीएफ की डी/26 बटालियन के सहायक कमाण्डेंट एम के चौरसिया के नेतृत्व में कन्या पूजन का आयोजन किया गया. थोलकोबाद अति संवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र सारंडा जंगल के बीच स्थित है।

आसपास के ग्रामवासीयों के बीच आपसी सहयोग एवं सामंजस्य बनाये रखने के उदेश्य से सीआरपीएफ की डी/26 बटालियन के द्वारा भण्डारे का आयोजन किया गया. जिसमें थोलकोबाद, दवेन्द्री, राटामाटी, गुण्डीजोरा ग्राम के ग्रामवासी व बच्चे शामिल हुए. पूजा समाप्त होने के पश्चात ग्रामवासी और समस्थ जवान एक साथ मिलकर भण्डारे का प्रसाद ग्रहन किया।

मजदूरों पर हमला करनेवाले अतिक्रमणकारियों को आरपीएफ ने हटाया

नवीन मेल संवाददाता। धनबाद
धनबाद स्टेशन के दक्षिण छोर स्थित छाईगद्दा में साहिबगंज के 50 महिला-पुरुष मजदूरों पर हमला करनेवाले अतिक्रमणकारियों को आरपीएफ के जवानों हटा दिया. मजदूरों पर 13 अप्रैल को हमला हुआ था. आरपीएफ के अनुसार, साहिबगंज के 50 मजदूर लुधियाना जाने के लिए पाटलीपुत्र एक्सप्रेस से धनबाद स्टेशन पहुंचे थे. यहां से उन्हें रात में गंगा सतलज एक्सप्रेस से लुधियाना जाना था. धनबाद पहुंचने के बाद सभी मजदूर रेलवे स्टेशन के दक्षिणी छोर पर छाईगद्दा के पास पहुंचे और तंबू लगाकर खाना बनाने की तैयारी में जुट गए. वहां रखी ईंट से घेर कर जैसे-तैसे चूल्हा बना रहे थे. छाईगद्दा में रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण कर रह रहे लोगों ने इसका विरोध किया और गाली-गलौज करते हुए मजदूरों के साथ मारपीट की. जिसमें कई मजदूर घायल हो गए.अखबारों में प्रमुखता से खबर छपने के बाद रेलवे के अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया. रेलवे आधिकारियों के निर्देश पर आरपीएफ इंस्पेक्टर पंकज कुमार बुधवार को जवानों के साथ छाईगद्दा पहुंचे और सभी अतिक्रमणकारियों को वहां से खदेड़ दिया. अब छाईगद्दा पूरी तरह से मैदान की तरह दिख रहा है।

सारंडा वन प्रमंडल ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास तेज किया

नवीन मेल संवाददाता। किरीबुरु
सारंडा वन प्रमंडल ने नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन के सहयोग से सारंडा की एसएचजी ग्रुप की महिलाओं को स्वावलम्बी व आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रयास तेज किया. सारंडा डीएफओ अभिरुप सिन्हा के नेतृत्व में आइएफएस सह संलग्न पदाधिकारी नितिश कुमार ने बराईबुरु एवं गुआ की महिला समूहों को पत्तल बनाने का आधुनिक मशीन उपलब्ध कराया. नितिश कुमार ने बताया की एक मशीन बराईबुरु स्थित मुखिया मंगल सिंह गिलुवा के गैरेज में तथा दूसरा पंचायत भवन गुआ में स्थापित किया गया है. इस मशीन से पत्तल व दोना दोनों बनेगा. महिला समूह जंगल से पत्ता तोड़ इससे उच्च क्वालिटी का पत्तल व दोना बनाकर आर्थिक लाभ कमायेगी. इनके द्वारा बनाये गये दोनों समानों की बिक्री हेतु वन विभाग बाजार उपलब्ध करायेगी. उन्होंने कहा कि यह मशीन मुफ्त दिया गया है तथा खराब होने पर उसकी मरम्मत भी वन विभाग करायेगी।

AFFIDAVIT

I, Rajesh Bindal, S/o Asha Ram Bindal, Resident of TA#4, North Plot, Hindalco Industries Limited, Hindalco Colony, Post- Chotamuri, Distt- Ranchi, Jharkhand-835101, do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That My Name Rajesh Bindal is true and correct.
2. So, for Some Reason My Name Become Rajesh Asharam Bindal in my Passport.
3. Both Rajesh Bindal and Rajesh Asharam Bindal are the same and one person.

Affidavit No. 45
Dated : 09-04-2024

Deponent

कम मतदान लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा

किसी भी राज्य में जिस दिन चुनाव होते हैं उस दिन छुट्टी घोषित कर दी जाती है ताकि लोग मतदान कर सकें पर बड़े शहरों के अनेक संपन्न लोग घरों में सोने या पिकनिक मनाने या मूवी देखने को प्राथमिकता देते हैं जबकि रोज कमाने खाने वाले कम पढ़े लिखे लोग लाइन में लगकर मतदान करते हैं। आजादी के बाद से ही जितने भी चुनाव हुए है, उनमें लगभग आधे मतदाता मौसमी पलायन या अनिच्छा के कारण अपने मत का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं, ऐसा हर चुनाव में होता आया है। इसलिए लंबे समय से मांग उठती रही थी कि ऐसे लोगों के लिए मतदान का कोई व्यावहारिक एवं तकनीकी उपाय निकाला जाना चाहिए। उसी के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के द्वारा घरेलू प्रवासियों के लिए आरवीएम का प्रस्ताव एक सूझबूझ भरा एवं दूरगामी सोच एवं विवेक से जुड़ा उपाय है। आवश्यक है कि राजनीतिक दल ऐसे अभिनव उपक्रम का विरोध करने या अवरोध खड़ा करने की बजाय उसकी अच्छाइयों को स्वीकार करते हुए स्वागत करें। भारत में घटते मतदान को नियंत्रित करने एवं अधिकाधिक युवा मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में चुनाव आयोग के स्थापना दिवस को चिह्नित करने के लिए 25 जनवरी 2011 से शुरू किया गया था । निर्वाचन आयोग का उद्देश्य था कि देश भर के सभी मतदान केंद्रों में प्रत्येक वर्ष उन सभी पात्र मतदाताओं की पहचान की जाए, जिनकी उम्र एक जनवरी को 18 वर्ष हो चुकी हो। मतदान दिवस का उद्देश्य चुनाव में व्याप्त होते भ्रष्टाचार को नियंत्रित करना एवं लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करना भी है। एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि जहाँ दुनिया भर के चुनाव में लोगों की हिस्सेदारी घटती गई है वहीं भारत में मतदान का प्रतिशत बढ़ा है या काफी ऊँचे स्तर पर टिका हुआ है। दूसरे यहाँ विभिन्न स्तर की लोकतांत्रिक संस्थाओं में लोगों की दिलचस्पी सत्ता के हिसाब से घटती नहीं है। यहां संसद से ज्यादा दिलचस्पी विधानसभा और विधानसभा से ज्यादा दिलचस्पी मंत्रालय और स्थानीय निकायों के चुनावों में रही है। तीसरे भारत में गरीब और कमजोर लोगों की लोकतंत्र में आस्था औरों से कम नहीं है जबकि अमेरिका, अफ्रीका और यूरोप के देशों में बेघर और जातीय अल्पसंख्यकों की भागीदारी चुनाव में बहुत कम होती है। हमारे यहाँ तो सामाजिक, आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की भागीदारी सामान्य से ऊपर ही होती है। यहाँ ऊँची जाति के हिंदू की तुलना में दलित और अल्पसंख्यक मतदाता ज्यादा मुस्तैदी से वोट देते हैं। पिछले लगभग 15 वर्षों से भारतीय लोकतंत्र में पिछड़ों, गरीबों और कमजोरों की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। 1989 के एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन के अनुसार चुनाव में कम मतदान लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है। इसका एक कारण यह है कि मतदाता अचानक मतदान से दूर नहीं रहते। मतदाताओं के कुछ समूहों के दूसरों की तुलना में मतदान से दूर रहने की अधिक संभावना है। क्योंकि राजनेता मुख्य रूप से उन लोगों के हितों की सेवा करते हैं जो उन्हें वोट दे सकते हैं, कुछ नागरिकों के हितों की उतनी अच्छी तरह से सेवा नहीं की जाती जितनी दूसरों के लिए की जाती है। यह व्यापक रूप से स्वीकृत मानक दृष्टिकोण के विपरीत है कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक का समान प्रभाव होना चाहिए। नीति आयोग ने चुनाव आयोग को वर्ष 2024 से लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का सुझाव देकर एक सार्थक बहस की शुरूआत की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों चुनावों को एक साथ कराने का सुझाव दिया था। चुनाव एक साथ कराने का विचार बहुत नया हो, ऐसा भी नहीं है। पिछली सरकारों में भी समय-समय पर इस पर चर्चाएं होती रही हैं। लेकिन इस व्यवस्था को लागू करने में अनेक संवैधानिक समस्याएं भी हैं । इन सबका समाधान करते हुए यदि हम यह व्यवस्था लागू कर सके तो यह देशहित में होगा। जनता की गाढी कमाई की बबार्दी को रोकने, बार-बार चुनाव प्रक्रिया के होने से जनता को होने वाली परेशानी और प्रशासनिक कार्य में होने वाली असुविधाओं को रोकने के लिए चुनाव एक साथ कराने की व्यवस्था निश्चित रूप से लोकतंत्र को एक नई उष्मा एवं नया परिवेश देगी। यदि इसके लिये कोई सर्वमान्य रास्ता निकलता है तो सचमुच यह देश, समाज और लोकतंत्र के हित में होगा और मतदान भी बढ़ेगा।

इन दिनों

भाजपा की झोली कितनी भरेगी पूर्वोत्तर से

आरके सिन्हा

जिस पूर्वोत्तर भारत में सूरज की किरणें सबसे पहले पहुंचती हैं वहां की जनता तैयार है, एक बार फिर लोकसभा चुनाव में अपना फैसला सुनाने के लिए। बेशक, भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में 370 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है, तो 25 सीटें पूर्वांचल प्रदेशों की भी उसमें शामिल हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में आगामी 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। अगर बात पिछले यानी 2019 के लोकसभा चुनाव की करें तो पूर्वोत्तर में भारतीय जनता पार्टी ने जो झंडे गाड़े थे, उसे इस बार भी थामे रखने का पूरा भरोसा है। इस भरोसे के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह विश्वास है कि उन्होंने जिस तरह से पूर्वोत्तर की विकास की योजनाएं सिरे चढ़ाई हैं, उसके बाद वहां की जनता उनकी पार्टी और सरकार को कभी नहीं भूलेगी। इसमें एक पक्ष यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी की तरह ही गृहमंत्री अमित शाह ने भी पूरे पूर्वोत्तर भारत में विभिन्न शांति समझौते के तहत एक स्थायी शांति का माहौल बनाया है। चुस्त आंतरिक सुरक्षा के कारण ही पूर्वोत्तर के पूरे इलाके में कोई बड़ी हिंसक वारदात सुनाई नहीं पड़ रही है। हां मणिपुर इसका एक अपवाद अवश्य है और वहां भी गृह मंत्रालय ठोस समाधान की तरफ बढ़ रहा है। पूर्वोत्तर की 'सेवन सिस्टर्स' या सात बहनें कही जाने वाली राज्य इकाइयों समेत क्षेत्र के सभी आठ राज्यों को मिलाकर कुल 25 लोकसभा की सीटें हैं। असम में सबसे ज्यादा लोकसभा की 14 सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को 25 में से 21सीटें मिलीं थीं। भाजपा अबकी बार पिछला आंकड़ा पार करना चाहती है। अभी तक इंडी गठबंधन ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि उनका कोई बहुत बड़ा स्टेक पूर्वोत्तर के राज्यों में लगा है। ममता बनर्जी की टीएमसी और शरद पवार की एनसीपी पिछले चुनाव में यहां कुछ करने की एक अलग कोशिश की भी थी, लेकिन इस बार वह कोशिश भी कहीं दिखाई नहीं दे रही है। उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि शरद पवार खुद अपनी पार्टी और अपनी वजूद के लिए अपने भतीजे से लड़ रहे हैं तो ममता बनर्जी अपने घर में ही भ्रष्टाचार और सांप्रदायिक उपद्रवियों को बचाने के कारण घिरी हुई हैं। पूर्वोत्तर में भाजपा पर विश्वास की वजह पिछले दस साल में प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की सक्रिय रूप से विकास पर फोकस और शांति स्थापना की कोशिश है। इसके अतिरिक्त पूर्वांचल प्रदेशों के प्रभारी और सह प्रभारी डॉ. संबित पात्रा और राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा के लगातार प्रवासों और दिन -प्रतिदिन की मॉनिटरिंग ने पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा के संगठन को मजबूत ही किया है। मणिपुर में हालांकि केवल दो लोकसभा की सीटें है, लेकिन मोदी सरकार के लिए वहां के जनजातीय संघर्ष को खत्म करना बहुत जरूरी है, क्योंकि मणिपुर हिंसा इस समय एक राष्ट्रीय मुद्दा बना हुआ है, जो एक तरह से पिछली कांग्रेसी सरकारों की देन ही मानी जाती है। पुरानी समस्या के किसी सर्वमान्य निर्णय की लगातार कोशिश गृहमंत्री अमित शाह कर भी रहें हैं। हाल ही में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में भारत सरकार और मणिपुर सरकार ने मणिपुर के सबसे पुराने सशस्त्र समूह यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता सामान्य रूप से उत्तर पूर्व और विशेष रूप से मणिपुर में शांति के एक नए युग की संभावना को जन्म देता है। पहली बार है कि घाटी स्थित एक मणिपुरी सशस्त्र समूह हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने और भारत के संविधान और देश के कानूनों का सम्मान करने पर सहमत हुआ है। यह समझौता न केवल यूएनएलएफ और सुरक्षा बलों के बीच शत्रुता को समाप्त करेगा, जिसने पिछली आधी शताब्दी से अधिक समय से हजारों लोगों की जानें लीं, बल्कि समुदाय की दीर्घकालिक चिंताओं को दूर करने का अवसर भी प्रदान करेगा। यूएनएलएफ 1964 से ही सक्रिय था और यह भारतीय क्षेत्र के भीतर और बाहर दोनों जगह अपना ऑपरेशन चला रहा था। पूर्वोत्तर में स्थायी शांति के लिए प्रधानमंत्री मोदी अपने पहले कार्यकाल से ही तत्पर और सक्रिय हैं। गृहमंत्री अमित शाह कहते हैं कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों की नीतियां समस्याओं से ध्यान भटकाने और सत्ता का आनंद लेने की रही थी। जिसके कारण क्षेत्र में हजारों लोगों की मौत हुई। मोदी सरकार ने न केवल इन समस्याओं के स्थायी निदान के लिए पहल की, बल्कि उग्रवादी गुटों को भी हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए ईमानदारी से कोशिश की। असम में पिछले 40 साल में पहली बार सशस्त्र उग्रवादी संगठन उल्फा ने भारत और असम सरकार के साथ त्रिपक्षीय शांति समझौते पर कायम है। मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में पूर्वोत्तर में हिंसा के काले दौर को समाप्त करने की एक ईमानदार कोशिश हुई। मोदी सरकार के आने के बाद असम का सबसे पुराना उग्रवादी संगठन उल्फा हिंसा छोड़ने, संगठन को भंग करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने पर पूर्णतः सहमत हुआ। अमित शाह कहते रहे हैं कि उग्रवादी बहकाये हुए अपने ही लोग हैं। इन्हें अगर रोजगार के अवसर और सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए तथा नए भारत की तस्वीर दिखाई जाए तो यह हिंसा का रास्ता छोड़ देंगे और मुख्यधारा में शामिल होने के लिए आगे आएंगे। उल्फा के कैडरों का आत्मसमर्पण इसी विश्वास का परिणाम है। शाह की नीतियों की यह सफलता ही है कि पूरे नॉर्थ ईस्ट में 9000 से ज्यादा उग्रवाद पर चल रहे कैडरों ने समर्पण किया है। पूर्वोत्तर के राज्यों में लोगों की समस्याओं का तुरंत निदान नहीं हो पाने की बड़ी वजह संचार की सुविधा की कमी रही। मोदी सरकार ने इस पर एक बहुत बड़ी पहल की। उन्होंने पूरे देश के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र के सुदूर कोनों को भी 5जी कनेक्टिविटी से जोड़ना शुरू किया। मोबाइल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए सैकड़ों टावर गांवों में लगाए गए। पूर्वोत्तर की स्ट्रेटेजिक लोकेशन को देखते हुए मोदी सरकार इस क्षेत्र को आर्थिक संबंधों के लिए पूरब के द्वार के रूप में विकसित कर रही है। भारत के विकास में यहां के लोगों की आकांक्षाएं भी जोड़ रही है। इस समय पूर्वोत्तर में इंफ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी में जबरदस्त काम हो रहा है। पिछले 10 वर्षों में, पूर्वोत्तर में कई चीजें पहली बार हुई हैं। पूर्वोत्तर के कई हिस्से पहली बार रेल सेवा से जुड़ रहे हैं। आजादी के 75 साल के बाद मेघालय भारत के रेल नेटवर्क पर आया। नागालैंड को 100 साल बाद अब अपना दूसरा रेलवे स्टेशन मिला। पहली मालगाड़ी मणिपुर के रेलवे स्टेशन पहुंची। सिक्किम को पहला हवाई अड्डा मिला। मणिपुर में जातीय हिंसा पर विपक्ष मोदी सरकार की काफी आलोचना कर रहा है। जबकि केंद्र सरकार हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

आपकी बात

समझ से परे हैं ये गारंटियां

राकेश दुबे

देश में अजब परिपाटी बनती जा रही है, जनता से राजनीतिक दल आमचुनावों में ही संवाद करते है और माध्यम होता है चुनाव घोषणा पत्र इनमें वादे गारंटियों सब कुछ होता है और वो सब भी बहुवचन में। कोई दल अपनी गारंटी के पक्का होने की बात करता है, तो कोई दल कई गुना गारंटियों का दावा करता है। जबकि आम आदमी चाहता है कि उसे अपनी शिक्षा और योग्यता के अनुसार उचित नौकरी की गारंटी मिले। देश में भ्रष्टाचार का सफाया हो। देश में किसी को भूखा नहीं मरने दिया जाएगा। पिछले दिनों देश में मनरेगा की दरें बढ़ाने के वादे हुए। लेकिन आर्थिक विषयों के मर्मज्ञ अभी तक यह जान नहीं पाए कि मनरेगा जैसी योजना जिसमें वर्ष में बेरोजगार परिवार के एक सदस्य को 100 दिन का रोजगार दिया जाता है। आखिर उसके उत्पादन के किसी निर्दिष्ट लक्ष्य से क्यों नहीं जोड़ा जाता? क्यों अब तक लार्ड केन्स की थ्योरी ही चलती है कि सार्वजनिक निवेश करो चाहे गड्ढे खोदने और उन्हें भरने का ही काम क्यों न हो? लेकिन ऐसा काम क्यों? आखिर मनरेगा के समकक्ष निर्माण योजनाएं क्यों सामने नहीं आतीं? ताजा नई घोषणाओं में हर चुनावी दल के एजेंडे में महिलाओं को प्रति माह 1 हजार से 15 सौ रुपये देने के वादे हैं। मुफ्त राशन है, मुफ्त बिजली है और मुफ्त चिकित्सा भी। लेकिन अर्थशास्त्री कहते हैं कि इस तरह की उदारवादी घोषणाओं से राज्य अपनी आय प्राप्ति की सीमा से बाहर चले जाते हैं। अपने वादों या गारंटियों को पूरा करने के लिए उन्हें कर्ज चुकाने पड़ते हैं। हर कर्ज पर ब्याज अदा करना पड़ता है और मूल की वापसी भी करनी पड़ती है। देश में कर्जदार राज्य तो लगभग सभी हैं, लेकिन केरल जैसा पढ़ा-लिखा राज्य भी कर्ज के बोझ से कुछ इस तरह दब गया कि उसे अतिरिक्त कर चुकाने हेतु 10 हजार करोड़ की वित्तीय सहायता के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा है। पहले यह रुपया केन्द्र से मांगा था, केन्द्र ने मना कर दिया कि इस पर तो पहले ही बहुत कर्ज है। 13वें वित्तीय आयोग ने तीन राज्यों को कर्ज के जाल में फंसने के बारे में चेताया था। उन्हें इस जाल से बाहर आने के लिए वित्तीय सुधार के निर्देश दिए थे। ये राज्य थे केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल। अब राजनीति के तकाजे ये हैं कि मुफ्तखोरी की घोषणाएं निरंतर करनी पड़ती हैं। पंजाब का यह हाल है कि उसे अपने ग्रामीण विकास फंड का 6 हजार करोड़ रुपया केन्द्र से लेने के लिए भी सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है। हालांकि, केरल राजस्व प्राप्ति में पंजाब से आगे है लेकिन वहां कल्याणकारी राज्य कहलाने के लिए कर्जे भी अधिक लिए जा रहे हैं। दूसरी ओर पंजाब पर भी 3,23,135 करोड़ रुपये का कर्ज हो गया है। अगले वर्ष में यह घटने की बजाय 3,53,600 करोड़ हो जाएगा। दरअसल, निःशुल्क बिजली, बसों की मुफ्त यात्रा और अन्य रियायतों की योजनाएं राज्यों की अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ रही हैं। वैसे राज्य सरकारों का मुख्य राजस्व तो वेतन, पेंशन और ब्याज चुकाने पर ही खर्च हो जाता है। जनता के लिए लोकलुभावन घोषणाओं को पूरा करने के वास्ते अधिक से अधिक कर्ज उठाया जाता है। यह नीति बदलनी होगी। पहले हर राज्य यह समझ लें कि जो कर्ज वह केन्द्र या रिजर्व बैंक से ले रहा है, वो अंततः उसे चुकाना है। मूलधन ही नहीं, ब्याज सहित भी। इसमें कोई रियायत नहीं होगी। कर्ज का जाल तो हर देश, हर राज्य के लिए जंजाल है। इससे जूझने के उपाय भी उत्पादन और निवेश की धरातल पर होने चाहिए। केंद्र व शीर्ष न्यायपालिका ने मुफ्त बिजली और अन्य मुफ्त सुविधाएं देने वाले राज्यों को कर्ज के जाल में फंसने की चेतावनी दी है। लेकिन शायद यह दलगत या राजनीतिगत मजबूरी है कि वोटर वर्ग को आकर्षित करने के लिए हर दल दूसरे से आगे बढ़कर ऐसी लोकलुभावन घोषणाएं करता है। पहले जनकल्याण की जिम्मेदारी सार्वजनिक क्षेत्र को दी गई थी। इसके लिए दो साल पहले भारत की वित्तमंत्री ने घोषणा भी की थी कि अब बजट में बुनियादी उद्योगों पर निवेश में ही प्राथमिकता दी जाए ताकि देश में दीर्घकालीन और स्थायी विकास का आधार बने। लोकलुभावन घोषणाएं अतिरिक्त उत्पादन या निवेश का परिणाम नहीं होतीं, उससे देश की जीडीपी से लेकर देश के रोजगार में अतिरिक्त वृद्धि भी नहीं होती। हां, इतना अवश्य है कि राज्यों पर कर्ज का बोझ बढ़ जाता है। जो अंततः उनके हाथ बांध देता है क्योंकि उन्हें कर्ज तो अंततः चुकाने ही पड़ते हैं।

(भोपाल)

समृद्ध इतिहास

भारत की बेमिसाल विरासत से दुनिया स्तंभित

ललित गर्ग

मानव सभ्यता के इतिहास और विरासत को एक साथ सम्मान देने के लिए हर साल 18 अप्रैल को विश्व विरासत दिवस मनाया जाता है। यह दिन दुनिया भर की विभिन्न संस्कृतियों को प्रोत्साहित करने, सांस्कृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक स्मारकों और स्थलों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस दिवस को मनाते हुए यूनेस्को असाधारण मूल्य के सांस्कृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों की सुरक्षा में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के विकास के साथ जुड़े एक समृद्ध इतिहास को बढ़ावा देता है। पहला विश्व धरोहर दिवस ट्यूनीशिया में मनाया गया था। विश्व धरोहर दिवस की शुरूआत 1982 में इंटरनेशनल काउंसिल ऑन मॉन्यूमेंट्स एंड साइट्स (आईसीओएमओएस) ने की थी। इसके बाद 1983 में इसे 'यूनेस्को' की मंजूरी मिली। 2024 की आधिकारिक थीम 'हमारे वैश्विक विरासत की रक्षा करन' है। यूनेस्को किसी स्मारक या स्थल को धरोहर घोषित करता है तो उसके बाद उस जगह का नाम विश्व में काफी मशहूर हो जाता है। जिससे वहां विदेशी पर्यटकों का आवागमन भी काफी बढ़ जाता है, जिसका लाभ सीधा देश की अर्थव्यवस्था एवं वहां के पर्यटन व्यवसाय को मिलता है। विश्व धरोहर घोषित होने के बाद उस जगह का खास ध्यान रखा जाता है और उसकी सुरक्षा भी बढ़ा दी जाती है। यदि ये स्मारक ऐसे देश में है, जिसकी आर्थिक स्थिति सही नहीं है, तो यूनेस्को ही स्मारक की देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाता है। अंतरराष्ट्रीय स्मारक एवं स्थल परिषद और विश्व संरक्षण संघ ये दो संगठन है, जो इस बात का आकलन करते हैं कि स्थल विश्व धरोहर बनने लायक है या नहीं। साल में एक बार इस विषय के लिए समिति की बैठक होती है और फिर उन जगहों का चयन करती है, उसके बाद दोनों संगठन इसकी सिफारिश विश्व धरोहर समिति से करते हैं। फिर ये फैसला लिया जाता है कि उस जगह को विश्व धरोहर बनाना है या नहीं।

विश्व धरोहर दिवस की शुरूआत 1982 में इंटरनेशनल काउंसिल ऑन मॉन्यूमेंट्स एंड साइट्स (आईसीओएमओएस) ने की थी। इसके बाद 1983 में इसे 'यूनेस्को' की मंजूरी मिली।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

बोधि वृक्ष

भारत के खास मंदिर

राहु की पूजा के लिए रविवार का दिन काफी शुभ माना जाता है, ऐसे में काफी भक्त इस मंदिर में दूध से अभिषेक करने आते हैं। मान्यता है कि अभिषेक के दौरान मूर्ति पर दूध डालने पर उसका रंग नीला हो जाता है लेकिन जब मूर्ति के माध्यम से बहता हुआ जमीन पर गिरता है तो दूध फिर से सफेद हो जाता है। **(समाप्त)**

झारखंड में माता का ऐसा मंदिर : मां के आसन से फूल गिरे, तो समझो पूरी हुई मनोकामना

झारखंड के लातेहार जिले में मां उग्रतारा का प्राचीन मंदिर है। चंदवा के नगर गांव में एक हजार साल पुराना मां उग्रतारा का सिद्धपीठ है। नवरात्र के दौरान यहां 16 दिनों तक विशेष पूजा होती है, जिसमें हर समाज की भागीदारी होती है। मंदिर में स्थापित मां के आसन से फूल गिरने पर मनोकामना जरूर पूरी होती है। लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड के नगर गांव में सिद्धपीठ के रूप में 'मां उग्रतारा' का करीब एक हजार वर्ष प्राचीन मंदिर स्थित है। लातेहार जिले के अलावा पूरे झारखंड और देश के हर कोने से श्रद्धालु इस सिद्धपीठ में पूजा करने आते हैं। लोककथा के अनुसार, टोरी परगना के अंतिम राजा दिग्विजय नाथ शाही के पूर्वज आखेट के क्रम में लातेहार के मनकरी नामक स्थान पर गये थे। यहां रात को विश्राम के दौरान स्वप्न में देवी ने राजा को आदेश दिया, 'सुबह स्नान करने तालाब में जाओ।

(क्रमशः)

फेसबुक वॉल से

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-**article.rnmail@gmail.com**

देश में समरसता का माहौल

बृजनन्दन राजू

भारत की संस्कृति राममय है। राम राष्ट्रनायक हैं। भारत के जीवन दर्शन में सर्वत्र राम समाये हुए हैं। भारत की आस्था, भारत का मन, भारत का विचार, भारत का दर्शन, भारत का चिंतन, भारत का विधान राम से है। भारत का प्रताप, प्रभाव व प्रवाह भी राम हैं। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से राम की सर्वव्यापकता के दर्शन हुए। भारत के नगर, ग्राम, गिरी और कंदराओं से लेकर दुनिया के 125 देशों में रहने वाले हिन्दुओं ने उत्सव मनाया। युवाओं के लिए मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम से बढ़कर कोई आदर्श नहीं हो सकता। राम ने अपने जीवन का स्वर्णिम समय 'तरुणाई' को राष्ट्र के काम में लगाया। राम का सारा जीवन प्रेरणा से भरा है। राम की राजमहल से जंगल तक की यात्रा को देखें तो कठिनतम परिस्थितियों में भी वह अविचल रहे। उन्होंने समाज में सब प्रकार का आदर्श स्थापित किया। आदर्श भाई, आदर्श मित्र, आज्ञाकारी पुत्र, आज्ञाकारी शिष्य, आदर्श पति, आदर्श पिता और आदर्श राजा का उदाहरण स्वयं के आचरण से प्रस्तुत किया। पूरी अयोध्या के युवा उनके सखा थे। वह कामादिदोषरहितं, कुशल संगठनकर्ता, लोक संग्रही, मितव्ययी व मृदुभाषी थे। वाल्मीकि रामायण के अनुसार नारद जी ने महर्षि वाल्मीकि को राम के गुणों के बारे में बताते हुए कहा- इक्ष्वाकुवंश प्रभवो रामो नाम जनैः श्रुतः। नियतात्मा महावीर्यो द्युतिमान द्युतिमान वशी। नारद जी कहते हैं इक्ष्वाकुवंश में उत्पन्न राम मन को वश में रखने वाले, महाबलवान, कान्तिमान, धैर्यवान और जितेन्द्रिय हैं। वे बुद्धिमान, नीतिमान तथा वाग्मी यानि अच्छे वक्ता भी हैं। वे प्रतापवान, धर्मज्ञ, सत्यप्रतिज्ञ, प्रजाप्रतिपालक, अखिल शास्त्रों के तत्वज्ञ, वेदवेदांग के ज्ञाता, गंभीरता में समुद्र और धैर्य में हिमालय के समान हैं। राम के जीवनकाल की शुरूआत संतों की सेवा के साथ हुई। अत्याचारी रावण के आतंक से जब समाज चीत्कार कर रहा था। ऋषि मुनि सताये जा रहे थे। अनुसंधान के प्रत्येक कार्य में जब राक्षस विघ्न डालते और ऋषियों के यज्ञ विध्वंस किए जा रहे थे। रावण को चुनौती देने का साहस समाज नहीं जुटा पा रहा था। रावण का आतंक इतना बढ़ गया था कि ऋषि-मुनियों की हड्डियों के पहाड़ लग गये थे। हड्डियों के लगे पहाड़ देखकर राम ने प्रतिज्ञा ली थी कि निश्चिचर हीन करहु महिं भुज उठाय प्रण कीन्ह। राम ने राक्षसों का संहार कर समाज को अभय प्रदान किया। राम का करीब 16 वर्ष की अवस्था में विवाह हुआ। 18 वर्ष की अवस्था में वनवास हुआ। इसके बाद कानन, कठिन भयंकर भारी, 14 वर्ष वन में रहे। जंगल, महल, सुख-दुख, निन्दा प्रशंसा, यश-अपयश आदि की चिंता नहीं की। जो मिला उसे ग्रहण कि। जो कहा गया उसका पालन किया। राम को युवराज बनाने की तैयारी हो रही है लेकिन अचानक उन्हें समाचार मिला कि वन जाना है। राम विद्रोह नहीं करते वन जाने को सहर्ष तैयार हो जाते हैं। चक्रवर्ती सम्राट के पुत्र होकर भी घोर अभाव के बीच वन में 14 वर्ष व्यतीत करते हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

टेक वर्ल्ड

वाईफाई का पासवर्ड भूल गए? फिक्र ना करें, यहां है समाधान

डिफॉल्ट पासवर्ड का प्रयोग करें: अगर आपने अपने राउटर का पासवर्ड नहीं बदला है, तो आप उसका डिफॉल्ट पासवर्ड प्रयोग कर सकते हैं। इसके लिए, आपको अपने इंटरनेट ब्राउजर में राउटर के IP पते पर जाना होगा, और फिर डिफॉल्ट उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड के साथ लॉगिन करना होगा। आमतौर पर, राउटर के पिछले भाग में इसके लिए एक लेबल या कार्ड होता है जिसमें डिफॉल्ट पासवर्ड और उपयोगकर्ता नाम लिखा होता है।



मोबाइल एप्लिकेशन या सॉफ्टवेयर का उपयोग करें: कुछ विकसित कंपनियों ने ऐसे मोबाइल एप्लिकेशन या सॉफ्टवेयर तैयार किए हैं जो आपको अपने WiFi के पासवर्ड को पुनः प्राप्त करने में मदद कर सकते हैं। आप अपने स्मार्टफोन पर play store या app store में जाकर ऐसे ऐप्स की खोज कर सकते हैं और उन्हें इंस्टॉल करके अपने WiFi के पासवर्ड को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

डिवाइस पर वाइफाई कनेक्टेड होः अगर आपका कोई डिवाइस पहले से ही WiFi से कनेक्टेड है, तो आप उस डिवाइस की वायरलेस सेटिंग्स में जाकर पासवर्ड देख सकते हैं। इसे आप अपने डिवाइस के नेटवर्क और इंटरनेट सेटिंग्स में खोजकर देख सकते हैं।

(क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: **BIHHIN/1999/155**, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : **news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

एक नजर

मतदान के दिन बंगाल के मंत्री की गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग

कोलकाता। कूच बिहार से भाजपा के मौजूदा सांसद निसिथ प्रमाणिक ने बुधवार को चुनाव आयोग (ईसी) से शुक्रवार को मतदान के दिन पश्चिम बंगाल के मंत्री उदयन गुहा की आवाजाही पर रोक लगाने की मांग की। राज्य मंत्री होने के अलावा, गुहा कूच बिहार लोकसभा के अंतर्गत आने वाले सात में से एक दिनहाटा विधानसभा क्षेत्र से पार्टी के विधायक भी हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के सूत्रों ने कहा, आयोग को दिए अपने आवेदन में निसिथ प्रमाणिक ने दावा किया है कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद भी गुहा ने उन पर दो बार हमला कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आयोग ने बीआरएस अध्यक्ष चंद्रशेखर राव को नोटिस जारी किया

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व सीएम के. चंद्रशेखर राव को 5 अप्रैल को सिरसिला में कांग्रेस पार्टी के खिलाफ उनकी टिप्पणी पर नोटिस जारी किया है। आयोग ने बुधवार को नोटिस जारी करने के साथ ही उनसे 18 अप्रैल की सुबह 11 बजे तक अपनी टिप्पणियों के संबंध में अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है। के. चंद्रशेखर राव ने एक पत्रकार वार्ता में कांग्रेस को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद कांग्रेस नेता जी. निरंजन ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए अब चुनाव आयोग ने के. चंद्रशेखर राव पर कार्रवाई की है। आयोग ने यह भी कहा कि के. चंद्रशेखर राव को उनके भाषण को लेकर पहले भी कई सलाह और निर्देश जारी किये जा चुके हैं। चुनाव निकाय ने यह भी कहा कि निर्धारित समय के भीतर उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर चुनाव आयोग उचित कार्रवाई करेगा।

जातिगत जनगणना समाज के विकास के लिए जरूरी : राहुल

अखिलेश यादव ने कहा गठबंधन गाजियाबाद से गाजीपुर तक क्लीन स्वीप करेगा

कांग्रेस के मेनिफेस्टो में इंडी गठबंधन के आइडियाज शामिल हैं

एजेंसी। गाजियाबाद

लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण के मतदान से पहले बुधवार सुबह कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कौशाम्बी के एक होटल में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। राहुल ने जहां जातिगत जनगणना को समाज के विकास के लिए जरूरी बताया तो अखिलेश ने पश्चिम की हवा को देश में बदलाव का प्रतीक बताया।

राहुल ने कहा कि यह विचारधारा का चुनाव है। गठबंधन संविधान और लोकतंत्र की रक्षा कर रहा है। लोकसभा चुनाव में हमारे मुद्दे बेरोजगारी, महंगाई और भागीदारी हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि आज सारा पैसा 20-25 लोगों के पास है। इससे समाज मे आर्थिक असमानता बढ़ रही है। किसान फसल का सही दाम मांग रहा है, लेकिन मोदी सरकार नहीं सुन रही। कांग्रेस के मेनिफेस्टो में इंडी गठबंधन के आइडियाज शामिल हैं।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि गठबंधन गाजियाबाद से गाजीपुर तक क्लीन स्वीप करेगा। आज लूट और झूठ एनडीए गठबंधन की पहचान है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वोटों का बिखराव न होने दें।

हर हाल में बूथ की चौकीदारी करें। दोनों नेताओं ने गाजियाबाद से डॉली शर्मा, बागपत से अमरपाल शर्मा, गौतमबुद्धनगर से डॉ. महेंद्र नागर और बुलंदशहर से बाल्मीकि को वोट देने को अपील की।

राहुल किसी से नहीं डरते : डीके शिवकुमार

बेंगलुरु। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने बुधवार को बेंगलुरु में कहा कि राहुल गांधी बहादुर इंसान हैं, वो किसी से नहीं डरते। संवाददाताओं से बात करते हुए डिप्टी सीएम शिवकुमार ने कहा, राहुल गांधी पूरे देश में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। मैं भी कल वायनाड पहुंचकर चुनाव प्रचार में हिस्सा लूंगा। मुझे पूरा विश्वास है कि राहुल गांधी की मेहनत रंग लाएगी। वहीं, जब उनसे पूछा गया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लगातार बीजेपी पर यह आरोप लगा रहे हैं कि वो ईवीएम में फेरबदल कर नतीजों को अपने पक्ष में करने का प्रयास कर रहे हैं, तो डिप्टी सीएम ने कहा कि राहुल गांधी के पास इस बारे में ज्यादा जानकारी है। वो इस पर आपको अच्छी जानकारी दे सकते हैं। उन्होंने कहा, एनडीए सरकार नहीं बनाएगी, बल्कि अगर कोई केंद्र में सरकार बनाएगा, तो वो इंडिया गठबंधन है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता देवाशीष जरारिया ने दिया इस्तीफा

भोपाल। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता और मध्य प्रदेश की भिंड लोकसभा सीट के पूर्व प्रत्याशी देवाशीष जरारिया ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस में नेताओं ने मेरी राजनीतिक हत्या की जिम्मेदारी ले रखी है। देवाशीष जरारिया ने साल 2019 में बतौर कांग्रेस उम्मीदवार भिंड संसदीय सीट से लोकसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा था। इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया और उनके स्थान पर फूल सिंह बरैया को उम्मीदवार बनाया है, जिससे वे नाराज बताए जा रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्र में देवाशीष ने कहा है कि उनका टिकट काट दिया गया, इसके बाद न तो किसी बड़े नेता ने उनसे बात की, न ही प्रत्याशी ने उनसे संपर्क करना उचित समझा।

बिहार के औरंगाबाद में राजद कार्यालय में छापेमारी

नकद व प्रचार सामग्री बरामद

एजेंसी। औरंगाबाद

बिहार के चार लोकसभा क्षेत्रों में पहले चरण में होने वाले चुनाव को लेकर प्रचार का बुधवार को अंतिम दिन है। इसी बीच औरंगाबाद के राजद कार्यालय में चुनाव आयोग के निर्देश पर छापेमारी की गई। कार्यालय से 50 हजार रुपए और प्रचार सामग्री बरामद की गई है। दरअसल, औरंगाबाद में भी पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को मतदान है। पुलिस के मुताबिक, नगर थाना क्षेत्र के फार्म के समीप एक होटल में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यालय पर गुप्त सूचना के आधार पर फ्लाइंग सर्विलांस की टीम ने छापेमारी की। इस दौरान टीम ने कार्यालय से 50 हजार रुपए और काफी मात्रा में प्रचार सामग्री जब्त किया। छापेमारी के दौरान नगर थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार सिंह, एसडीपीओ संजय पांडेय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान राजद कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया और इसे एक साजिश करार दिया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि छापेमारी किसी के इशारे पर की जा रही है। सरकार उनकी है। छापेमारी तीन से चार घंटे चली। यहां गरीबों को दबाया जा रहा है। बता दें कि औरंगाबाद सीट के लिए बुधवार को प्रचार का आखिरी दिन है। यहां मुख्य मुकाबला भाजपा के सुशील सिंह और राजद के अभय कुशवाहा के बीच माना जा रहा है।

ओडिशा विस चुनाव : सीएम नवीन पटनायक दो सीटों से लड़ेंगे चुनाव

एजेंसी। भुवनेश्वर

ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक दो निर्वाचन क्षेत्रों से राज्य विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। सीएम पटनायक ने 2019 में भी दो विधानसभा क्षेत्रों गंजम में हिंजिली सीट और बारगढ़ में बीजेपुर से चुनाव लड़ा था। हालांकि, बाद में उन्होंने बीजेपुर सीट से इस्तीफा दे दिया था। सीएम पटनायक ने बुधवार को राज्य विधानसभा के लिए उम्मीदवारों की पांचवीं सूची की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह बलांगीर लोकसभा क्षेत्र के तहत कांटाबांजी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। इससे पहले उन्होंने अस्का संसदीय क्षेत्र के तहत अपने गृह क्षेत्र हिंजिली विधानसभा क्षेत्र से

छठी बार चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। कांटाबांजी में सीएम पटनायक और कांग्रेस के दिग्गज नेता संतोष सिंह सलूजा के बीच मुकाबला होगा। पार्टी ने दो विधानसभा क्षेत्र -- रायराखोल और संबलपुर से उम्मीदवार बदल दिए हैं। सीएम पटनायक ने घोषणा की कि वरिष्ठ नेता प्रसन्ना आचार्य संबलपुर सीट के बजाए अब रायराखोल से लड़ेंगे, जबकि रायराखोल के उम्मीदवार रोहित पुजारी संबलपुर से चुनाव लड़ेंगे। सत्तारूढ़ बीजू जनता दल ने निमापारा विधानसभा क्षेत्र से अनुभवी नेता समीर रंजन दाश की जगह दिलीप कुमार नायक को मैदान में उतारने का फैसला किया है। पार्टी ने मौजूदा विधायक रजनी कांत सिंह की पत्नी संजुक्ता सिंह को भी अंगुल विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है। इसी तरह, पार्टी ने चित्रकोंडा सीट से लक्ष्मीप्रिया नायक और कुचिंडा विधानसभा क्षेत्र से राजेंद्र कुमार छत्रिया को उम्मीदवार बनाया है। 147 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान चार चरणों 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून को होगा। नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे।

केजरीवाल को जेल से सरकार चलाने देने की मांग दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका

नई दिल्ली। तिहाड़ में बंद दिल्ली के केजरीवाल को जेल से सरकार चलाने की मांग करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। वकील श्रीकांत प्रसाद ने दायर याचिका में अरविंद केजरीवाल को अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बातचीत करने की इजाजत दिए जाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि न तो देश का संविधान और न ही कोई कानून प्रधानमंत्री या किसी मुख्यमंत्री को जेल से सरकार चलाने से रोकता है। ऐसे में अरविंद केजरीवाल को अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बात करने के लिए जरूरी प्रबंध करने के दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

दिल्ली की सभी 7 लोस सीट पर जीत हासिल करेगी भाजपा : खंडेलवाल

खंडेलवाल ने प्रभु श्रीराम व हनुमान जी का किया पूजन और लिया आशीर्वाद

एजेंसी। नई दिल्ली

मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी के अवसर पर चांदनी चौक लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार प्रवीण खंडेलवाल ने बुधवार को कनॉट प्लेस स्थित मंदिर में प्रभु श्रीराम एवं उनके अनुयायी हनुमान जी का दर्शन एवं पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। चांदनी चौक से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल ने रामनवमी के अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि राम मंदिर के उद्घाटन के बाद यह पहली रामनवमी है। मैंने हनुमान मंदिर में भगवान श्रीराम और

हनुमान जी का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि तीसरी बार फिर केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार बनेगी। खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा इस बार फिर राजधानी दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने आगे कहा कि जिस तरह से अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों को धोखा दिया है, लोग इस बार चुनाव में उसे वोट के जरिए धोखा देंगे और भाजपा को विजयी बनाएंगे।

अमित शाह ने छिंदवाड़ा में राम मंदिर में किए दर्शन

एजेंसी। छिंदवाड़ा

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के प्रवास पर पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रामनवमी के मौके पर बुधवार को यहां के ऐतिहासिक राम मंदिर में दर्शन किए। इस प्रवास के दौरान जहां उनका रोड शो हुआ, वहीं उन्होंने पार्टी के नेताओं को जीत का मंत्र भी दिया। केंद्रीय मंत्री अमित शाह बुधवार को रामनवमी के अवसर पर छिंदवाड़ा में ऊंट खाना स्थित राम मंदिर पहुंचे और दर्शन किए। यह ऐतिहासिक और लगभग 400 साल पुराना मंदिर है और इसका शंकराचार्य से करीबी नाता रहा है। केंद्रीय गृहमंत्री मंगलवार की शाम छिंदवाड़ा पहुंचे थे। उनका यहां ऐतिहासिक रोड शो हुआ। इस रोड शो को लेकर शाह भी संतुष्ट नजर आए और उन्होंने अपने एक्स पर भी लिखा, छिंदवाड़ा रोड शो का जोश और उत्साह भाजपा की प्रचंड जीत का संदेश दे रहा है।

मप्र की 6 सीटों पर थमा लोस चुनाव प्रचार

एजेंसी। भोपाल

मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में छह संसदीय क्षेत्रों में मतदान होने वाला है। इन क्षेत्रों में तमाम उम्मीदवार अपने प्रचार में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। शाम छह बजे चुनाव प्रचार थमने वाला है। राज्य में लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में छह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र - सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट और छिंदवाड़ा में 19 अप्रैल को सुबह सात से शाम छह बजे तक मतदान होना है, वहां पर 17 अप्रैल की शाम छह बजे से चुनाव प्रचार बंद हो जायेगा। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बालाघाट के तीन विधानसभा क्षेत्र -- बैहर, लांजी और परसवाड़ा में सुबह सात से शाम चार बजे तक ही मतदान होना है, इसलिए इन क्षेत्रों में 17 अप्रैल को शाम चार बजे से ही चुनाव प्रचार बंद हो जायेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिये निर्धारित समय के 48 घंटे से पहले चुनाव प्रचार बंद करने का प्रावधान है। प्रचार-प्रसार समाप्त होने की समय-सीमा के बाद बाहरी क्षेत्र के व्यक्तियों को, जो उस निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता नहीं हैं।

तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीटों पर 19 को मतदान

नई दिल्ली। तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीटों पर एक ही चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। 'मिशन साउथ इंडिया' को कामयाब बनाने में जोर-शोर से जुटी भाजपा इस बार तमिलनाडु को लेकर काफी मेहनत कर रही है। प्रधानमंत्री ने एक तरह से स्वयं तमिलनाडु में चुनाव प्रचार अभियान की कमान संभाल रखी है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह समेत पार्टी के तमाम आला नेता लगातार राज्य का चुनावी दौरा कर रहे हैं, रैलियां और रोड शो कर रहे हैं। चुनावी रणनीति के तहत भाजपा ने इस बार तमिलनाडु में रैलियों के साथ-साथ रोड शो पर भी ज्यादा फोकस किया है। पीएम, नड्डा, अमित शाह, राजनाथ सिंह और सीतारमण जैसे अन्य कई दिग्गज नेताओं ने मिलकर चुनावी जनसभाओं और रोड शो के जरिए कुल मिलाकर तमिलनाडु की सभी 39 लोस सीटों को कवर किया है।

मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो किसी और पहचान पत्र से डाल सकेंगे वोट

नोएडा। लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। कई बार यह देखने को मिलता है कि मतदाता पहचान पत्र नहीं होने के चलते लोग वोट करने नहीं जाते हैं। ऐसी स्थिति में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्रों में से किसी एक का प्रयोग करके भी लोग अपने मत का प्रयोग कर सकते हैं। जिन मतदाताओं के पास पहचान पत्र नहीं हैं, ऐसे मतदाता पहचान के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक, डाकघर से जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई से जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज को अपने साथ ले जा सकते हैं।

लालू यादव के प्रचार में आने से इंडिया गठबंधन की राह होगी आसान : सहनी

एजेंसी। नई दिल्ली

विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) प्रमुख मुकेश सहनी लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए बिहार की राजधानी पटना रवाना होने से पहले मीडिया से रूबरू हुए। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव द्वारा अपनी बेटी के चुनाव प्रचार करने पर वीआईपी अध्यक्ष मुकेश सहनी ने कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि लालू यादव चुनाव प्रचार के लिए निकले हैं। इसे इंडिया गठबंधन और हम लोगों के लिए और राह आसान हो जाएगा। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। मुकेश सहनी ने कहा कि देश का गरीब परेशान है और आप हर जिले में आलीशान होटल जैसे दफ्तर बना रहे हैं। पीएम मोदी के बयान, संविधान के निर्माण के समय 80 से 90 प्रतिशत सनातन के लोग थे, पर मुकेश सहनी ने कहा

कि हम लोग इस पर टिप्पणी नहीं कर रहे हैं, किसने बनाया इस पर बात करने की जरूरत नहीं है। बात इसपर होनी चाहिए कि 2014 में जब नरेंद्र मोदी सत्ता में आए तो आप क्या वादा करके आए। हर साल 2 करोड़ युवाओं से रोजगार का वादा किया था, क्या आप वो पूरा कर रहे हैं, आपने कहा था कि विदेश से काला धन लाएंगे। किसान की आय दोगुनी करने की बात कही थी, आपने कहा था कि 2022 तक पूरे देश में जितने गरीब हैं, उन्हें घर बनाकर देंगे। क्या आपने बनाकर दिया?

आज का राशिफल

मेष ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

वृषभ परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

मिथुन जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

कर्क लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।

सिंह अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

कन्या रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

तुला ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

वृश्चिक वृश्चिक : नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करें सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें।

धनु कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंगे।

मकर कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति का सहयोग मिलेगा।

कुम्भ कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है।

मीन लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्यायाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी।

लोस चुनाव : बिहार में दूसरे चरण की पांच सीटों पर 50 उम्मीदवार

पटना। बिहार में दूसरे चरण का मतदान 5 लोकसभा सीटों किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका पर 26 अप्रैल को होने जा रहा है। इन पांच सीटों पर राजग की तरफ से भाजपा का कोई उम्मीदवार चुनाव नहीं लड़ रहा है। इन पांच सीटों पर 50 उम्मीदवार मैदान में है। इनमें से 12 उम्मीदवार यानी 24 प्रतिशत पर कोई न कोई आपराधिक मामले दर्ज हैं। बिहार इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट के मुताबिक दूसरे चरण की पांच सीटों पर मैदान में उतरे 50 उम्मीदवारों में से 12 यानी 24 प्रतिशत पर कोई न कोई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें 9 यानी 18 फीसदी उम्मीदवार ऐसे हैं, जिन पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा कुल उम्मीदवारों में 14 उम्मीदवार (28 प्रतिशत) करोड़पति हैं। दूसरे चरण में उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 2.96 करोड़ रुपये है।

प्रियंका गांधी ने सहारनपुर में रोड शो से भरी हुंकार

एजेंसी। सहारनपुर

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा बुधवार को प्रथम चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सहारनपुर पहुंची। यहां प्रियंका गांधी ने कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद के पक्ष में रोड शो किया। इस दौरान प्रियंका गांधी ने जनता को संबोधित करते हुए केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। प्रियंका गांधी ने जैन बाग स्थित जैन मंदिर में भगवान महावीर के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद दोपहर

12 बजे उन्होंने अपना रोड शो शुरू किया। इस दौरान कांग्रेस और सपा नेताओं में उत्साह देखने को मिला। प्रियंका गांधी का रोड शो रायवाला, जेबीएस इंटर कॉलेज, कम्बोह का पुल, रांघडो का पुल और कुतबशेर होते हुए गुरुद्वारा रोड पर खत्म हुआ। यह क्षेत्र मुस्लिम आबादी वाला है। बता दें कि इंडिया गठबंधन की ओर से अभी तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कोई फायर ब्रांड नेता जनसभा करने नहीं पहुंचा था। पहले चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन बुधवार को प्रियंका गांधी गठबंधन प्रत्याशी इमरान मसूद के पक्ष में प्रचार करने सहारनपुर पहुंचीं। प्रियंका गांधी ने सहारनपुर महानगर में रोड किया। रोड शो से पहले प्रियंका गांधी को सिद्धपीठ शाकम्भरी देवी के दर्शन करने जाना था, लेकिन रामनवमी के दिन श्रद्धालुओं की भीड़ में सुरक्षा की दृष्टि से जिला प्रशासन ने अनुमति नहीं दी। प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने छोटे व्यापारी, गरीब, मजदूर के लिए कुछ नहीं किया। बड़े उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर दिया। भाजपा सरकार ने हमेशा अमीरों की जेब भरी है।

2019 में ट्रांसजेंडर्स के लिए भी मतदान की राह प्रशस्त की गई

ठाणे : ट्रांसजेंडर्स में भी मतदान को लेकर जबरदस्त उत्साह

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ट्रांसजेंडर्स को लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने का मौका मिला

एजेंसी। ठाणे

लोकतंत्र के महापर्व के आगाज होने में अब कुछ घंटे शेष रह गए हैं। चुनाव से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। महाराष्ट्र के ठाणे में इस बार महिला और पुरुष के अलावा ट्रांसजेंडर भी बड़ी संख्या में मतदान करने जा रहे हैं। पहले ट्रांसजेंडर्स को

मतदान करने की इजाजत नहीं थी, लेकिन साल 2019 के चुनाव में इस परिपाटी में बड़ा परिवर्तन करते हुए ट्रांसजेंडर्स के लिए भी मतदान की राह प्रशस्त की गई। इसके बाद देखा गया कि बड़ी संख्या में 2019 के आम चुनाव में ट्रांसजेंडर्स ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

सामने आए आंकड़ों के मुताबिक, शुरू में 918 मतदाता पंजीकृत थे। पांच साल बाद 2019 में यह संख्या दोगुनी होकर 2,086 हो गई। 4 अप्रैल 2023 तक राज्य के कुल मतदाताओं में 5 हजार 617 थर्ड जेंडर वोटर हैं। इस बार ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या सबसे ज्यादा ठाणे जिले में दर्ज की गई है। ठाणे जिले में 1 हजार 288 थर्ड जेंडर मतदाता पंजीकृत किए गए हैं। मुंबई उपनगर में 812 और पुणे में 726 मतदाताओं का पंजीकरण हो चुका है। इस साल 2024 में अलग अलग जिले में 45 से अधिक थर्ड जेंडर मतदाता पंजीकृत किए गए हैं।

2014 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ट्रांसजेंडर्स को लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने का मौका मिला था, जिसके बाद मतदान को लेकर उनमें काफी जोश दिखाई दे रहा है। ठाणे में 20 मई को मतदान होंगे, जिसे आमतौर पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का गढ़ बताया जाता है। ऐसे में यहां ट्रांसजेंडर की भूमिका अहम हो जाती है।

लोकसभा चुनाव से पहले 'आप' ने लॉन्च किया 'रामराज्य वेबसाइट'

एजेंसी। नई दिल्ली

आप ने रामनवमी के दिन बुधवार को रामराज्य की अवधारणा पर एक वेबसाइट को लांच की। आपका रामराज्य डॉट काम पर जाकर लोग आम आदमी पार्टी किस तरह रामराज्य की अवधारणा पर काम कर रही है इसे देख सकते हैं। आप ने लोकसभा चुनाव से पहले इस वेबसाइट को इसलिए लांच किया है, जिससे लोग उनकी पार्टी के कामों को देखे। बेवसाइट पर दिल्ली, पंजाब राज्य में राम राज्य की अवधारणा पर क्या काम हुए है इसके बारे में बताया गया है। वहीं गुजरात और गोवा में उनके विधायकों ने क्या काम किया है उसको भी दिखाया गया है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि प्रभु श्रीराम की नवमी के मौके पर आपका रामराज्य वेबसाइट को लांच किया गया। पहली रामनवमी है जब अरविंद केजरीवाल हमारे साथ नहीं हैं। वह जेल में हैं और संदेश भेजते रहते हैं। उन्हें झूठे बयानों के आधार पर आज जेल में डाल दिया गया है। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि रघुकुल रीति सदा चलि आई प्राण जाए पर वचन न जाई। इससे प्रेरणा लेकर अरविंद केजरीवाल पिछले नौ साल से काम में लगे हैं। भगवान श्रीराम ने 14 साल वन में रहकर अपना वचन निभाया। अरविंद केजरीवाल भी संघर्ष कर रहे हैं।

मूडी ने केकेआर के खिलाफ बटलर के शतक को 'महान आईपीएल शतकों' में से एक बताया

एजेंसी। नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर टॉम मूडी ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के बल्लेबाज जोस बटलर की प्रशंसा करते हुए उन्हें विजयी रन बनाने के लिए आखिरी गेंद तक खड़े रहने वाला एलीट एथलीट बताया है। उन्होंने यह भी कहा कि बटलर की पारी को महान आईपीएल शतकों में से एक माना जाना चाहिए। मंगलवार के मैच में जब केकेआर ने सुनील नारायण के शतक (56 गेंद पर 109 रन) की मदद से 224 रन का विशाल लक्ष्य रखा, तो आरआर लक्ष्य का पीछा करने को लेकर आशान्वित लग रहा था। हालाँकि, नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से उसका 14 ओवरों में स्कोर 128/6 हो गया, और बॉउंड्री लग नहीं रही थीं । बटलर, जो दूसरे छोर पर रोवमैन पॉवेल के साथ 33 गेंदों में 42 रन बनाकर खेल रहे थे, ने फिर मामले को अपने हाथों में लिया और हार के जबड़े से जीत छीन ली। उन्होंने आईपीएल में अपना सातवां शतक बनाया, जो उनके सबसे यादगार शतकों में से एक है और 60 गेंदों पर 107 रन बनाकर नाबाद रहे। इस सीजन में यह दूसरी बार था जब बटलर ने पारी की आखिरी गेंद पर जीत पक्की कर दी, जबकि अंतिम गेंद पर 1 रन की जरूरत थी। मूडी ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव पर कहा,हां, कोलकाता वह अवसर प्रदान करता है, हम सभी जानते हैं कि वहां पीछा करना बेहतर जगह है, पारी के अंतिम

भाग में बचाव करने की कोशिश करना हमेशा मुश्किल होता है। और, जब आपके पास क्रीज पर जोस बटलर जैसा खिलाड़ी हो , हालांकि पारी के बीच में हम थोड़ा हैरान थे कि अश्विन के आगे बढ़ने के साथ बल्लेबाजी क्रम में क्या हो रहा है, वह शांत रहे, वह वर्तमान में रहे और अपनी टीम को एक थ्रिलर मैच में जीत दिलाने में कामयाब रहे । जब आरआर को अंतिम ओवर में 9 रन चाहिए थे, तो थके हुए बटलर ने अपना शतक पूरा करने के लिए छक्का लगाया। फिर वरुण चक्रवर्ती ने लगातार तीन डॉट बॉल फेंकी. जब दो गेंदों पर तीन रन बनाने थे तब बटलर ने लॉन्ग-ऑफ पर प्रहार किया और डबल रन लिया। आखिरी गेंद पर विजयी रन हासिल किया गया क्योंकि आरआर ने आईपीएल के इतिहास में सबसे सफल रन चेज की बराबरी कर ली। ठीक है, वह आगे बढ़ता रहा क्योंकि वह एक विशिष्ट एथलीट है और यह आज के टी20 क्रिकेट या क्रिकेट के किसी भी रूप में दिखता है, आपको एक विशिष्ट एथलीट बनने की जरूरत है, आप केवल एक कुशल खिलाड़ी बनकर नहीं रह सकते और वह भी समय अच्छी तरह से बीत चुका है और वह एक विशिष्ट एथलीट है, यही कारण है कि वह अभी भी आखिरी गेंद पर विजयी रन बनाने के लिए खड़ा है, साधारण सी बात है कि वह एक बीमारी से वापस आ रहा है।" लक्ष्य का पीछा करते हुए बटलर की पारी के सर्वश्रेष्ठ आईपीएल शतकों में से एक होने के बारे में मूडी ने कहा, हां, अगर वह हां कह रहा है, तो मैं हां इसलिए कह रहा हूं क्योंकि वह बॉस है, है न? लेकिन इसे महान आईपीएल 100 में से एक मानना होगा।"

केकेआर के समर्थन में आगे आये शाहरुख खान

नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की राजस्थान रॉयल्स से निराशाजनक हार के बावजूद, फ्रेंचाइजी के सह-मालिक शाहरुख खान अपनी टीम के समर्थन में आए और कहा, यह भगवान की योजना लगती है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में केकेआर सदस्यों और कोच गौतम गंभीर को संबोधित करते हुए, स्टार बॉलीवुड अभिनेता को यह कहते हुए देखा जा सकता है, हम हार के लायक नहीं थे; यह भगवान की योजना लगती है। बाद में उन्होंने कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा है और अब टीम के सभी सदस्यों को अगले मैच पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। अभिनेता ने अपने भाषण में कहा, मुख्य बात हम सभी में ऊर्जा है। मुझे लगता है कि हमारे पास मैदान पर बहुत अच्छी ऊर्जा है, और व्यक्तिगत रूप से भी, हर कोई एक साथ जुड़ा हुआ है।

राफेल नडाल ने बार्सिलोना में विजयी वापसी की

एजेंसी। बार्सिलोना

पूर्व नंबर एक स्पेन के राफेल नडाल ने बार्सिलोना ओपन में विजयी वापसी की, जहां 12 बार के चैंपियन ने इतालवी फ्लेवियो कोबोली को 6-2, 6-3 से हराया। एटीपी टूर के हवाले से नडाल ने अपनी वापसी के बारे में कहा, हर बार यह अधिक कठिन होता है और खासकर जब आप अधिक उम्र में होते हैं, तो यह चीजों को और भी कठिन बना देता है। मैं कठिन क्षणों से गुजर रहा हूं लेकिन साथ ही, जब मैं कुछ दिनों के लिए

टूर पर रह पाता हूं और लोगों के साथ अभ्यास कर पाता हूं और फिर थोड़ी प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हो जाता हूं, तो यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। फिर भी आगे बढ़ना काफी सुखद है। मैं बिना किसी संदेह के जीत के साथ शुरूआत करके खुश हूं। 37 वर्षीय खिलाड़ी 2022 में अपनी 14वीं रौलां गैरो ट्रॉफी जीतने के बाद अपना पहला क्ले-कोर्ट मैच खेल रहे थे। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार की जीत सतह पर उनकी 475वीं जीत थी। 92 बार के टूर-लेवल टाइटलिस्ट का अगला मुकाबला चौथी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर से होगा, जिनसे नडाल अपनी एटीपी हेड-टू-हेड श्रृंखला में 3-1 से आगे हैं। नडाल का एटीपी 500 में 67-4 मैच रिकॉर्ड है, जहां उन्होंने पहली बार 2005 में खिताब जीता था।

युजवेंद्र चहल के नाम शर्मनाक रिकॉर्ड, फेंका आईपीएल इतिहास का सबसे महंगा स्पैल

एजेंसी। कोलकाता

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के बीच मैच के दौरान, लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल के नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड जुड़ गया है। चहल ने आईपीएल इतिहास में अपने चार ओवरों में सबसे ज्यादा रन देने का रिकॉर्ड बनाया है। चहल ने मैच में अपने 4 ओवरों के स्पैल में में 54 रन देकर 1 विकेट लिया। इससे पहले उन्होंने

2015 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ चार ओवर में 51 रन देकर 1 विकेट लिया था। वहीं राजस्थान के एक और अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने भी आईपीएल इतिहास में दूसरी बार सबसे महंगा स्पैल फेंका, उन्होंने अपने 4 ओवर में 49 रन दिये।

एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप : भारत ने नौ पदकों के साथ समाप्त किया अपना अभियान

महिला कुश्ती में 23 साल की राधिका ने रजत पदक जीता

एजेंसी। बिश्केक

भारतीय दल ने किर्गिस्तान के बिश्केक में एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 में नौ पदकों के साथ अपना अभियान समाप्त किया, इन नौ पदकों में चार रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं। मंगलवार को समाप्त हुई छह दिवसीय प्रतियोगिता में कुल 30 भारतीय पहलवानों ने भाग लिया। 30 पहलवानों में से दस ने पुरुष फ्रीस्टाइल, 10 ने पुरुष ग्रीको-रोमन और 10 ने महिला फ्रीस्टाइल में भाग लिया। पुरुषों की फ्रीस्टाइल

में, अंडर-20 एशियाई चैंपियन, उदित ने 57 किग्रा में रजत पदक जीता, जबकि अभिमन्यु (70 किग्रा) और विक्की (97 किग्रा) ने पहले दिन अपने-अपने वजन वर्गों में कांस्य पदक जीते। वहीं, महिला कुश्ती में 23 साल की राधिका ने शनिवार को 68 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि शिवानी पवार ने 50 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। अंजू और हर्षिता ने क्रमशः 53 किग्रा और 72 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीते।

आईटीटीएफ विश्व कप : मनिका, श्रीजा ग्रुप चरण में बाहर

मकाओ/चीन। भारतीय पैडलर्स मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला को यहां गैलेक्सी एरेना में आईटीटीएफ विश्व कप में क्रमशः शीर्ष चीनी पैडलर्स वांग मन्यु और गत चैंपियन चेन मेंग से बुधवार को हारकर ग्रुप स्टेज के दूसरे दौर से बाहर होना पड़ा। ।

वर्ल्ड नंबर 39 श्रीजा मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और वर्ल्ड नंबर 4 चीन की चेन मेंग से 1-3 (4-11, 4-11, 15-13, 2-11) से हार गईं और ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहीं। मनिका बत्रा भी दुनिया की नंबर 2 खिलाड़ी चीन के वांग मन्यु से 0-4 (6- 11, 4-11, 9-11, 4-11) से हारकर दूसरे स्थान पर रहीं।

केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर पर धीमी ओवर गति के लिए लगा जुमार्ना

अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है

एजेंसी। कोलकाता

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ आईपीएल 2024 मैच में धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए दंडित किया गया है। ईडन गार्डन्स में हुए मैच में, केकेआर को 223/6 का विशाल स्कोर बनाने के बावजूद आखिरी गेंद पर दो विकेट से हार का सामना करना पड़ा, क्योंकि

राजस्थान रॉयल्स ने 224 रनों का पीछा करते हुए जोस बटलर के नाबाद शतक (60 गेंद पर 107) की बदौलत आईपीएल में सबसे सफल रन-चेज के रिकॉर्ड की बराबरी की।

इंडियन प्रीमियर लीग के बयान में कहा गया है, चूंकि न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीजन का पहला अपराध था, इसलिए अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। हार के बाद, केकेआर छह मैचों में चार जीत के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है, जबकि आरआर ने सात मैचों में अपनी छठी जीत के बाद शीर्ष स्थान पर अपनी बढ़त मजबूत कर ली है।

गुकेश, प्राग, 3 अन्य के पास खिताब जीतने का वास्तविक मौका : सुसान पोल्गर

एजेंसी। चेन्नई

यह भविष्यवाणी करना बहुत करीब है कि टोरंटो में 2024 फिडे कैंडिडेट्स टूनार्मेंट में ओपन वर्ग में शीर्ष पर कौन आएगा, पूर्व महिला विश्व चैंपियन (1996-99), जीएम सुसान पोल्गर का मानना है कि दो युवा भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर्स (जीएम), डी. गुकेश और आर प्रग्गनानंद सहित पांच खिलाड़ी दौड़ में शामिल होंगे। । कैंडिडेट्स टूनार्मेंट - ओपन और महिला वर्ग - के विजेताओं को चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन -

जीएम लिरेन डिंग (ओपन) और जीएम वेनजुन जू (महिला) के खिलाफ विश्व खिताब के लिए खेलने का मौका मिलेगा।

पोल्गर ने आईएएनएस को बताया, यह कॉल करने के बहुत करीब है। नेपो (रूसी जीएम इयान नेपोमनियाचची) के पास अनुभव है, लेकिन गुकेश भी बहुत प्रेरित दिखते हैं। जीएम फैबियानो कारूआना, हिकारू नाकामुरा और प्रग्गनानंद भी ऐसे ही हैं।" हंगेरियन-अमेरिकी जीएम, जो 1984 में 15 साल की उम्र में दुनिया की शीर्ष रैंक वाली महिला शतरंज खिलाड़ी बनीं, ने कहा, यह अधिक रोमांचक कैंडिडेट्स टूनार्मेंट में से एक है, जिसमें पांच खिलाड़ियों के पास जीतने के लिए यथार्थवादी मौके हैं।

टीम पेरिस ओलंपिक में चमकने के लिए तैयार' हैं : हरमनप्रीत सिंह

एजेंसी। नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक शुरू होने में सिर्फ 100 दिन बचे हैं, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि टीम 'जीत के लिए भूखी, केंद्रित और चमकने के लिए तैयार है।' टोक्यो 2020 ओलंपिक में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतकर, चार दशकों से अधिक के इंतजार को समाप्त करने के बाद, टीम की नजरें अब अंतिम पुरस्कार स्वर्ण पदक पर हैं। इस आकांक्षा को हकीकत में बदलने के लिए भारत के सामने एक विकट चुनौती है। उनकी राह में मौजूदा

ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम (विश्व नंबर 2) के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया (विश्व नंबर 3), अर्जेंटीना (विश्व नंबर 7), न्यूजीलैंड (विश्व नंबर 10), और आयरलैंड (वर्ल्ड नंबर 12) की चुनौती रहेगी और क्वार्टरफाइनल में आगे बढ़ने के लिए पूल बी में कम से कम शीर्ष-दो में स्थान सुनिश्चित करना अनिवार्य है।

पॉवरप्ले तय करेगा पंजाब और मुंबई के बीच मैच का फैसला

मुल्लांपुर। पंजाब किंग्स का घरेलू मैदान मुल्लांपुर इस साल अकेला ऐसा मैदान रहा है जहां पर पावरप्ले में अधिक रन नहीं बने हैं, जिसका कारण है शुरूआत में तेज गेंदबाजों को यहां पर मिलने वाली मदद। जीत की पटरी पर लौटने का प्रयास कर रही पंजाब और मुंबई इंडियंस दोनों ही टीमों के लिए बल्लेबाज उनकी कुंजी हैं, ऐसे में यहां गुरुवार को होने वाले मुकाबले में बल्लेबाज और गेंदबाजों की जंग रोचक होगी।

एम्बाप्पे के गोल से पीएसजी चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में

एजेंसी। बार्सिलोना

किलियन एम्बाप्पे के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट-जर्मेन ने मंगलवार रात एस्टाडी ओलम्पिक लुलिस में एफसी बार्सिलोना पर 4-1 से दूसरे चरण की रोमांचक जीत (कुल मिलाकर 6-4) के बाद यूईएफए चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पीएसजी घरेलू हार और दो गोल से पिछड़ने के बाद उबर गया क्योंकि एम्बाप्पे ने पेनल्टी को गोल में बदल दिया और 4-1 से दूसरे चरण की जीत के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। पेरिसियों ने चुनौतीपूर्ण शुरूआत करते हुए मैच का पहला गोल खा लिया, जब रफिन्हा ने 12वें मिनट में गोल

करके स्कोर 1-0 और कुल स्कोर 4-2 कर दिया।

रोनाल्ड अराउजो ने लुइस एनरिक और उनकी टीम को पहले हाफ के बीच में जीवनदान दिया। अराउजो को सीधे लाल कार्ड मिला, जिससे बार्सिलोना को मैच के अधिकांश समय में दस खिलाड़ियों के साथ रहना पड़ा। लीग 1 की रिपोर्ट के अनुसार, पीएसजी ने स्थिति का फायदा उठाया और 40वें मिनट में ओस्मान डेम्बेले ने गोल करके मैच को 1-1 से बराबर कर दिया, जिससे कुल स्कोर 4-3 हो गया। दूसरे हाफ में, पीएसजी ने एक अतिरिक्त खिलाड़ी के साथ खेलने का फायदा उठाते हुए मुकाबले को पलट दिया। वितिन्हा ने 54वें मिनट में गोल करके कुल स्कोर 4-4 कर दिया और लीग 1 टीम ने मैच में 2-1 की बढ़त बना ली। डेम्बेले ने फिर से अपनी पूर्व टीम को परेशान किया क्योंकि 26 वर्षीय खिलाड़ी ने पेरिसियों के लिए पेनल्टी किक जीती। एम्बाप्पे ने 64वें मिनट में मौके को भुनाकर पीएसजी को मुकाबले में 3-1 की बढ़त और कुल स्कोर पर 5-4 की बढ़त दिला दी।

टी20 विश्व कप में खेल सकते हैं सुनील नारायण, शतक के बाद दिए संकेत

एजेंसी। कोलकाता

क्या घर पर होने वाले टी20 विश्व कप में खेलने के लिए सुनील नारायण संन्यास से वापसी करेंगे? कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शतक लगाने के बाद नारायण ने कम से कम यही संकेत दिए हैं। मैच के बाद नारायण ने कहा, अभी तो फि लहाल मैंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया हुआ है, लेकिन देखते हैं कि भविष्य में क्या होगा। नारायण ने पिछले साल नवंबर में संन्यास लिया था और कहा था कि वह घर पर बैठकर ही टी20 विश्व कप का आनंद लेंगे। मैच के बाद वेस्टइंडीज के टी20 कप्तान और इस मैच में नारायण के विपक्षी खिलाड़ी रोवमन पॉवेल ने भी स्वीकार किया कि वह लगातार नारायण के फैसले को बदलवाने की कोशिश कर रहे

हैं। उन्होंने कहा, पिछले 12 महीनों से मैं लगातार नारायण के कानों में फुसफुसा रहा हूं कि वह संन्यास से वापसी कर लें। हालांकि वह किसी की नहीं सुनते। मैंने इस बारे में कीरोन पोलार्ड, ड्वेन ब्रावो और निकोलस पूरन से भी बात की है। उम्मीद है कि जब तक टीम का चयन होगा, तब तक नारायण और सब लोग मिलकर इस बारे में कोई फैसला ले लेंगे। जीत के बाद पॉवेल ने कहा, टीम का मनोबल बहुत ऊंचा है।

व्यापार/लाइफ व साइंस

रामनवमी पर बंद रहा शेयर बाजार, अब गुरुवार को होगा कारोबार

मुंबई/नई दिल्ली। रामनवमी के अवसर पर अवकाश होने की वजह से बुधवार को शेयर बाजार, विदेशी मुद्रा बाजार और जिंस बाजार बंद रहा। शेयर बाजार में अब गुरुवार को कारोबार होगा। हालांकि, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एमसीएक्स) शाम 5 बजे के बाद कारोबार होगा। शेयर बाजार की साल 2024 के लिए जारी छुट्टियों

की लिस्ट में 17 अप्रैल रामनवमी को आधिकारिक अवकाश घोषित किया गया है। इसके कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) बंद रहा, जिसके कारण स्टॉक एकसचेंज में ट्रेडिंग नहीं हुई। बीएसई के अनुसार इक्विटी, इक्विटी डेरिवेटिव्स, एसएलबी और करेंसी डेरिवेटिव्स और इंटरेस्ट रेट डेरिवेटिव्स सेगमेंट भी आज ट्रेडिंग के लिए बंद रहेंगे। इसके अलावा अधिकांश राज्यों में रामनवमी के मौके पर बैंक भी बंद है। हालांकि, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एमसीएक्स) पर कमोडिटी डेरिवेटिव सेगमेंट सुबह सेशन के लिए तो बंद रहेगा लेकिन शाम के सेशन के लिए खुलेगा। एमसीएक्स शाम 5 बजे के बाद खुलेगा और ट्रेडिंग होगी, जो रात में 11:55 बजे बंद होगी। गौरतलब है कि रामनवमी पर छुट्टी रहने के कारण गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिशा, चंडीगढ़, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और हिमाचल प्रदेश में बैंक बंद हैं।

यूएनसीटीएडी ने 2024 में जीडीपी 6.5 फीसदी रहने का जताया अनुमान

संयुक्त राष्ट्र/नई दिल्ली। मूडीज रेटिंग्स और आईएमएफ के बाद संयुक्त राष्ट्र की संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास (यूएनसीटीएडी) ने अपनी एक रिपोर्ट में भारत की अर्थव्यवस्था 2024 में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया गया है। यूएनसीटीएडी ने मंगलवार देर रात जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत 2023 में 6.7 फीसदी की दर से बढ़ी है, जिसकी वर्ष 2024 में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है। इस रिपोर्ट के मुताबिक यह दुनिया में

सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास की रिपोर्ट के मुताबिक बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने के लिए देश में अपनी विनिर्माण प्रक्रियाओं का विस्तार कर रही हैं, जिसका भारतीय निर्यात पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में हुई वृद्धि मजबूत सार्वजनिक पूंजीगत निवेश ओर सेवा क्षेत्र की वृद्धि से प्रेरित रही है। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, रेटिंग एजेंसी मूडीज और एशियाई विकास बैंक ने कैलेंडर वर्ष 2024 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाया है। हालांकि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 7 फीसदी की आर्थिक वृद्धि दर रहने का अनुमान जताया है।

पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 90 डॉलर प्रति बैरल के करीब

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 90 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 85 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने बुधवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई फेरबदल बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये,डीजल 92.15

रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस सप्ताह के तीसरे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.54 डॉलर यानी 0.60 फीसदी की गिरावट के साथ 89.48 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.59 डॉलर यानी 0.69 फीसदी लुढ़ककर 84.77 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

इफको का नैनो यूरिया प्लस तीन साल के लिए अधिसूचित, कीमत 225 रुपये

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने नैनो यूरिया प्लस को तीन साल के लिए अधिसूचित किया है। इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड (इफको) का नैनो यूरिया प्लस उसके नैनो यूरिया का उन्नत फॉर्मूलेशन है। इसकी अधिसूचना जारी होने के साथ ही किसानों को नैनो यूरिया प्लस मिलना शुरू हो जाएगा। इफको के प्रबंध निदेशक (एमडी) और



मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. यूएस अवस्थी ने नैनो यूरिया प्लस की अधिसूचना जारी होने की जानकारी देते हुए कहा कि इफको का नैनो यूरिया प्लस (तरल) 16 फीसदी नाइट्रोजन ६/६ जो कि 20 फीसदी नाइट्रोजन ६/५ के बराबर है। इसको भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने तीन साल के लिए अधिसूचित किया है। उन्होंने कहा कि नैनो यूरिया प्लस की कीमत में वृद्धि नहीं की गई है। यह 225 रुपये की दर से 500 मिली. की बोतलों में उपलब्ध है। अवस्थी ने कहा कि नैनो यूरिया प्लस इफको का नैनो यूरिया का उन्नत फॉर्मूलेशन है, जो फसल विकास के महत्वपूर्ण चरणों में नाइट्रोजन की जरूरतों को पूरा करता है। उन्होंने कहा कि इससे मिट्टी की उर्वरता को बढ़ावा मिलेगा। अवस्थी ने बताया कि इसका उद्देश्य किसानों को फायदा पहुंचाना और स्थाई पर्यावरण बनाना है। उन्होंने कहा कि यह सूक्ष्म पोषक तत्वों को बढ़ावा देता है। यह एक क्लोरोफिल चार्जर है, जो बदलती जलवायु में खेती में मदद करता है।

फूड चेन वाओ! मोमो ने जेडथ्रीपार्टनर्स से 70 करोड़ जुटाए

नई दिल्ली। क्विक सर्विस रेस्तरां (क्यूएसआर) चेन वाओ! मोमो ने जेडथ्रीपार्टनर्स से 70 करोड़ रुपये की फंडिंग जुटाई है। यह राउंड मलेशिया के सॉवरेन वेल्थ फंड, खजाना नेशनल बेरहाद से 350 करोड़ रुपये की पिछली फंडिंग के बाद आया है। वाओ! मोमो वाओ! नाम से तीन ब्रांड चलाता है! मोमो, वाओ! चाइना एंड वाओ! चिकन। वाओ! मोमो के सीईओ सागर दयानी ने कहा, हम लगातार और लचीले रहे हैं और सतत विकास पर तेजी से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। निवेशकों के इस दौर ने हम पर जो विश्वास दिखाया है वह हमारे विश्वास को मजबूत करता है और हमें बदलाव लाने वाले बनने के लिए प्रेरित करता है। 2008 में लॉन्च हुई कंपनी के 38 शहरों में 600 से अधिक आउटलेट हैं। इसने अपने क्यूएसआर वर्टिकल के साथ एफएमसीजी सेक्टर में भी कदम रखा है।

एक नजर

पाटन में दो मोटर साइकिल की भिड़ंत में तीन घायल, हालत गंभीर

पाटन (पलामू)। पलामू के पाटन प्रखंड के लोईगा मुख्य पथ पर सड़क हादसा हुआ है. दो मोटरसाइकिल की भिड़े हुई है। जिसपर सवार तीन लोग घायल हो गए हैं। तीनों घायलों का इलाज मेदनीनगर में हो रहा है। जबकि लोईगा गांव निवासी ललन यादव के 20 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र यादव को गंभीर चोट लगी है। जबकि दो अन्य घायल रोहन कुमार (20 वर्ष) पिता मदन शाब व दीपू कुमार (20 वर्ष) पिता लालमोहन साव की हालत भी गंभीर है। ये घटना राजकुमार मिस्त्री नाम के शख्स के घर के सामने की बतायी जा रही है। किशनपुर के ओपी प्रभारी कुमार नीरज व मुखिया रंजीत कुमार यादव को घटना की सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे। फिर घायलों को बेहतर इलाज के लिए एंबुलेंस से मेदिनीनगर भेजा।

स्कूल बस के धक्के से 55 वर्षीय व्यक्ति घायल

मेदिनीनगर। गढ़वा जिले के रमकंडा थाना क्षेत्र के ग्राम रक्सी गांव निवासी नंदू चौधरी उम्र 55 वर्ष मंगलवार की शाम करीब 7:00 बजे सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए।इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया की नंदू चौधरी मंगलवार की शाम कुछ सामान लेने के लिए अपने घर से पास के ही गांव सबाने गए हुवे थे।तभी रास्ते में स्कूल बस ने उन्हे धक्का मार दिया। बस के धक्के से सड़क पर गिरकर वह नंदू गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद भी उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में भी इलाज के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया था।

भारी मात्रा में अफीम के साथ एक गिरफ्तार

गिद्धौर (चतरा)। पुलिस ने गिद्धौर थाना क्षेत्र से भारी मात्रा में अफीम बरामद किया। साथ ही पुलिस इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुट गई है। हालांकि इस संबंध में पुलिस औपचारिक तरीके से कुछ भी कहने से परहेज कर रही है। बताया जाता है कि इस छापेमारी में एसडीपीओ अजय कुमार केशरी, इंस्पेक्टर पप्पू शर्मा, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता शामिल थे। वहीं एसपी विकास कुमार पांडेय दोपहर गिद्धौर थाना पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। मिली जानकारी के अनुसार बरामद अफीम की मात्रा 15 किलो के करीब बताई जा रही है। मालूम हो कि पिछले कुछ दिनों में पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई शुरू की गई है। सूत्रों के अनुसार गुरुवार देर शाम तक थाना क्षेत्र के अलावे जिले में विभिन्न जगहों पर छापेमारी अभियान चलाया गया। इसमें पुलिस को अंतरराज्यीय तस्करों के खिलाफ सफलता हाथ लगी। मामले की विस्तृत जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर देने की बात कही जा रही है।

रामनवमी पर पलामू हुआ राममय

मेदिनीनगर। रामनवमी को लेकर पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर शहर समेत प्रखंड व ग्रामीण क्षेत्रों का वातावरण बुधवार को भक्तिमय हो उठा। भक्ति गीतों व जय श्रीराम-जय हनुमान के उदघोष-जयकरे से पूरा जिला शहर गूंजायमान रहा।शहर के लोग पूरे जोश के साथ भक्ति की शक्ति में डूबे दिखे।बुधवार की सुबह पलामू प्रमंडल मुख्यालय मेदिनीनगर शहर समेत जिला के अधिकांश प्रखंडों में रामनवमी के नवमी का जुलूस निकला गया। इसमें शहर के विभिन्न मुहल्लों की दर्जनों कमेटी, क्लब व संघ ने रथ व झांकियां निकाली। इसमें हजारों रामभक्तों ने भाग लिया। सैकड़ों महावीरी झंडे व अन्य विषयों पर आधारित करीब 50 झांकिया जुलूस में शामिल थीं।बुधवार को दिनभर झांकियों का शहर भ्रमण का सिलसिला जारी रहा। इससे पूरा शहर रामनवमीमय हो गया। जुलूस में बजाए जा रहे भक्ति गीतों व जय श्रीराम के नारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

कॉलेज में विद्यार्थियों के बीच चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जपला एके सिंह कॉलेज में भूमि सुधार उप समाहर्ता गौरांग महतो की अध्यक्षता में विद्यार्थियों की एक सभा की गई और मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों से यह जानकारी ली गई कि 18 वर्ष से अधिक के कितने विद्यार्थियों ने मतदाता सूची में नाम दर्ज कर लिया है, तो लगभग 90 प्रतिशत छात्रों ने नाम दर्ज होने की बात कही। उन्होंने चुनाव एवं मतदान संबंधी अनेक महत्वपूर्ण जानकारी शिक्षक एवं विद्यार्थियों को दी। इस मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में प्राचार्य सूर्य मणि सिंह, बीडीओ रौशन कुमार, पंचायत सचिव मोहम्मद शमीम अंसारी, जनसेवक अखिलेश शर्मा, आइक्यूएसी समन्वयक प्रो. अरुण कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. अशोक कुमार सिंह, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह, डॉ. राम सुभग सिंह, प्रो. राहुल सिंह, लेखपाल ओम प्रकाश सिंह सहित भारी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे। प्राचार्य सूर्य मणि सिंह ने कहा कि एके सिंह कॉलेज, जपला के एनएसएस की ओर से मतदाता जागरूकता हेतु शीघ्र ही मोटरसाइकिल जुलूस निकाला जाएगा।

चतरा में उत्पाद विभाग ने 3 लाख रुपये की अवैध शराब की जब्त

नवीन मेल संवाददाता

चतरा। उत्पाद विभाग की टीम ने जिले के राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोयरी टोला और राजपुर बाजार से उत्पाद अधीक्षक शिव कुमार साहू के पर्यवेक्षण में छापामारी अभियान चलाकर करीब तीन लाख रुपये के अवैध जहरीली नकली शराब बरामद करने के साथ दो को गिरफ्तार किया है। दो पिता-पुत्र बताए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार कैलाश दांगी और उसके पुत्र संजय दांगी फार्च्यून दुकान में नकली जहरीली शराब की तस्करी और निर्माण का धंधा संचालित करते थे। उत्पाद अधीक्षक श्री साहू ने बताया कि बिहार के गया में पहले चरण में हो रहे लोकसभा चुनाव और रामनवमी पर्व के मद्देनजर उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रमेश घोलप ने 17 से 19 अप्रैल शाम पांच बजे तक पूरे जिले में ड्राई डे घोषित कर रखा है।ऐसे में जिले में शराब की खरीद-बिक्री और सेवन पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसके बावजूद गुप्त सूचना मिली थी कि राजपुर बाजार के एक फॉर्च्यून दुकान में अवैध तरीके से देशी व विदेशी शराब स्टॉक कर उसे बिहार में खपाने की तैयारी चल रही है। साथ ही अवैध रूप से नकली शराब निर्माण और पैकिंग किया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उत्पाद अवर निरीक्षक अभिषेक आनंद व सहायक उत्पाद निरीक्षक आशीष कुमार पांडेय समेत पुलिस बल के साथ छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें राजपुर बाजार में संचालित कैलाश दांगी के फार्च्यून दुकान में छापामारी कर अवैध रुप से स्टॉक किए गए किंगफिशर और गॉडफादर कंपनी के बड़े पैमाने पर बियर के साथ विदेशी शराब जब्त किया गया। साथ ही मौके से गिरफ्तार दुकान संचालक ने पूछताछ में शराब के अन्य अवैध स्टॉक कोयरी टोला स्थित घर में रखे होने की बात कही। इसके बाद टीम ने उसके घर में भी छापेमारी कर घर से भी देशी विदेशी शराब और बियर की स्टॉक जब्त करते हुए अवैध कारोबार में संलिप्त उसके पुत्र संजय दांगी को गिरफ्तार कर लिया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार कैलाश के दुकान और उसके घर से करीब एक लाख 80 हजार 960 रुपये का किंगफिशर और गॉडफादर कंपनी का 1272 बोतल अवैध स्टॉक किया गया बियर व करीब 57 हजार रुपये का 261 बोतल में बंद करीब 61 लीटर 365 एमएल विदेशी शराब पकड़ा गया है।

मेदिनीनगर में उलगुलान न्याय रैली को लेकर हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान में आगामी 21 अप्रैल 2024 को रांची स्थित प्रभात तारा मैदान में आयोजित उलगुलान न्याय रैली को लेकर बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि उलगुलाम न्याय महारैली के लिए पलामू जिला से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता इस उलगुलान न्याय महारैली में भाग लेंगे और प्रभात तारा स्थित इस रैली में उपस्थित होकर महागठबंधन के तमाम नेताओं के साथ-साथ कांग्रेस के शीर्ष नेता आदरणीय मल्लिकार्जुन खड़के आदरणीय श्रीमती सोनिया गांधी जी आदरणीय श्री राहुल गांधी जी के बातों को सुनकर इनकी बातों को जन-जन तक पहुंचने का काम कि जाएगा यह महा रैली से झारखंड की दिशा करेगी लोकसभा चुनाव में 14 के 14 सीटों में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित होगी प्रदेश की जनता ने ठाना है की झारखंड से भारतीय जनता पार्टी को तड़ीपार किया जाएगा बैठक में सोमेश्वर प्रसाद पूर्णिमा पांडे ओमप्रकाश अमन विनोद तिवारी समीम अहमद राइन अजय साहू जितेंद्र कमलापुरी

रामनवमी के दिन अपने माता-पिता की स्मृति में किया भंडारे का आयोजन

मेदिनीनगर। श्री रामनवमी पूजा महोत्सव को लेकर जितेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने अपने माता स्वर्गीय देवन्ति देवी और पिता स्वर्गीय गोपाल प्रसाद अग्रवाल के स्मृति में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी त्योहार के मौके पर शहर के छह मुहान चौक के पास भव्य भंडारा का आयोजन कराया। भंडारा के पूर्व जितेंद्र अग्रवाल ने अपने सभी छोटे बड़े भाइयों को पगड़ी पहना कर और तलवार देकर रामनवमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। पगड़ी पोषी के बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया गया।भंडारा में पूड़ी,सब्जी,बुंदिया कोलड्रिंक सहित अन्य खाद्य पदार्थों की सुविधा उपलब्ध थी। भंडारा में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे को सफल बनाने में संतु कुमार,अजीत गुप्ता, बलराम प्रसाद अग्रवाल, अंबिका प्रसाद अग्रवाल, सोनू गुप्ता सहित अन्य अग्रवाल परिवार का अहम भूमिका रहा।

कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने भगवती मंदिर में टेका माथा

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। चतरा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस का प्रत्याशी घोषित होने के बाद केएन त्रिपाठी ने चंदवा के मां नगर भवगती मंदिर में माथा टेका और जीत की कामना की। उन्होंने मंदिर में जा कर पूजा अर्चना की। बाद में उन्होंने कहा कि आज रामनवमी का पर्व है और इस मौके पर वे माता के शरण में आये हैं। इसके बाद वे चंदवा पहुंचे। यहां कांग्रेसिया ने उनका भव्य स्वागत किया। प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने उनका माल्यापर्ण कर स्वागत किया। मौके पर मोफिल खान, लखन जायसवाल, प्रशांत भगत, हेरहंज प्रखंड अध्यक्ष लाडले हसन, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष अमीर हयात, बारीयातू प्रखंड अध्यक्ष रिगन प्रसाद, राजकिशोर सिंह, नंदकिशोर यादव, सुरेंद्र पासवान, रिंकू खान, अख्तर अंसारी, मोतिउर रहमान, बजरंगी सिंह व मंजू देवी समेत बड़ी संख्या में पार्टी नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसके बाद वे भद्रकाली मंदिर इटखोरी के लिए रवाना हो गए।

डीसी-एसपी ने किया जूलूस रूट का निरीक्षण व फ्लैग मार्च

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। गुरुवार को हुसैनाबाद में निकलने वाला रामनवमी जूलूस को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। जुलूस में शांति और आपसी भाईचारा कायम रहें, इसको लेकर जिला प्रशासन अपनी पैनी नजर बनाएं हुए है। जूलूस रूट में विधि व्यवस्था बनाएं रखने के लिये बुधवार को पलामू उपायुक्त शशि रंजन और पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन रामनवमी रूट का भौतिक निरीक्षण व फ्लैग मार्च किया। निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया की सभी चिन्हित स्थानों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल प्रयाप्त मात्रा में तैनात रहेगें। ड्रोन कैमरे से जूलूस की निगरानी की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की हैं कि सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से राम के आदर्शो पर चलते हुये आपसी भाईचारे के साथ पर्व को मनाएं। अफवाह सामने आने इसकी जानकारी

अफवाहों से दूर रहें : डीसी

त्वरित स्थानीय थाना को दें। साथ ही उन्होंने रामनवमी की शुभकामनाएं देने के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के तहत प्रभावी आदर्श आचार संहिता की तरफ भी आकृष्ट किया। जूलूस के दौरान किसी भी राजनीतिक दल का झंडा या उसका प्रचार- प्रसार नहीं करने का निर्देश दिया। साथ ही जूलूस में डीजे बजाने पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं किसी वैसे गीत, गाना नहीं बजनी चाहिए जिससे किसी दूसरे धर्म के लोगों को ठेस पहुंचे। निरीक्षण के दौरान हुसैनाबाद एसडीएम पीयूष सिन्हा, एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो, छतरपुर एसडीएम, एलआरडीसी गौरांग महतो,थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी, बीडीओ रौशन कुमार समेत पुलिस के कई जवान शमिल थे।

आचार संहिता उल्लंघन मामले में वीडी राम पर प्राथमिकी दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

धुरकी । पलामू सांसद सह भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम पर आचार संहिता उलंघन का मामला धुरकी थाने में दर्ज किया गया है। धुरकी प्रखंड के जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार ने चुनाव आयोग को आवेदन देकर सांसद पर आचार संहिता उलंघन करने को लेकर कार्यवाई की मांग की थी। सांसद पर 14 अप्रैल को बिना अनुमति के पंचायत भवन मे बैठक करने का आरोप है। इस मामले को लेकर बीडीओ धुरकी के आवेदन पर धुरकी थाना मे मामला दर्ज हुआ है। एक दिन पूर्व झामुमो नेता अनंत प्रताप देव और ताहिर अंसारी पर भी धुरकी बीडीओ ने आचार संहिता का मामला दर्ज करवायी थी। बीडीओ के आवेदन के आधार पर सांसद विष्णु दयाल राम व अन्य अज्ञात कार्यकताओं के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता के

दौरान पंचायत सचिवालय, अंबाखोरया में बगैर अनुमति के राजनीतिक नारेबाजी करने के आरोप में मामला दर्ज हुआ है। इस संबंध में थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि बीडीओ के आवेदन के आधार पर काण्ड संख्या- 38/24 में एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्यवाई की जा रही है।

35 सालों से मुस्लिम परिवार बना रहा महावीरी झंडा

पूर्वजों के समय से ही पूरा परिवार बना रहा झंडा, हिंदू-मुस्लिम का नहीं है कोई भेद

नवीन मेल संवाददाता

पांकी/ पलामू । रामनवमी के मद्देनजर पांकी का मुस्लिम समुदाय महावीरी झंडा खूब बनाते हैं। एक माह से दिन-रात महावीरी झंडे बना रहे हैं। कारीगर युनूस खलीफा ने बताया कि महावीरी झंडा तैयार करने में अली हसन, समीम खलीफा, मुस्तकीम खलीफा सहित पूरा परिवार जुटा हुआ है। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। झंडा सिलने की शुरूआत मरहूम दोष खलीफा के समय शुरू हुई। उसके बाद पूरा परिवार इस परंपरा को निभाता आ रहा है। उन्होंने कहा कि दो साल पूर्व लॉकडाउन की वजह से हमलोगों के व्यवसाय पर प्रतिकूल असर पड़ा था। परंतु इस वर्ष अयोध्या में रामलला के विराजमान होने से रामनवमी पर्व का उत्साह काफी है। झंडे की डिमांड भी बढ़ गई है। एक मीटर से लेकर चार पांच मीटर तक का झंडा तैयार किया जा रहा है। लगभग बारह हजार महावीरी झंडा तैयार किया गया है। इससे अच्छी कमाई हो जाती है। साथ ही आपसी सौहार्द्र भी बना रहता है।

मंदिर के सामने ही महावीरी झंडा बनाते हैं

युनूस : खलीफा परिवार के लोग पिछले कई दशकों से बाजार शेड में फेरी का दुकान लगाकर महावीरी झंडा तैयार करते हैं। युनूस खलीफा ने बताया कि हम लोगों को आज तक कभी भी हिंदू मुस्लिम में फर्क नहीं दिखाई दिया। सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक मंदिर के सामने ही झंडा तैयार करते हैं। व्यवसाय में भी किसी तरह का कोई भेदभाव नहीं देखने को मिलता है। सामाजिक समरसता आपस में हमेशा की तरह आज भी झलकता है।

पेज एक के शेष

12 बजे से हुआ ...

लिए लाखों की संख्या में भक्त अयोध्या पहुंचे हुए हैं। इस दौरान राममंदिर में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र समेत प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कल्पना ने दी ...

जिस तरीके से शक्तिशाली होते हुए भी उन्होंने हमेशा धैर्य एवं सहनशीलता दिखायी है, हमेशा ज्ञानी होने के बावजूद, ज्ञान पाने की तत्परता दिखायी थी और जिस प्रकार से युद्ध में अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर भी उन्हें सम्मान के दृष्टि से देखा था। आज सभी को भगवान राम के आदर्शों को सच्चे ढंग से समझने की जरूरत है।

अगले 5 वर्षों में गरीबों के...

जब मोदी असम की धरती पर आया है तब गारंटी लेकर आया है। 'मोदी की गारंटी' यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी।

उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सियासी फायदे के लिए इन क्षेत्रों को अपने पंजे में फंसा कर रखा था। कांग्रेस के पंजे ने नॉर्थ ईस्ट को इसलिए जकड़ कर रखा था ताकि उनके लिए भ्रष्टाचार और लूट के दरवाजे खुले रहें। अब ये पंजा खुल गया है तो असम में सबका साथ, सबका विकास का मंत्र लागू हुआ है। असम आज केवल दूसरे राज्यों की बराबरी नहीं कर रहा, बल्कि विकास के नए रिकॉर्ड बना रहा है। जिस असम में सड़के नहीं होती थी, वहां 10 साल में 2,500 किलोमीटर नेशनल हाईवे बने हैं, आज देश का सबसे बड़ा ब्रिज भूपेन हजारिका सेतु असम में है, आज देश का सबसे लंबा बोगीबील ब्रिज असम में है, अब गुवाहाटी में असम का अपना एम्स खुल चुका है। असम के पांच जिलों में कैंसर अस्पताल खोलने की योजना में भी तेजी से काम चल रहा है।

टेम्पो दुर्घटना में चार की...

इस घटना की जानकारी मिलते ही शहर थाना टीओपी वन प्रभारी इंद्रदेव पासवान अपने टाइगर मोबाइल के जवानों के साथ सदर अस्पताल पहुंचकर घटना की छानबीन में जुट गए है। वहीं, मृतक के परिजनों ने बताया कि बुधवार की सुबह सभी एक टेंपो पर सवार होकर मनातू बरौरा शरीफ मजार पर गए थे। उधर से शाम के समय घर वापस लौटने के क्रम में सदर प्रखंड के पोखराहा में अनियंत्रित होकर टेंपो पलट गया। इस घटना में टेंपो पर सवार सभी लोग घायल हो गए थे। वहीं चार लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई है।

लोहरदगा में रामनवमी ...

वह बाजार समिति के पीछे रहती थी। समाचार लिखे जाने तक एक अन्य मृतक महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। उसकी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जुलूस राणा चौक से आगे बढ़ रहा था। इसी क्रम में डीजे बंधा पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर जुलूस में शामिल लोगों को रौंदते हुए आगे बढ़ गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद डीसी डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हरीश बिन जमां, डीडीसी दिलीप सिंह शेखावत सरदार अस्पताल पहुंचे और घायलों का इलाज बेहतर तरीके से करने का निर्देश दिया। घायलों में रोहन साहू, बजरंग साहू, सूरज गोस्वामी को नाजुक स्थिति देख सदर अस्पताल से रांची रिम्स रेफर किया गया है। सदर अस्पताल में 19 घायल व्यक्तियों का ईलाज किया जा रहा है जबकि, घटना के बाद लगभग दर्जनों व्यक्ति शहर के विभिन्न निजी अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं। घायलों में रंजीत साहू, मुकेश साहू, प्रियांशु कुमार, अमित कुमार, संतोष वर्मा, शिव शंकर राम, अखिलेश कुमार, अजय साहू, प्रकाश साहू, सिकंदर साहू, रंजीत साहू, बालेश्वर साहू, मुकेश साहू, संदीप मिश्रा, आर्यन कुमार, विजय कुमार, सुधांशु कुमार समेत अन्य आदि शामिल हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

"Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

देशभर में रामनवमी की धूम, अयोध्याधाम में रामलला का किया गया दिव्य अभिषेक

एजेंसी। नई दिल्ली

देश में रामनवमी की धूम रही। सुबह से मंदिरों के बाहर लोग मंदिरों के बाहर कतारबद्ध हैं। दिल्ली के झंडेवालान मंदिर, कालकाजी शक्ति पीठ और छतरपुर मंदिर में लोग मां दुर्गा के रूपों की पूजा-अर्चना कर रहे हैं। अयोध्याधाम में 500 साल के लंबे इंतजार के बाद प्रभु श्रीराम के जन्म स्थान बने भव्य-दिव्य मंदिर में रामनवमी का त्यौहार धूम-धाम से मनाया जा रहा है।

अयोध्याधाम में सूर्यवंशी भगवान श्रीराम के माथे पर स्वयं सूर्यदेव तिलक करेंगे। भगवान रामलला के ललाट पर सूर्य किरण 12 बजकर 16 मिनट पर करीब पांच मिनट तक पड़ेगी। इसके लिए महत्वपूर्ण तकनीकी व्यवस्था की गई है। वैज्ञानिक इस अलौकिक पल को पूरी भव्यता से प्रदर्शित करने के लिए जुटे हुए हैं। आज रामलला भक्तों को 19 घंटे दर्शन देंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सिर्फ राम जन्मोत्सव के दिन यानी 17 अप्रैल को ही दर्शन की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है। सुबह 3:30 बजे से भक्तों को दर्शन कराए जा रहे हैं। रात 11 बजे तक शृंगार, राग-भोग और दर्शन साथ-साथ चलेंगे।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने सुबह श्री राम जन्मभूमि मंदिर में राम लला का दिव्य अभिषेक किया। बेंगलुरु में रामनवमी के अवसर पर कोदंड राम स्वामी मंदिर में विशेष पूजा की गई है। गुजरात में सूरत के मंदिरों में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं। ओडिशा के पुरी में रामनवमी के अवसर पर रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने रेत से भगवान राम की मूर्ति बनाई। हरियाणा में पंचकूला के मनसा देवी मंदिर में लंबी कतार लगी हुई है। कटरा में माता वैष्णो देवी मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की शक्तिपीठों में भी लोग मां के दर्शन कर रहे हैं।

योगी ने किया कन्या पूजन, भोजन के बाद दक्षिणा देकर लिया आशीर्वाद

गोरखपुर। यूपी के मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि पर गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार कन्या पूजन किया। मुख्यमंत्री योगी ने परंपरा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया। सीएम योगी ने सबसे पहले कुंवारी कन्याओं के पांव धोये। गोरखनाथ मंदिर के नव भोजनालय में आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में योगी ने नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं का विधि-विधान से पूजन किया। उनके माथे पर रोली, चंदन, अक्षत का तिलक लगाया। उनके पांव पखारे, चुनरी ओढ़ाई और आरती उतारते हुए भोजन कराया। उसके बाद दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लिया। पूजन के बाद इन कन्याओं को मंदिर की रसोई में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद सीएम योगी ने अपने हाथों से परोसा। कन्याओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पहुंचे बटुकों को भी श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर उपहार और दक्षिणा दिया गया।

यूपी के मुख्यमंत्री योगी ने गोरखनाथ मंदिर में मनाया श्रीराम जन्मोत्सव

यूपी के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने बुधवार दोपहर श्रीरामनवमी के महापर्व पर विधि-विधान से भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर मंदिर परिसर प्रभु श्रीराम के भजनों से गुंजायमान रहा। वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि पर गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन का अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी मंदिर परिसर स्थित राम दरबार पहुंचे। दोपहर के 12 बजते ही उन्होंने पालने में विराजमान प्रभु श्रीराम के बाल स्वरूप के विग्रह की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना की। प्रभु विग्रह को तिलक लगाने और माल्यार्पण करने के बाद आरती उतारी। पूजन का अनुष्ठान पूर्ण करने के साथ सीएम योगी ने बाल स्वरूप भगवान को पालने में झुलाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने भगवान श्रीराम से लोकमंगल की प्रार्थना की।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने रामनवमी पर देशवासियों को दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रामनवमी पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। खरगे ने बुधवार को एक्स पोस्ट में कहा कि सभी देशवासियों को रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं। आशा है कि यह पर्व सभी के जीवन में संयम, त्याग, मर्यादा, सत्यता, सेवा व करुणा के महान आदर्शों का संचार करेगा और सबको सन्मति, खुशहाली व समृद्धि प्रदान करेगा।

प. बंगाल में रामनवमी पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में बुधवार को रामनवमी के मौके पर सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। कोलकाता से लेकर उत्तर और दक्षिण बंगाल में चुनाव आयोग की ओर से पुलिस प्रशासन को खास तौर पर सतर्कता बरतने और हर हाल में कानून व्यवस्था बहाल रखने के निर्देश दिए गए था। मुख्यमंत्री ममता ने अपनी कई चुनावी जनसभाओं में रामनवमी के मौके पर सूबे में हिंसा भड़कने की आशंका जाहिर की थी। इसलिए त्योहार के बावजूद लोग डर के साए में थे और इस बात की आशंका थी कि राज्यभर में रामनवमी की शोभायात्राओं पर कहीं-कहीं हमले हो सकते हैं। रामनवमी के पहले हर जिले के हर एक थाने में रामनवमी शोभायात्रा निकालने वाले आयोजकों और अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिनिधियों के बीच शांति समन्वय बैठक की गई और सभी से शांति बनाए रखने को कहा गया था। एक शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि चुनाव के समय कानून व्यवस्था आयोग के हाथ में है और हर एक जिले के प्रशासन को शांति व्यवस्था बहाल रखने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य में चुनावी ड्यूटी के लिए तैनात की गई सेंट्रल फोर्स को भी कई जगह शांति सुनिश्चित करने के लिए तैनात किया गया है। बहरहाल, सुबह से ही पूरे राज्य में रामनवमी की शोभायात्राओं की धूम देखी है और बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर इस उत्सव को मनाने के लिए उतरे। मालूम हो कि पहली बार राज्य सरकार ने रामनवमी पर अवकाश की घोषणा की थी।

सेंट्रल फोर्स भी पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाये रखने में जुटी

ममता बनर्जी ने कई सभाओं में रामनवमी के मौके पर हिंसा भड़कने की आशंका जताई थी

पूर्वी दिल्ली में डबल मर्डर से सनसनी

एजेंसी। नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में बुधवार सुबह 30 साल की एक स्कूल टीचर और उसके 17 वर्षीय भाई की कथित तौर पर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान शकरपुर निवासी कमलेश होलकर (30) और उनके छोटे भाई उत्तर प्रदेश के मथुरा निवासी राम प्रताप सिंह के रूप में हुई है। पुलिस को सुबह 10:11 बजे कॉल मिली कि शकरपुर की गली नंबर तीन में कुछ झगड़ा हुआ है। एक टीम को मौके पर भेजा गया। मौके पर पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि ये डबल मर्डर का मामला है। कमलेश और उसका भाई मृत पाए गए। पुलिस डिप्टी कमिश्नर अपूर्वा गुप्ता ने कहा, कमलेश यूपी के साहिबाबाद में एक स्कूल शिक्षक के रूप में काम करती थी और उसका भाई राम प्रताप सिंह 12वीं कक्षा में पढ़ता था। राम प्रताप 14 अप्रैल को अपने भतीजे का जन्मदिन मनाने के लिए अपनी बहन के घर आया था। मृतकों के परिवार को सूचित कर दिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि कमलेश और उसके पति श्रीयांश कुमार (33) के बीच झगड़ा हुआ था, जिसके बाद वह घर से गायब पाया गया। डीसीपी ने कहा, बाद में श्रीयांश कुमार जांच में शामिल हुए। इस्तेमाल किया गया हथियार पेचकस अपराध स्थल के पास पाया गया। आगे की जांच चल रही है।

अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस हाइवे पर भीषण सड़क हादसा, 10 की मौत

टैंकर में पीछे से टकराई कार, हादसे में कार के परखच्चे उड़े

एजेंसी। नडियाद (गुजरात)

अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस हाइवे पर नडियाद के समीप भीषण सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। एक्सप्रेस वे पर टैंकर के पीछे तेज रफ्तार में आ रही कार सीधे टैंकर के पीछे जा टकराई। यह कार वडोदरा से अहमदाबाद की ओर जा रही थी। नडियाद के समीप अपने से आगे जा रहे टैंकर से कार तेज रफ्तार में जा टकराई। इसके बाद पूरा हाइवे चीख-पुकार से गूंज उठा। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस समेत फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वे हाइवे के समीप थे, इसी दौरान

जोरदार आवाज सुनकर सभी घटनास्थल पर पहुंच गए। यहां एक टैंकर के पीछे कार अंदर जा घुसी थी। क्रेन बुलाकर किसी तरह कार को बाहर निकाला गया। कार से 10 लोगों को बाहर निकाला गया। इसमें 8 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। बाकी दो लोगों को हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। पुलिस मृतकों की पहचान के लिए उनके पास से मिले आधार कार्ड के जरिए जांच कर रही है।

एक नजर

तमिलनाडु के विधायक और पूर्व अन्नाद्रमुक मंत्री जयारमन अस्पताल में भर्ती

चेन्नई। अन्नाद्रमुक नेता और दिवंगत जे. जयललिता सरकार में मंत्री रहे पोलाची वी. जयरामन (71) को बुधवार को बेहोश होने के बाद कोयंबटूर के एक निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। पोलाची विधानसभा क्षेत्र से मौजूदा विधायक जयरामन का इलाज कर रहे डॉक्टरों ने आईएएनएस को बताया कि उनकी हालत फिलहाल स्थिर है, हालांकि वह कुछ और दिनों तक अस्पताल में उपचाराधीन रहेंगे।

जलगांव में केमिकल फैक्ट्री में ब्लास्ट, कई घायल

मुंबई। महाराष्ट्र के जलगांव में एक केमिकल फैक्ट्री में धमाका हुआ है, जिसमें कई मजदूर घायल हो गए। कुछ लोग अभी भी फंसे हुए हैं। केमिकल फैक्ट्री में पहले धमाका हुआ, इसके बाद पूरी फैक्ट्री में आग लग गई। जानकारी के मुताबिक, 15 लोग बुरी तरह से घायल हो गए हैं।

अंडमान द्वीप समूह में महसूस किए गए भूकंप के झटके

नई दिल्ली। अंडमान निकोबार द्वीप समूह में बुधवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.8 मापी गई है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के मुताबिक, बुधवार सुबह 4:31 बजे भूकंप आया, जो 35 किमी की गहराई में था। इससे पहले रात 12:18 बजे उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में 2.8 तीव्रता का भूकंप आया।

पिता व तीन बहनों ने मजदूरी करके पढ़ाया, पवन बना आईएएस

-आरपी सिंह। नई दिल्ली

एक गरीब व मजदूर के घर पैदा हुए पवन आईएएस बनकर चर्चा में आ गये हैं। बुलंदशहर के रघुनाथपुर गांव के रहने वाले मजदूर मुकेश के बेटे हैं पवन। मुकेश ने मजदूरी करके बेटे को बड़ी मुश्किल से पढ़ाया है। पवन की तीन बहनें हैं, वह अकेला भाई है। मुकेश ने मजदूरी कर अपने बेटे को पहले प्राथमिक शिक्षा गांव के ही स्कूल से दिलाई, उसके बाद बुलंदशहर के जवाहर नवोदय विद्यालय बुकलाना में 12वीं तक की शिक्षा दिलाई। मुकेश का कहना है कि पैसा नहीं था, लेकिन पवन की पढ़ाई की लगन को देखकर हिम्मत नहीं हारी। उसे पढ़ाने के लिए उसकी बहनें व परिवार के लोग मेहनत मजदूरी करके हर तरह से मदद करते रहे। हालत यह है कि पढ़ते समय जब पवन को मोबाइल की जरूरत पड़ी, तो उसके पिताजी व तीन बहनों ने मेहनत मजदूरी कर 3200 रुपए जुटाया और एक पुराना एंड्रॉयड मोबाइल फोन खरीदकर दिया , जिससे वह पढ़ाई करता था। आज भी हालत यह है कि पवन के घर पर छत नहीं है। वह एक छप्पर के नीचे पढ़कर यहां तक पहुंचा है। घर की हालत यह है कि लकड़ी के चूल्हा पर खाना बनता है। उज्ज्वला योजना वाला गैस कनेक्शन है तो, लेकिन इतना महंगा गैस सिलेंडर भरवाने के लिए पैसा नहीं हैं। इस पूरे परिप्रेक्ष्य में देखा जा सकता है कि पवन का एडमिशन यदि जवाहर नवोदय विद्यालय में नहीं हुआ होता, तो संभवतः वह आईएएस नहीं बन पाता। गरीबों या कम सुविधा व पैसे वालों के लिए यदि बेहतर शिक्षा देने वाले सस्ते सरकारी स्कूल हर जगह हो जाएँ तो बहुत से गरीब परिवारों के बच्चों की ज़िन्दगी संवर जाएगी। लेकिन हालत यह है कि गाँवों में राज्य सरकारों के जो प्राइमरी स्कूल हैं उनमें ज्यादातर की जो हालत है सबके सामने है। दूसरी तरफ जो केन्द्रीय विद्यालय हैं, वे केवल केन्द्रीय सरकारी कर्मियों के बच्चों के लिए हैं। कुछ सीटों पर गैर सरकारी लोगों के बच्चों का भी एडमिशन होता है, लेकिन अब तो हर कक्षा में सीटों की संख्या 40 से घटाकर 32करने का फरमान जारी हो गया है। यह होने से महंगी फीस वाले उन प्राइवेट स्कूलों की और चांदी हो जाएगी जिसके मालिक बड़े व्यवसाई, बिल्डर, नेता, बड़े अफसर आदि हैं। ऐसे में गरीब के बच्चे कैसे अच्छी शिक्षा पाएंगे और आगे बढ़ेंगे? बेहतर शिक्षा नहीं मिलेगी तो वे अधकचरे ज्ञान वाले मजदूर बनेंगे। जिनको किसी तरह से जीने, रहने लायक ही मजदूरी मिलेगी। न कोई सुविधा, न पीएफ,न दवा,न पेंशन आदि।

मैं लोगों के हित लिए काम करता हूं, जिसको वोट देना है दे, जातिवाद, सांप्रदायिकता नहीं करूंगा : गडकरी

-ब्यूरो। नई दिल्ली

जिस पार्टी में देखिए उसमें परिवारवाद पसरा हुआ है। जो दूसरे पर आरोप लगाती हुई सुचिता की जननी बनती रही है, वह तो अन्य दलों के खानदान चिरागों को अपने साथ जोड़कर या अपने में समाहित करा और भी परिवारवादी होती जा रही है। इस माहौल में नागपुर लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अपने क्षेत्र में प्रचार करते समय एक जनसभा में कहा - मुझे यह चिंता नहीं है कि मेरे लड़कों को रोजगार कैसे मिले। मेरा कोई लड़का राजनीति में नहीं है। मैंने उनको कहा है कि मेरे पुण्य का उपयोग करके तुम राजनीति में मत जाओ। तुमको राजनीति में जाना है तो पोस्टर चिपकाओं, दीवारों पर रंग लगाओ और लोगों के बीच जाओ। गडकरी ने कहा कि मेरे किए हुए काम पर यदि किसी का अधिकार है तो वो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का अधिकार है। यह मैंने तय किया है। गडकरी ने कहा कि नागपुर शहर मेरा परिवार है। आप सब मेरे हैं और मैं आपका हूं। गडकरी ने इस दौरान अपनी मां की भी जिक्र किया। गडकरी ने कहा कि मेरी मां ने मुझे बताया था कि तुम दिव्यांग, कैंसर मरीज, हार्ट मरीज की सेवा करते रहो, तुमको कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले मैंने 90 ट्राई साइकिल दिव्यांगों को दी। जब मैं इस

मेरा कोई लड़का राजनीति में नहीं है, मैंने उनको कहा है कि मेरे पुण्य का उपयोग करके तुम राजनीति में मत जाओ। तुमको राजनीति में जाना है तो पोस्टर चिपकाओ, दीवारों पर रंग लगाओ और लोगों के बीच जाओ

दौरान उनको गुलाब का फूल दे रहा था उनकी आंखों में आंसू थे। 350 लोगों को पैर लगाकर दिए हैं, वो फुटबॉल खेलने लगे, बुलेट चलाने लगे। मैंने अपने मन में कहा कि सब कुछ मिल गया। नितिन गडकरी ने कहा कि मैं लोगों के हित लिए काम करता हूं। उसके बावजूद जिसको वोट देना है दे, लेकिन मैं जातिवाद, सांप्रदायिकता नहीं करूंगा। सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास है उसी के अनुसार चलूंगा। गडकरी ने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि मैं इस चुनाव में निश्चित रूप से पांच लाख से ज्यादा वोटों से जीतूंगा। गडकरी ने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि जब मैं पार्टी के लिए प्रचार-प्रसार करता था तो दीवारों पर चूना लगाकर लिखता था, क्योंकि मेरी हैंड राइटिंग खराब थी। मालूम हो कि महाराष्ट्र में पहले चरण में विदर्भ की 10 में से पांच सीटों पर मतदान होना है। इनमें चार पर भाजपा-कांग्रेस का सीधा मुकाबला है। पिछले चुनाव में महाराष्ट्र की 48 में से 23 सीटें भाजपा जीती थी।जहां तक नागपुर संसदीय सीट का सवाल है तो कांग्रेस ने भाजपा के नीतीश गडकरी के मुकाबले में नागपुर विधानसभा के विधायक विकास ठाकरे को टिकट दिया है। यहां पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा।

यूएन का अनुमान : भारत की आबादी 144 करोड़ पहुंची

इनमें 0-14 आयु वर्ग की संख्या 24 प्रतिशत, 65 की उम्र से ज्यादा 7 प्रतिशत लोग

एजेंसी। नई दिल्ली

यूएनएफपीए की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की जनसंख्या 144 करोड़ तक पहुंच गई है, जिसमें 0-14 आयु वर्ग वाले 24 फीसदी है। 2011 में हुई पिछली जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या 121 करोड़ थी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि प्रसव के दौरान होने वाली मौतों में गिरावट हुई है।

रिपोर्ट में बताया गया कि भारत की जनसंख्या में 0-14 आयु वर्ग वाले 24 फीसदी, जबकि 10-19 आयु वर्ग वाले 17 प्रतिशत है। भारत की जनसंख्या में 10-24 आयु वर्ग वाले 68 प्रतिशत, जबकि 65 और उससे अधिक उम्र वाले सात प्रतिशत लोग शामिल हैं। पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 71 और महिलाओं की 74 वर्ष है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 30 साल में यौन और प्रजनन स्वास्थ्य में जो प्रगति हुई है, उसमें दुनियाभर के सबसे पिछड़े समुदायों को ज्यादातर नजरअंदाज ही किया गया है। इसके अलावा बताया गया कि भारत में 2006 से 2023 के बीच बाल विवाह का प्रतिशत 23 था।

प्रसव के दौरान होने वाली मौतों में गिरावट

भारत में प्रसव के दौरान होने वाली मौतों में गिरावट देखने को मिली है। पीएलओएस ग्लोबल पब्लिक हेल्थ के रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया गया कि 640 जिलों में प्रसव के दौरान होने वाली मौतों के अनुपात में 100,000 जीवित जन्मों में 70 से भी कम है। वहीं 114 जिलों में यह अनुपात 210 से ज्यादा है। रिपोर्ट में कहा गया, दिव्यांग महिलाओं और लड़कियों, शरणार्थियों, जतीय अल्पसंख्यकों, समलैंगिग समुदाय के लोगों, एचआईवी से पीड़ित और वंचित जातियों को सबसे ज्यादा यौन और प्रजनन स्वास्थ्य जोखिमों का सामना करना पड़ता है।

दलित कार्यकर्ताओं ने दिए महिलाओं की सुरक्षा को लेकर तर्क

भारत में दलित कार्यकर्ताओं ने शिक्षा के क्षेत्र और कार्यस्थलों में जाति आधारित भेदभाव का सामना करने वाली महिलाओं के लिए कानूनी सुरक्षा को लेकर तर्क दिया है। उन्होंने बताया कि कुछ परिवार बिलकुल ही गरीब रह जाएंगे। वे अपने परिवार का भरन पोषण नहीं कर पाएंगे और अपने बच्चों को गरीबी से नहीं निकाल पाएंगे। इससे वे एक ऐसे चक्र में योगदान देंगे जो खराब यौन और प्रजनन स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। लगभग आधी दलित महिलाओं को प्रसव से पहले देखभाल नहीं किया जाता है। रिपोर्ट में बताया गया कि प्रतिदिन 800 से अधिक महिलाओं की प्रसव के दौरान मौत हो जाती है। एक चौथाई महिलाएं अपने पार्टनर के साथ यौन संबंध बनाने से इनकार नहीं कर पाती है। दस में से एक महिला अपना निर्णय खुद नहीं ले पाती है।

म्यांमार की सैन्य सरकार ने आंग सान सू की को जेल से बाहर लाकर किया नजरबंद

बैंकॉक। म्यांमार की जेल में बंद मानवाधिकार कार्यकर्ता और नोबेल पुरस्कार विजेता आंग सान सू की को सैन्य सरकार ने देश में भीषण गर्मी और हीटवेव के कारण जेल से बाहर लाने के बाद नजरबंद कर दिया है। हालांकि, उन्हें नजरबंद किये जाने की जगह का खुलासा नहीं किया गया है। सेना (जुंटा) के प्रवक्ता मेजर जनरल जॉ ने बताया कि पूर्व नेता आंग सान सू की को गर्मी के कारण स्वास्थ्य उपाय के तौर पर जेल से बाहर लाकर नजरबंद किया गया है। 78 वर्षीय सू की को उनकी अपदस्थ सरकार के 72 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति विन म्यिंट को अन्य बुजुर्ग कैदियों के साथ जेल से बाहर लाया गया।